@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
शुक्रवार, 25 अक्टूबर 2024

VISIT: www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 17 अंक 350 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## सपा के निशान पर सभी 9 सीटों पर चुनाव लड़ेगा इंडिया गठबंधन,

लखनऊ, 24 अक्टूबर। कांग्रेस विधानसभा उपचुनाव में अपने प्रत्याशी नहीं उतारेगी। इंडिया गठबंधन के संयुक्त प्रत्याशी सपा के चुनाव चिन्ह पर मैदान में उतरेंगे। इसकी जानकारी सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार की देर रात सोशल मीडिया के माध्यम से दी। सपा सूत्रों के मुताबिक, बुधवार को देर रात सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बीच फोन पर वार्ता



हुई। सपा ने उपचुनाव में कांग्रेस को गाजियाबाद और खैर सीट दी थी, लेकिन कांग्रेस 5 सीटों पर लड़ने के लिए अ?ी हुई थी। हालांकि, अखिलेश यादव मंगलवार को कांग्रेस को एक और सीट फूलपुर देने के लिए तैयार हो गए थे। लेकिन, बताते हैं कि राहुल और अखिलेश की वार्ता के बाद कांग्रेस के सिंबल पर प्रत्याशी न उतारने का फैसला किया गया। यहां बता दें की हरियाणा के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और सपा के बीच सीटों को लेकर बात नहीं बनी थी। इस पर सपा ने भी हरियाणा में अपने प्रत्याशी नहीं उतारे थे। यह तब अखिलेश और राहुल की वार्ता से ही संभव हो सका था। अब हरियाणा की तर्ज पर ही यूपी में कांग्रेस प्रत्याशी नहीं उतार रही है। अखिलेश यादव ने राहुल से फोन पर वार्ता के बाद अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर देररात स्थिति स्पष्ट करते हुए लिखा- बात सीट की नहीं जीत की है।' इस रणनीति के तहत 'इंडिया गठबंधन' के संयुक्त प्रत्याशी सभी 9 सीटों पर समाजवादी पार्टी के चुनाव चिन्ह 'साइकिल' के निशान पर चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी एक बड़ी जीत के लिए एकजुट होकर, कंधे से कंधा मिलाकर साथ ख? हैं।

# संघर्षों और तनावों को प्रभावी ढंग से सुलझाना आज की जरूरत: एस. जयशंकर

**सिम्मी कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 24 अक्टूबर। रूस के कजान शहर में ब्रिक्स प्लस प्रारूप में 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन को संबोधित हुए, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा, ब्रिक्स अपने आप में इस बात का बयान है कि पुरानी (विश्व) व्यवस्था कितनी गहराई से बदल रही है। साथ ही, अतीत की कई असमानताएं भी जारी हैं। वास्तव में, इसने नए रूप और अभिव्यक्तियां ग्रहण कर ली हैं। हम इसे विकासात्मक संसाधनों तक पहुंच और आधुनिक तकनीकों और दक्षताओं तक पहुंच में देखते हैं। आइए हम यह स्वीकार करें कि वैश्वीकरण के लाभ असमान रहे हैं। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने आगे कहा कि, हम एक अधिक न्यायसंगत वैश्विक व्यवस्था कैसे बना सकते हैं? सबसे पहले, स्वतंत्र प्रकृति के प्लेटफ़ॉर्म को मजबूत और विस्तारित करके और कई डोमेन में विकल्पों को व्यापक बनाकर और उन पर अनावश्यक निर्भरता को कम करके, जिनका लाभ उठाया जा सकता है। यह वास्तव में वह जगह है जहां ब्रिक्स वैश्विक दक्षिण के लिए एक अंतर बना सकता है। दूसरा, स्थापित संस्थानों और तंत्रों में सुधार करके, विशेष रूप से स्थायी और गैर-स्थायी श्रेणियों में




संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद। इसी तरह बहुपक्षीय विकास बैंक, जिनकी कार्य प्रक्रियाएं संयुक्त राष्ट्र की तरह ही पुरानी हैं। भारत ने अपने जी20 प्रेसीडेंसी के दौरान एक प्रयास शुरू किया और हमें यह देखकर खुशी हुई कि ब्राजील ने इसे आगे बढ़ाया। तीसरा, अधिक उत्पादन केंद्र बनाकर वैश्विक अर्थव्यवस्था का लोकतंत्रीकरण करके और चौथा, औपनिवेशिक युग से विरासत में मिली वैश्विक अवसंरचना में विकृतियों को ठीक करके। दुनिया को तत्काल अधिक कनेक्टिविटी विकल्पों की आवश्यकता है जो रसद को बढ़ाते हैं और जोखिमों को कम करते हैं। यह आम अच्छे के लिए एक सामूहिक प्रयास होना चाहिए, जिसमें क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता का अत्यधिक सम्मान हो। और पांचवां, अनुभवों और नई पहलों को साझा करके। इस दौरान विदेश मंत्री ने कहा, संघर्षों और तनावों को प्रभावी ढंग से सुलझाना आज की विशेष आवश्यकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया है कि यह युद्ध का युग नहीं है। विवादों और मतभेदों को बातचीत और कूटनीति से सुलझाया जाना चाहिए। एक बार समझौता हो जाने के बाद, उनका ईमानदारी से सम्मान किया जाना चाहिए। अंतर्राष्ट्रीय कानून का बिना किसी अपवाद के पालन किया जाना चाहिए और आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता होनी चाहिए। हमारे लिए मध्य पूर्व - पश्चिम एशिया की स्थिति एक समझ योग्य चिंता है। इस बात को लेकर व्यापक चिंता है कि संघर्ष इस क्षेत्र में और फैल जाएगा।

# शिमला में बनेगा विश्व का दूसरा सबसे लंबा रोपवे: मुकेश अग्निहोत्री

**नरेश मल्होत्रा**

शिमला, 24 अक्टूबर। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में विश्व के दूसरे और देश के सबसे लंबे(करीब 14 किलोमीटर) के रोपवे का निर्माण कार्य को जल्द शुरू किया जाएगा। राज्य सरकार ने रोपवे की पर्यावरण मंजूरी के लिए 20 करोड़ जारी कर दिए हैं। उप ममुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने गुरुवार को शिमला में आयोजित प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने के बाद शिमला रोपवे की डीपीआर बनाई गई। फॉरेन कंसल्टेंट हायर किया और करीब साढ़े 12 करोड़ खर्च किए। रोपवे का टेंडर दस्तावेज भी तैयार कर दिया है। इसकी पर्यावरण मंजूरी के लिए 20 करोड़ रुपये की राशि जारी कर दी है। मुकेश ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि डीपीआर भी नहीं बनी थी, लेकिन कई लोग सपने में रोपवे बनाकर चले गए। यह रोपवे शिमला के लिए संजीवनी साबित होगा। शहर में जाम से निजात मिलेगी। विश्व में इससे बड़ा रोपवे सिर्फ बोलीविया में ही है, लेकिन भारत का यह एक सबसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है। इसमें 660 ट्रॉली लगेंगी। एक घंटे में छह हजार लोग यात्रा कर सकेंगे। 13 स्टेशन बनेंगे, जहां ट्रॉली विभिन्न लाइनों पर रुकेंगी। तारादेवी से शुरू होकर रोपवे पूरे शिमला को कवर करेगा। तारादेवी, चक्कर, टुटीकंडी, 103 टनल, आईएसबीटी, विक्ट्री टनल, आईजीएमसी, संजौली, नवबहार व राज्य सचिवालय में स्टेशन बनेंगे। मुकेश ने कहा कि रोपवे हिमाचल का भविष्य है। ऑस्ट्रिया में 25 हजार रोपवे हैं। प्रदेश व केंद्र सरकार शिमला रोपवे प्रोजेक्ट के लिए गंभीर है। केंद्र ने भी इस प्रोजेक्ट में मदद की है। प्रोजेक्ट को दो चरणों में पूरा किया जाएगा। पहला चरण हमारी सरकार में निश्चित तौर पर पूरा होगा। रोहतांग रोपवे प्रोजेक्ट भी जल्द आकार होगा। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि अगला रोपवे परवाणू-शिमला का होगा। इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट की लंबाई 39 किलोमीटर होगी। इसमें छह स्टेशन होंगे। रोपवे कारपोरेशन इस पर काम कर रहा है। मुकेश ने कहा कि सरकार की पहली प्राथमिकता शिमला रोपवे को सफलतापूर्वक शुरू करना है। इस पर करीब 1,734 करोड़ रुपये खर्च होंगे। रोपवे प्रोजेक्ट के लिए 80 फीसदी राशि एनडीबी बतौर ऋण देगा। 20 फीसदी की राशि प्रदेश सरकार खर्च करेगी। रोपवे का किराया बस का ही होगा। मंदिरों के रोपवे प्रोजेक्टों पर भी काम किया जा रहा है। रोपवे में सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण होती है। देसी लाइनों पर रोपवे नहीं लगेंगे। विश्वस्तरीय मानकों पर रोपवे लगाए जाएंगे। मुकेश अग्निहोत्री ने कांग्रेस सरकार की ओर से रेललाइन के लिए पैसे नहीं देने के आरोपों पर कहा कि रेलवे के दो प्रोजेक्ट भानुपल्ली-बिलासपुर-बैरी व चंडीगढ़-बद्दी



रेललाइन राज्य सरकार केंद्र सरकार के साथ मिलकर बना रही है। तलवाड़ा वाली केंद्र सरकार बना रही है, प्रदेश सरकार जमीन दे रहा है। भानुपल्ली-बिलासपुर-बैरी रेललाइन की लंबाई 63.1 किलोमीटर है। इसमें हिमाचल का 49.92 किलोमीटर क्षेत्र है। जब रेललाइन तय हुई थी तब इसकी लागत 1047 करोड़ थी। इसमें हिमाचल को 25 फीसदी व केंद्र को 75 फीसदी हिस्सा वहन करना था। प्रदेश का हिस्सा 261 करोड़ बनता था व केंद्र का 785 करोड़। लेकिन बाद में कहा गया कि जमीन अधिग्रहण का 70 करोड़ ही केंद्र देना, बाकि पैसा राज्य सरकार देगी। इससे परियोजना लागत 6753 करोड़ हो गई और राज्य का हिस्सा 2583 करोड़ हो गया। राज्य का हिस्सा 18 गुना अधिक हो गया। अब एक हजार करोड़ की रेललाइन 10 हजार करोड़ की हो गई। मुकेश ने कहा कि पूर्व राज्य सरकार ने रेलवे को 511 करोड़ व वर्तमान कांग्रेस सरकार ने 336 करोड़ दिए। मुकेश ने कहा कि बिलासपुर से बैरी तक रेललाइन का एक कारखानेदार को फायदा होगा। हिमाचल को 1400 करोड़ की जमीन अधिग्रहण करनी होगी। हमने कहा कि बिलासपुर तक रेललाइन बनाई जाए। इससे आगे लेह तक बनने वाली रेललाइन को डिफेंस प्रोजेक्ट घोषित किया जाए और इसका पूरा खर्चा केंद्र सरकार उठाए। इस संबंध में जल्द केंद्रीय रेलमंत्री से मिलेंगे। क्योंकि यह रेललाइन सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। 28.2 लंबी में चंडीगढ़-बद्दी रेललाइन में हिमाचल का क्षेत्र 3.4 किमी आता है। इसकी लागत 1540 करोड़ हैं। 50 फीसदी पैसा केंद्र व 50 फीसदी राज्य सरकार को देना है। राज्य सरकार इसमें अब तक 223 करोड़ दे चुकी है। 179 पूर्व सरकार में दिया। वर्तमान सरकार में 44.25 करोड़ दिया।

## चुनाव से पहले शरद पवार को सुप्रीम कोर्ट से झटका

नई दिल्ली, 24 अक्टूबर। सुप्रीम कोर्ट से गुरुवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के संस्थापक शरद पवार को बड़ा झटका लगा। दरअसल, कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) का घड़ी चिह्न अजित पवार के पास ही रहेगा। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले यह फैसला आया है। हालांकि कोर्ट ने कहा कि अजित पवार गुट को उसके पहले के आदेश का पलन करते हुए चुनाव प्रचार के दौरान डिस्क्लेमर जोड़ना होगा, जिसमें यह स्पष्ट किया जाएगा कि मामले पर अभी अंतिम फैसला नहीं लिया





गया है। जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस उज्जल भइयां की पीठ ने कहा, अगर हमें लगेगा कि जानबूझकर हमारे आदेश का उल्लंघन किया जा रहा है, तो हम खुद ही अवमानना की कार्यवाही शुरू कर सकते हैं। शरद पवार गुट की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का यह अस्थायी फैसला आया है। शरद पवार गुट ने चुनाव आयोग के उस फैसले को चुनौती थी, जिसमें पार्टी का नाम और चिह्न अजित पवार गुट को दे दिया गया था। इस बार, शरद पवार ने सुप्रीम कोर्ट में शिकायत की थी कि अजित पवार गुट ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन किया है और कोई डिस्क्लेमर नहीं जोड़ा, जिससे मतदाताओं में असमंजस पैदा हुई। इसके बाद कोर्ट ने अजित पवार गुट को नोटिस जारी किया। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन जजों की पीठ ने उप मुख्यमंत्री अजित पवार और अन्य को नोटिस जारी कर याचिका पर जवाब देने को कहा है।

## महा विकास अघाड़ी के घटक दलों के बीच हो सकती है सीट की अदला-बदली: संजय राउत

**कौमी संवाददाता**

मुंबई, 24 अक्टूबर। शिवसेना नेता संजय राउत ने गुरुवार को संकेत दिया कि महा विकास आघाड़ी (एमवीए) के सहयोगी दल आपस में कुछ सीट की अदला-बदली कर सकते हैं। राउत ने यह बात महाराष्ट्र में विपक्षी गठबंधन एमवीए द्वारा तीनों घटक दलों को 85-85 सीट दिये जाने के फार्मूले की घोषणा के एक दिन बाद कही। उन्होंने यह भी कहा कि बुधवार को उनकी पार्टी द्वारा घोषित उम्मीदवारों की सूची में 'कुछ सुधार' हो सकते हैं। कई दिनों के गतिरोध के बाद कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद्र पवार) और शिवसेना (यूबीटी) से मिलकर बने महा विकास आघाड़ी (एमवीए) ने बुधवार को 288 सदस्यीय राज्य विधानसभा के लिए 85-85 सीट पर चुनाव लड़ने की घोषणा की, जबकि अंतिम समझौते पर मुहर लगाने के लिए विचार-विमर्श अभी भी जारी है। तीनों सहयोगी दल शेष 33 सीट



आपस में तथा छोटे दलों के बीच बांटने पर चर्चा कर रहे हैं। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) ने बुधवार को राज्य विधानसभा चुनाव के लिए 65 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की। राउत ने आज कहा, 'सीट की अदला-बदली हो सकती है।' उन्होंने कहा कि उम्मीदवार चुनने में योग्यता और जीतने की संभावना मुख्य कारक होंगे। राउत ने कहा, 'एक या दो स्थानों पर सीट की अदला-बदली हो सकती है। कुछ स्थानों पर उम्मीदवारों को अंतिम समय में बदलना पड़ता है। मुझे नहीं लगता कि इससे आगे कुछ बड़ा हो सकता है। तीनों दल 85-85-85 (फॉर्मूले) पर सहमत हो गए हैं। राउत ने कहा कि शेष सीट पर निर्णय बृहस्पतिवार शाम तक लिया जाएगा। राज्यसभा सदस्य राउत ने यह भी संकेत दिया कि उनकी पार्टी 100 सीट पर चुनाव लड़ सकती है। राउत ने क्रिकेट मैच के साथ तुलना करते हुए कहा, 'हम शतक बनाने के करीब पहुंच गए हैं। हम दो-तीन छक्के लगाएंगे। हमने 85 रन बनाए हैं और मैच अभी भी जारी है। हम शेष रन बना लेंगे।' राज्य विधानसभा चुनाव 20 नवंबर को होंगे और मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी। इस बीच, महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने बताया कि महा विकास अघाड़ी में सीट बंटवारे की अंतिम घोषणा शुक्रवार सुबह की जाएगी। उन्होंने कहा कि पार्टी ने पहले ही उन उम्मीदवारों से नामांकन पत्र भरने के लिए कह दिया है, जिनका विधानसभा चुनाव के लिए टिकट हासिल करना तय है। पटोले ने पत्रकारों से कहा, अंतिम सीट बंटवारे की घोषणा आज शाम या कल सुबह होगी।पटोले से जब पूछा गया कि कांग्रेस कार्यकर्ता उन्हें पार्टी के मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार मानते हैं, तो उन्होंने कहा कि हमारा पहला काम एमवीए को सत्ता में लाना है। उन्होंने आगे कहा, मुख्यमंत्री के पद पर फैसला हाई कमान द्वारा लिया जाएगा।


## बसपा ने यूपी उपचुनाव के लिए आठ उम्मीदवारों की सूची जारी की

लखनऊ, 24 अक्टूबर। बहुजन समाज पार्टी ने बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश में नौ सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए आठ प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। बसपा ने अंबेडकरनगर की कटेहरी सीट से अमित वर्मा, प्रयागराज की फूलपुर सीट से जितेंद्र कुमार सिंह को, मुजफ्फरनगर के मीरापुर से शाहनजर को, कानपुर नगर की सीसामऊ सीट से वीरेंद्र कुमार शुक्ला को प्रत्याशी बनाया है। इसी तरह मैनपुरी की करहल सीट से डॉ. अवनीश कुमार शाक्य को, मुरादाबाद की कुंदरकी से रफतउल्ला उर्फ नेता छिद्दा को, गाजियाबाद सीट पर परमानंद गर्ग और मिर्जापुर की मंझवा सीट पर दीपक तिवारी को उम्मीदवार बनाया है। एक सीट पर प्रत्याशी की घोषणा अभी नहीं की गई है। कटेहरी उपचुनाव में बसपा प्रत्याशी अमित वर्मा ने भी मंगलवार को ही नामांकन दाखिल कर दिया था। कटेहरी से 2012 में कांग्रेस से चुनाव लड़ चुके अमित इस बार बसपा से मैदान में हैं। नामांकन दाखिल करने के बाद बसपा प्रत्याशी ने कहा था कि उपचुनाव में बसपा की जीत तय है। बीजेपी प्रत्याशी ही घोषित नहीं कर पा रही है तो सपा में अंतर्कलह है। हरियाणा में हुए विधानसभा चुनाव के परिणाम के बाद बसपा सुप्रीमो मायावती ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि पार्टी अब किसी के साथ गठबंधन नहीं करेगी। उन्होंने कहा था कि सभी राज्यों में और उपचुनाव में बसपा अकेले ही चुनाव लड़ेगी। मायावती ने कहा था कि गठबंधन में बसपा का वोट तो ट्रांसफर हो जाता है पर अन्य दलों का वोट नहीं मिल पाता है।

# एक ही दिन 80 से ज्यादा भारतीय उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी

**सौरभ शर्मा**

नई दिल्ली, 24 अक्टूबर। विमानों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने की सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बृहस्पतिवार को एक बार फिर से 85 विमानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इनमें एअर इंडिया के 20 विमान, इंडिगो एयरलाइन के 20, विस्तारा एयरलाइन के 20 और अकासा एयरलाइन की 25 उड़ानें शामिल हैं। पिछले 11 दिनों में इंडियन एयरलाइंस की 250 उड़ानों को इस तरह की धमकियां मिली हैं। पिछले कई दिनों से लगातार विमानों को बम से उड़ानें की धमकियां मिल रही है। बृहस्पतिवार को एक बार फिर से 85 उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। जिसमें एअर इंडिया, अकासा, इंडिगो की उड़ानें शामिल हैं। पुलिस ने मिली इन धमकियों की जांच शुरू कर दी है। दिल्ली पुलिस ने पिछले आठ दिनों में 90 से ज्यादा घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी के संबंध में आठ अलग-अलग एफआईआर दर्ज की हैं। जिसे लेकर पुलिस ने कई लोगों को भी गिरफ्तार किया है। यही नहीं डीजीसीए की ओर से भी लगातार सामने आ रही इस तरह की घटनाओं को लेकर दिशा निर्देश जारी किए गए है। अकासा एयर के प्रवक्ता ने कहा कि आज उनकी कुछ उड़ानों को सुरक्षा अलर्ट मिला है। प्रवक्ता ने कहा, अकासा एयर की आपताकालीन प्रतिक्रिया टीमें स्थिति की निगरानी कर रही हैं और



सुरक्षा व नियामक अधिकारियों के साथ संपर्क में हैं। हम स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय में सुरक्षा और सुरक्षा प्रक्रियाओं का पालन कर रहे हैं। वहीं, एयर इंडिया के एक अधिकारी ने कहा, एयर इंडिया की कुछ उड़ानों को आज सोशल मीडिया पर सुरक्षा खतरों का सामना करना पड़ा। तय प्रोटोकॉल के अनुसार संबंधित अधिकारियों को तुरंत सूचित किया गया और सभी सुरक्षा प्रक्रियाओं का सख्ती से पालन किया गया। सुरक्षा और हमारे यात्रियों, चालक दल और विमानों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके अलावा गोवा के दोनों एयरपोर्ट को विमानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। बम की आशंका के चलते दोनों हवाई अड्डों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। खतरों का आकलन करने के लिए दोनों हवाई अड्डों के लिए बम खतरा आकलन समिति (बीटीएसी) का गठन किया गया है। हवाई अड्डे के सूत्रों ने बताया कि गोवा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और मनोहर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को हाई अलर्ट पर रखा गया था, क्योंकि हवाई अड्डों के लिए जाने वाले चार विमानों को बम की धमकी मिली थी। खतरों का आकलन करने के लिए दोनों हवाई अड्डों के लिए एक समिति का गठन किया गया है। इस हफ्ते विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने कहा था कि सरकार उड़ानों को बम की धमकियों के मामलों से निपटने के लिए कानूनी कार्रवाई की योजना बना रही है, जिसमें ऐसे धमकी देने वालों को नो-फ्लाई लिस्ट में डालना भी शामिल है।

# प्रियंका के नामांकन के दौरान खरगे को कमरे से निकाला: मुख्यमंत्री सरमा

**तेजिन्दर कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 24 अक्टूबर। प्रियंका गांधी ने बुधवार को केरल की वायनाड लोकसभा सीट से उपचुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया। इस दौरान कुछ ऐसा हुआ, जिसे लेकर भाजपा ने कांग्रेस पर दलित विरोधी होने का आरोप लगाया है। वहीं कांग्रेस ने भी भाजपा पर पलटवार किया है और इस मुद्दे को भाजपा की साजिश करार दिया। दरअसल भाजपा ने अपने सोशल मीडिया पर हैंडल पर एक वीडियो जारी की है। जिसमें पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कमरे के बाहर इंतजार करते दिखाई दे रहे हैं। इस वीडियो के कैप्शन में भाजपा ने लिखा कि आज जिस तरह से मल्लिकार्जुन खरगे जी को प्रियंका वाड्रा के नामांकन के समय कमरे से बाहर रखा गया, ठीक उसी तरह राहुल गांधी आरक्षण हटाने के बाद दलित समाज के लोगों को सम्मान और अवसरों से वंचित रखेंगे। अगर गांधी परिवार खरगे जी को ऐसे अपमानित कर सकता है तो दलित समाज के प्रति इनके मन में कितनी घृणा होगी, ये समझा जा सकता है। भाजपा नेता और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने भी इसे लेकर



कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि हमने दलितों की कांग्रेस में स्थिति दिखाई है। बाहर से राहुल गांधी दिखाते हैं कि कांग्रेस पार्टी दलितों का समर्थन करती है और उन्हें बराबर के अधिकार देती है, लेकिन अंदर से दलितों का अपमान किया जाता है। मल्लिकार्जुन खरगे के साथ जो हुआ, उसके बाद कहने के लिए कुछ नहीं रह गया है। कांग्रेस बेनकाब हो गई है। कांग्रेस पार्टी में दलितों का अपमान किया जाता है और उन्हें तीसरे दर्जे का नागरिक माना जाता है और छुआछूत भी की जाती है। भाजपा के आरोपों पर कांग्रेस ने पलटवार किया है। कांग्रेस नेता प्रणव झा ने कहा कि ये बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि जो लोग बीते 10 वर्षों से सत्ता में हैं, वो सरकार और उसके मंत्री अभी भी झूठ और भ्रम फैला रहे हैं। वायनाड में जिलाधिकारी ने कहा था कि नियमों के तहत पांच से ज्यादा लोग कमरे में नहीं रह सकते। उस दौरान लोग कमरे से बाहर गए और उनमें कांग्रेस अध्यक्ष भी थे। उन्होंने पूरे धैर्य से बाहर इंतजार किया, जैसा आप वीडियो में देख सकते हैं। कुछ समय बाद मल्लिकार्जुन खरगे और केसी वेणुगोपाल दोनों कमरे में आ गए थे, लेकिन भाजपा ने कांग्रेस को बदनाम करने और लोगों का असल मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए झूठ की साजिश रची।

## उत्तर महाराष्ट्र पर पकड़ बनाए रखना भाजपा के लिए चुनौती

मुंबई, 24 अक्टूबर। उत्तरी महाराष्ट्र प्रमुख कृषि प्रधान क्षेत्र हैं, जहां 47 विधानसभा सीटें हैं। यह लंबे समय से भाजपा का गढ़ रहा है। लेकिन अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनावों में इस क्षेत्र में अपनी पकड़ बनाए रखना भाजपा के लिए चुनौती हो सकता है। इस क्षेत्र में पांच जिले धुले, नंदुरबार, जलगांव, नासिक और अहिल्यानगर शामिल हैं, जो मध्य प्रदेश और गुजरात की सीमाओं के करीब हैं। 2019 के विधानसभा चुनावों में भाजपा ने इन 47 में से 16 सीटें जीती थीं। जबकि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने 13, कांग्रेस ने 7, शिवसेना (अविभाजित) ने 6, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने दो, निर्दलीय ने दो और क्रांतिकारी शेतकारी पक्ष ने एक सीट जीती थीं। हालांकि, पिछले चुनावों के बाद सियासी समीकरणों में बदलाव आया है। जून 2022 में शिवसेना और जुलाई 2023 में राकांपा विभाजित हो गईं। अब एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और अजित पवार की राकांपा भाजपा के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा हैं। इस साल के लोकसभा चुनावों में भाजपा को इस क्षेत्र में चार सीटें गंवानी पड़ी। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 20 नवंबर एक चरण में होगा। नतीजे 23 नवंबर को सामने आएंगे। राजनेताओं के मुताबिक, इस क्षेत्र में किसानों के मुद्दे, आरक्षण पर मराठा-अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) ध्रुवीकरण जैसे कारक महत्वपूर्ण हैं। कांग्रेस नेता राजाराम पंगव्हाणे ने कहा कि 1999 में अनुभवनी नेता शरद पवार के सबसे पुरानी पार्टी से बाहर निकलने और उनकी राकांपा के गठन के बाद से नासिक क्षेत्र में उनकी पार्टी कमजोर हो गई। उन्होंने कहा, हमें नासिक में चुनाव लड़ने के लिए कभी कोई सीट नहीं मिली। इस बार शिवसेना (यूबीटी)-राकांपा (शरदचंद्र पवार) बनाम भाजपा का मुकाबला होगा। लेकिन कांग्रेस नंदुरबार, धुले और अहिल्यानगर में चुनाव लड़ेगी।

## पाकिस्तान ने तुर्की में आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने तुर्की की राजधानी अंकारा में तुर्की एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज इंक (टीयूएसएएस) के उत्पादन संयंत्र पर हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, हम पीड़ितों के परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं। बयान में कहा गया है कि पाकिस्तान सरकार आतंकवाद के संकट से निपटने के तुर्की के प्रयासों के लिए अपने अटूट समर्थन की पुष्टि करती है और तुर्की के भाईचारे के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ी है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान को विश्वास है कि तुर्की राष्ट्र अपने विशिष्ट धैर्य और दृढ़ संकल्प के साथ आतंकवाद के खतरे को हरा देगा।

## जर्मनी में एमपॉक्स के नए वेरिएंट का पहला केस मिला

**बर्लिन ।** जर्मनी में एमपॉक्स वायरस के नए वेरिएंट क्लेड 1बी का पहला मामला सामने आया है। हालांकि इससे संबंधित किसी मौत की खबर नहीं है। देश के प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य प्राधिकरण रॉबर्ट कोच इंस्टीट्यूट (आरकेआई) ने यह जानकारी दी। रॉबर्ट कोच इंस्टीट्यूट (आरकेआई) ने मंगलवार को अपनी वेबसाइट बयान जारी किया। जिसमें कहा, ÷आरकेआई का वर्तमान आकलन है कि जर्मनी में आम लोगों के लिए इससे ग्रसित होने का जोखिम कम है। हालांकि, संस्थान स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है और यदि आवश्यक हुआ तो नवीनतम उपलब्ध जानकारी के आधार पर समय-समय पर आकलन किया जाता रहेगा। संस्थान ने आगे बताया कि मौजूदा जोखिम मूल्यांकन इस तथ्य पर आधारित है कि एमपॉक्स संक्रमण के लिए निकट शारीरिक संपर्क की आवश्यकता होती है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, संस्थान ने यह नहीं बताया कि संक्रमण की पहचान कब हुई और न ही मरीज जीरो की पहचान बताई। आरकेआई ने कहा कि वह मानता है कि इस समय बाजार में उपलब्ध टीके इस नए वेरियंट क्लेड 1 के विरुद्ध प्रभावी हैं।

## मस्जिद पर हवाई हमले में 31 की मौत

**खार्तूम ।** सूडान के गीजिरा राज्य की राजधानी वाद मदनी में एक मस्जिद को निशाना बनाकर किए गए हवाई हमले में कम से कम 31 लोग मारे गए। वाड मदनी प्रतिरोध समिति ने एक बयान में कहा, शाम की नमाज के बाद युद्धक विमानों ने अल इम्तिदाद इलाके में शेख अल जेली मस्जिद और उसके आसपास के इलाकों पर विस्फोटकों से बमबारी की। समिति ने कहा कि 15 मृतकों की पहचान कर ली गई है, जबकि दर्जनों अज्ञात शवों की गिनती अभी भी की जा रही है। समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, अब तक इस घटना पर किसी भी पक्ष की ओर से कोई टिप्पणी सामने नहीं आई है। उल्लेखनीय है कि सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) के वाड मदनी से हटने के बाद अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) ने दिसंबर 2023 में गीजिरा राज्य पर नियंत्रण कर लिया था। सूडान अप्रैल 2023 के मध्य से एसएएफ और आरएसएफ के बीच घातक संघर्ष से तबाह हो गया है। हाल ही में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, इस संघर्ष के कारण 24,850 से अधिक लोग मारे गए हैं।

## उत्तर कोरिया बढ़ाएगा परमाणु और युद्ध प्रतिरोधक क्षमता

**सियोल ।** उत्तर कोरिया के तानाशाह ने एक बार फिर अपने जंगी साजो सामान में बढ़ोतरी का फैसला किया है । तानाशाह किम जोंग-उन ने देश की परमाणु क्षमता और युद्ध प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने की बात कही है। यह जानकारी उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने दी। राज्य मीडिया ने कहा कि उन ने अमेरिका की ओर से बढ़ते परमाणु खतरो का जिक्र करते हुए अपना संकल्प दोहराया। कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने अंग्रेजी भाषा में एक संदेश जारी कर बताया कि रणनीतिक मिसाइल ठिकानों के निरीक्षण के दौरान किम जोंग-उन ने यह टिप्पणी की। समाचार एजेंसी योनहाप के मुताबिक इस रिपोर्ट में निरीक्षण का स्थान या तारीख नहीं बताई गई है। इस संदेश के मुताबिक, जेसा कि हाल ही में कई अवसरों पर जोर दिया गया है, अमेरिकी सामरिक परमाणु हथियार डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया (उत्तर कोरिया का आधिकारिक नाम) की सुरक्षा के लिए लगातार खतरे पैदा कर रहे हैं।

## नेपाल में ओली की पार्टी के मुख्यालय की जमीन का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

**काठमांडू।** नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) को नए पार्टी कार्यालय के लिए एक विवादित व्यापारी से दान में जमीन लेने का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस तिल प्रसाद श्रेष्ठ की अध्यक्षता वाली पीठ ने यह याचिका स्वीकार करके अदालत प्रशासन को रिट के पंजीकरण के साथ आगे बढ़ने का निर्देश दिया है। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली पार्टी के नए कार्यालय निर्माण के लिए नेपाल के सबसे बड़े डिपार्टमेंटल चेन स्टोर के मालिक मिन बहादुर गुरुंग ने दान की थी। सत्तारूढ़ दल एमाले को अदालत से विचाराधीन आरोपी के तरफ से दान लेने की पूरे देश में काफी आलोचना हो रही है। अधिवक्ता ज्ञान बहादुर बस्नेत ने सुप्रीम कोर्ट में रिट दायर करके याचिका में कहा है कि इस भूमि को स्वीकार करना और उसमें पार्टी कार्यालय स्थापित करना भ्रष्टाचार की श्रेणी में ही आएगा।

# पांच साल बाद हुई मोदी, जिनपिंग की मुलाकात

एजेंसी

**कज़ान (रूस)।** मई 2020 में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर उपजे सैन्य तनाव को घटाने के लिए एक अहम समझौते के बाद आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यहां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के इतर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ द्विपक्षीय मुलाकात में सीमा मुद्दे पर विशेष प्रतिनिधि स्तर की बैठक शीघ्र बुलाने पर सहमति जतायी। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने संवाददाताओं को इस महत्वपूर्ण बैठक की जानकारी देते हुए कहा कि दोनों नेताओं के बीच करीब पांच वर्ष बाद द्विपक्षीय बैठक हुई है। आखिरी बैठक 2019 में ब्रासीलिया में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के मौके पर हुई थी।

उन्होंने कहा कि यह बैठक सैनिकों की वापसी और गश्त समझौते और 2020 में भारत-चीन सीमा क्षेत्रों में उत्पन्न हुए मुद्दों के समाधान के ठीक बाद हुई है। दोनों नेताओं ने स्वागत किया पिछले कई हफ्तों में राजनयिक और सैन्य चैनलों पर निरंतर बातचीत के माध्यम से दोनों पक्षों के बीच सहमति बनी।



बातचीत में दोनों नेताओं ने सीमा संबंधी मामलों पर मतभेदों को हमारी सीमाओं पर शांति भंग न होने देने के महत्व को रेखांकित किया और माना कि भारत-चीन सीमा प्रश्न पर विशेष प्रतिनिधियों को सीमा प्रश्न के समाधान और सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। विदेश सचिव ने कहा कि दोनों नेताओं ने रणनीतिक और दीर्घकालिक परिप्रेक्ष्य से द्विपक्षीय संबंधों की स्थिति की भी समीक्षा की। उनका विचार था कि विश्व के दो सबसे बड़े राष्ट्रों भारत और चीन के बीच स्थिर द्विपक्षीय संबंधों का क्षेत्रीय और वैश्विक शांति और समृद्धि पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। दोनों ने इस बात पर जोर दिया कि परिपक्वता और बुद्धिमत्ता के साथ, और एक-दूसरे की संवेदनशीलता, हितों, चिंताओं और आकांक्षाओं के लिए पारस्परिक सम्मान दिखा कर, दोनों देश शांतिपूर्ण, स्थिर और लाभकारी द्विपक्षीय संबंध बना सकते हैं। सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और अमन-चैन की बहाली हमारे द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य बनाने की राह पर लौटने के लिए जगह बनाएगी।

विदेश सचिव के अनुसार दोनों नेताओं ने कहा कि अधिकारी अब हमारे संबंधित विदेश मंत्रियों के स्तर सहित प्रासंगिक आधिकारिक द्विपक्षीय वार्ता तंत्र का उपयोग करके रणनीतिक संचार बढ़ाने और द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर करने पर चर्चा करने के लिए अगला कदम उठाएंगे। ब्रिक्स और इस विशेष मंच पर भारत और चीन के बीच सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर भी उनके बीच बहुत सार्थक बातचीत हुई। अंत में, प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अगले वर्ष चीन की एससीओ अध्यक्षता के लिए भारत के पूर्ण समर्थन का आश्वासन भी दिया।

## नेपाल में उच्च श्रेणी के होटलों में प्लास्टिक की बोतलों पर प्रतिबंध

एजेंसी

**काठमांडु।** नेपाल सरकार ने चार सितारा और उससे अधिक सितारों वाले उच्च श्रेणी के होटलों में प्लास्टिक की बोतलों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। पर्यटन विभाग के महानिदेशक नारायण प्रसाद रेग्मी ने कहा, यह प्रतिबंध सभी चार सितारा, पांच सितारा, पांच सितारा डीलक्स और डीलक्स और लक्जरी होटलों और रिजॉर्ट पर लागू होता है। एजेंसी ने मंगलवार को एक निर्देश जारी किया, जिसमें उच्च श्रेणी के होटलों और रिसॉर्टों को प्लास्टिक की बोतलों में पानी देने की जगह कांच की बोतलों और धातु के बर्तनों में पानी देने का निर्देश दिया गया। महानिदेशक ने शिन्हुआ को बताया कि संभावित स्वास्थ्य खतरों और पर्यावरण संबंधी चिंताओं को ध्यान में रखते हुए यह निर्देश जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि एजेंसी हितधारकों के साथ विचार-विमर्श करने के बाद आने वाले दिनों में अन्य होटलों और रिजॉर्टों पर भी प्रतिबंध लगाने की योजना बना रही है। गौरतलब है कि नेपाल में 300 से अधिक होटलों, रिजॉर्टों और



गेस्टहाउस का प्रतिनिधित्व करने वाला होटल एसोसिएशन ने जून 2022 में घोषणा की थी कि एक जनवरी, 2025 से इसके सभी सदस्य प्रतिष्ठानों में सभी प्रकार की प्लास्टिक की बोतलें, स्ट्रॉ, प्लेट, ड्रिंक स्टरर, कटलरी, टूथब्रश और कंघी आदि प्रतिबंधित रहेंगे।

## ब्रिक्स सभी विषयों पर सकारात्मक भूमिका अदा कर सकता है : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

एजेंसी

**कज़ान।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिक्स को वैश्विक समस्याओं के हल खोजने और बहुपक्षवाद के एक प्रभावी मंच के रूप में उभरने पर संतोष व्यक्त करने के साथ इस बात के लिए आगाह किया है कि कहीं संगठन की छवि ऐसी न बने कि हम वैश्विक संस्थाओं में सुधार नहीं, बल्कि उन्हें हटा कर नयी व्यवस्था लाना चाहते हैं।

प्रधानमंत्री ने 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के सीमित पूर्ण सत्र में अपने वक्तव्य में यह बात कही। उन्होंने कहा, हमारी बैठक एक ऐसे समय में हो रही है जब विश्व युद्धों, संघर्षों, आर्थिक अनिश्चितता, जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद जैसी अनेक चुनौतियों से घिरा हुआ है। विश्व में उत्तर दक्षिण और पूर्व-पश्चिम विभाजन की बात हो रही है।श्री मोदी ने कहा, महंगाई की रोकथाम, खाद्य सुरक्षा, ऊर्जा सुरक्षा, स्वास्थ्य सुरक्षा, जल सुरक्षा, सभी देशों के लिए प्राथमिकता के विषय हैं। और, टेक्नोलॉजी के युग में, साइबर सुरक्षा, डीप फेक, मिथ्या सूचना जैसी नई चुनौतियाँ बन गई हैं। ऐसे में, ब्रिक्स को लेकर बहुत अपेक्षाएं हैं।मेरा मानना है कि एक विविधतापूर्ण और समावेशी प्लेटफॉर्म के रूप में, ब्रिक्स सभी



विषयों पर सकारात्मक भूमिका अदा कर सकता है। इस संदर्भ में हमारी कार्यशैली जन केंद्रित रहनी चाहिए।हमें विश्व को यह संदेश देना चाहिए कि ब्रिक्स विभाजनकारी नहीं, जनहितकारी समूह है।उन्होंने कहा, हम युद्ध नहीं, संवाद एवं कूटनीति का समर्थन करते हैं। और, जिस तरह हमने मिलकर कोविड जैसी चुनौती को परास्त किया, उसी तरह हम भावी पीढ़ी के सुरक्षित, सशक्त और समृद्ध भविष्य के लिए नए अवसर पैदा करने में पूरी तरह सक्षम हैं। श्री मोदी ने कहा, आतंकवाद और आतंकवाद के वित्त पोषण से निपटने के लिए हम सभी को एक मत हो कर दृढ़ता से सहयोग देना होगा। ऐसे गंभीर विषय पर दोहरे मापदंड के लिए कोई स्थान नहीं है। हमारे देशों के युवाओं में कट्टरपन को रोकने के लिए हमें सक्रिय रूप से कदम उठाने चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद पर समग्र संधि के लंबित मुद्दे पर हमें मिलकर काम करना होगा।

## ब्रिक्स देश वैश्विक स्थिरता और सुरक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक प्रभाव डाल रहे हैं: पुतिन

एजेंसी

**कजान।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि ब्रिक्स देश वैश्विक स्थिरता और सुरक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक प्रभाव डाल रहे हैं और क्षेत्रीय समस्याओं का समाधान करने में महत्वपूर्ण योगदान कर रहे हैं। श्री पुतिन ने आज यहां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की बैठक के दौरान कहा कहा कि बहुध्रुवीय विश्व में मूल रूप से बदलाव आया है।यह ब्रिक्स की अंतरराष्ट्रीय मंच में रणनीति का मूल है, जो अंतरराष्ट्रीय समुदाय के अधिकांश हिस्से की आकांक्षाओं को पूरा करता है, जिसे वैश्विक बहुसंख्यक कहा जाता है।

उन्होंने कहा कि यही कोर्स वर्तमान परिस्थितियों में विशेष रूप से मांग में है, जब विश्व में वास्तविक बदलाव हो रहे हैं।

राष्ट्रपति ने कहा, ब्रिक्स देशों का वैश्विक स्थिरता और सुरक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक प्रभाव है तथा वे गंभीर क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।यह अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में ब्रिक्स पाठ्यक्रम की रणनीति का सार है, जो अंतरराष्ट्रीय समुदाय के मुख्य भाग



तथाकथित वैश्विक बहुमत की आकांक्षाओं को पूरा करता है। यह वास्तव में यही पाठ्यक्रम है, जो वर्तमान परिस्थितियों में विशेष रूप से मांग में है, जब दुनिया में वास्तव में महत्वपूर्ण परिवर्तन हो रहे हैं।

## बंगलादेश में फिर से विरोध-प्रदर्शन, पांच लोग घायल



एजेंसी

**ढाका।** बंगलादेश की राजधानी ढाका में फिर से शुरू हुए विरोध प्रदर्शन में स्थानीय पुलिस के साथ झड़प में पांच लोग घायल हो गए हैं।

द डेली स्टार समाचार पोर्टल की जारी रिपोर्ट के अनुसार, प्रदर्शनकारी देश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे के बारे में दिये गये बयान को लेकर राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं।रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस के साथ झड़प तब हुई, जब प्रदर्शनकारी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास के सामने बैरियर तोड़ने की कोशिश कर रहे थे। उसी दौरान, पुलिस ने स्टन ग्रेनेड का इस्तेमाल किया, जिसमें पत्रकारों सहित पांच लोग मामूली रूप से घायल हो गए।इसके अलावा, पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज और आंसू गैस का भी इस्तेमाल किया।

गौरतलब है कि बंगलादेश सरकार की सार्वजनिक नौकरियों के लिए कोटा प्रणाली के खिलाफ विरोध प्रदर्शन जून में शुरू हुआ और अगस्त की शुरुआत में बढ़ गया था। बंगलादेशी मीडिया ने बताया कि विद्यार्थी, पुलिस और सरकार समर्थकों के बीच झड़पों में कथित तौर पर 500 से अधिक लोग मारे गए। बाद में, अशांति के बीच सुश्री हसीना ने इस्तीफा दे दिया और देश छोड़ दिया था।

# तुर्की में विमान निर्माता कंपनी पर आतंकवादी हमला, कई लोग हताहत

एजेंसी

**अंकारा।** तुर्की की विमान निर्माता कंपनी तुर्किश एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज के अंकारा स्थित कारखाने पर बम से हमला किया गया, जिसमें कई लोग हताहत हुये हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इसे आतंकवादी हमला बताया गया है । एक रिपोर्ट में कहा गया है कि हमलावरों ने कुछ लोगों को बंधक भी बनाया है और वहां विस्फोट की दो आवाजें सुनायी दीं और कारखाने के बाहर झड़पें शुरू हो गयीं थीं।

स्थानीय मीडिया के अनुसार कारखाने में दो विस्फोट सुनाई दिये। स्थिति से निपटने के लिये पुलिस



बल को भेज दिया गया था। मीडिया की रिपोर्टों में तुर्की के गृह मंत्री अली येरलीकाया के हवाले से कहा गया है कि यह आतंकवादी हमला था और इसमें कुछ लोगों की मौत हुई है और कुछ लोग घायल हुये हैं। मीडिया संस्थान तुर्किये टुडे की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि हमलावरों ने कुछ लोगों को बंधक बना लिया है। तुर्किश एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज के एक वीडियो फुटेज में विशेष पुलिस बलों को आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई के लिये प्रवेश करते हुये दिखाया गया है, इससे पहले के एक फुटेज में कुछ आतंकवादियों को सुरक्षा घेरा तोड़कर कारखाना परिसर में घुसते देखा गया। उनके हाथों में स्वचालित बंदूकें थीं।तुर्की के न्याय मंत्री इल्माज तुंच ने इस हमले की न्यायिक जांच कराने की घोषणा की है।

# एर्दोगन, पुतिन कज़ान वार्ता में यूक्रेन, मध्य पूर्व पर चर्चा की योजना

एजेंसी

**कज़ान।** तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन कज़ान में वार्ता में यूक्रेन और मध्य पूर्व की स्थिति पर चर्चा करने की योजना बना रहे हैं। टीआरटी हैबर प्रसारक ने यह जानकारी दी। श्री पुतिन और श्री एर्दोगन के बीच वार्ता मॉस्को समयानुसार शाम 5:00 बजे के लिए निर्धारित है।अंकारा में राजनयिक सूत्र ने कहा कि तुर्की में नए परमाणु ऊर्जा संयंत्र और गैस हब बनाने की परियोजनाओं का मुद्दा वार्ता के एजेंडे में होगा। सूत्र ने कहा, 'बेशक ये मुद्दे एजेंडे में होंगे। सबसे अधिक संभावना है कि नेता इन



परियोजनाओं के विकास के लिए संबंधित अधिकारियों को अपने निर्देश देंगे।'रूसी राज्य ड्यूमा की ऊर्जा समिति के प्रमुख पावेल ज़ावलनी ने जून में कहा था कि रूस तुर्की के सिनोप में एक नया परमाणु ऊर्जा संयंत्र बनाने की परियोजना में भाग लेने में रुचि रखता है जहां एक स्थानीय कंपनी सामान्य ठेकेदार होगी। उन्होंने तब यह भी कहा था कि तुर्की में गैस हब बनाने की परियोजना पर निर्णय 2024 में किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह परियोजना विश्वसनीय, सुरक्षित है और प्रतिबंधों के अधीन नहीं होगी। ऊर्जा क्षेत्र में एक और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण रूसी-तुर्की परियोजना अक्कुयू परमाणु ऊर्जा संयंत्र का निर्माण है। स्टेशन की सभी चार बिजली इकाइयाँ वर्तमान में एक साथ बनाई जा रही हैं, और पहली का शुभारंभ 2025 के लिए निर्धारित है।

## सिनवार की मौत के बाद बंधकों की रिहाई पर पड़ सकता है सकारात्मक प्रभाव : बेंजामिन नेतन्याहू

एजेंसी

**यरूशलम ।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि हमास नेता याह्या सिनवार की मौत से इजरायल के बंधकों की रिहाई पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है और इजरायल को युद्ध के उद्देश्यों को हासिल करने में मदद मिल सकती है।

प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से मुलाकात के दौरान नेतन्याहू ने कहा कि सिनवार की मौत से बंधकों की वापसी और युद्ध के बाद की वास्तविकता पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। जारी इस बयान में बताया गया है कि दोनों के बीच यरूशलम में मैत्रीपूर्ण बैठक हुई, जिसमें गाजा को लेकर चर्चा की गई। है। बैठक के बाद ब्लिंकन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा



समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि ब्लिंकन ने बैठक के दौरान इजरायल की सुरक्षा के प्रति अमेरिका की प्रतिबद्धता को दोहराई कि उन्होंने और नेतन्याहू ने गाजा में युद्ध समाप्त करने, सभी बंधकों को वापस करने और इजरायल-फिलिस्तीनियों के लिए स्थायी शांति और सुरक्षा का मार्ग तैयार करने के महत्व के बारे में भी बात की।

**कौमी पत्रिका**

**संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300

**E - mail address :** qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in

**R.N.I. No.**
**UP-HIN/2007/21472**

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

# दक्षिण अफ्रीका : फूड पॉइजनिंग के बाद 40 से अधिक छात्र अस्पताल में भर्ती

एजेंसी

**जोहान्सबर्ग ।** दक्षिण अफ्रीका के क्वाजुलु-नताल प्रांत स्थित एक प्राथमिक स्कूल के 43 छात्रों को फूड पॉइजनिंग के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रांतीय शिक्षा विभाग ने कहा कि मटुबातुबा के नगाका प्राथमिक विद्यालय के छात्र स्कूल के बाहर सड़क के विक्रेताओं से खरीदे गए स्नैक्स खाने के बाद बीमार पड़ गए।

क्वाजुलु-नताल प्रांत में शिक्षा विभाग के प्रवक्ता मुज़ी म्हालम्बी ने कहा, ÷छात्रों को स्थानीय क्लिनिक




ले जाया गया और चिकित्सा उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार म्हालम्बी ने कहा कि विभाग इस मामले के कारणों की जांच करने के लिए पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के साथ सहयोग कर रहा है। हाल ही में दक्षिण अफ्रीका में बच्चों में फूड पॉइजनिंग के मामलों में वृद्धि देखी गई है। 6 अक्टूबर को जोहान्सबर्ग में फूड पॉइजनिंग से छह बच्चों की मृत्यु हो गई थी और इस महीने की शुरुआत में गौतेंग, लिम्पोपो और क्वाजुलु-नताल प्रांतों के 130 से अधिक छात्रों को इसी तरह के कारणों से अस्पताल में भर्ती कराया गया।

दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रीय स्वास्थ्य विभाग ने इन मामलों की जांच करने और स्थानीय दुकानों में बेचे जाने वाले खाद्य पदार्थों का निरीक्षण करने के लिए पर्यावरण और स्वास्थ्य निरीक्षकों सहित 80 सदस्यीय जांच दल को तैनात किया है। सोमवार को शुरू की गई जांच में फूड पॉइजनिंग का कारण अब तक पता नहीं चल पाया है।

## युगांडा ने नए संक्रमणों से निपटने के लिए हेपेटाइटिस बी के टीके की 500,000 खुराकें खरीदीं

एजेंसी

**कंपाला ।** सार्वजनिक स्वास्थ्य वितरण एजेंसी ने कहा कि युगांडा ने हेपेटाइटिस बी के टीके की 500,000 खुराकें खरीदी हैं, जिन्हें जन्म के समय बच्चों और वयस्कों को नए संक्रमणों से लड़ने और उन्हें रोकने के लिए दिया जाएगा।

युगांडा नेशनल मेडिकल स्टोर्स (एनएमएस) ने एक्स पोस्ट में बताया कि हेपेटाइटिस बी के टीके वायरस के प्रकोप को कम करने के लिए पूरे पूर्वी अफ्रीकी देश में सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में वितरित किए जाएंगे। युगांडा में सरकारी स्वामित्व वाली स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए दवाओं और



चिकित्सा आपूर्ति की खरीद, भंडारण और वितरण के लिए अधिकृत सरकारी एजेंसी एनएमएस ने कहा, देश भर में स्वास्थ्य सुविधाओं में वितरण के लिए तैयारियां पहले से ही चल रही हैं। एनएमएस में प्रमुख जनसंपर्क अधिकारी शीला नदुहुकिरे ने कहा कि हेपेटाइटिस बी के टीकों की लंबे समय से कमी है, जिससे टीकाकरण अभियान प्रभावित हुआ है। प्रेस के साथ साझा की गई एक वॉयस रिकॉर्डिंग संदेश में नदुहुकिरे ने कहा, निर्माता सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा बताई गई लंबी वैश्विक कमी के बाद हेपेटाइटिस बी के टीके प्राप्त हुए हैं और एनएमएस में फिर से स्टॉक किए गए हैं। समाचार एजेंसी ने बताया, विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, 2022 में अनुमानित 1,250 युगांडावासी इस बीमारी से मर गए, और युगांडा की लगभग 6 प्रतिशत आबादी, या 2.7 मिलियन लोग इससे संक्रमित हैं। युगांडा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने डब्ल्यूएचओ के तकनीकी सहयोग से हेपेटाइटिस बी को नियंत्रित करने के लिए एक रणनीति विकसित की है, जिसमें देश भर में जन जागरूकता, परीक्षण और उपचार शामिल है। हेपेटाइटिस बी एक दीर्घकालिक संक्रमण का कारण बन सकता है और इससे लोगों को सिरोसिस और लीवर कैंसर से मृत्यु का उच्च जोखिम होता है। यह संक्रमित व्यक्ति के रक्त और अन्य बॉडी फ्लुइड्स के संपर्क में आने से फैल सकता है।

## हाई-वोल्टेज इलेक्ट्रिक पोल पर चढ़ा युवक, पुलिस व दमकल कर्मियों की तत्परता से बची जान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** शाहदरा जिले के गीता कॉलोनी थाना क्षेत्र के यमुना खादर इलाके में एक युवक के हाई-वोल्टेज इलेक्ट्रिक पोल पर चढ़ने से हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल कर्मियों की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और युवक को सुरक्षित नीचे उतारने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। दिल्ली फायर सर्विस के एडीओ यशवंत सिंह मीणा ने बताया कि सुबह 10:30 बजे उन्हें एक व्यक्ति के गीता कॉलोनी यमुना खादर में हाई-वोल्टेज इलेक्ट्रिक पोल पर चढ़ने की सूचना मिली। फायर टेंडर की टीम को तुरंत मौके पर भेजा गया। फायर सर्विस की टीम ने तत्परता दिखाते हुए सुरक्षा के सभी उपायों को ध्यान में रखते हुए युवक को सुरक्षित उतारा। युवक ने हाईवोल्टेज खंभे पर चढ़ कर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मुख्य न्यायाधीश से पर्यावरण संरक्षण के मुद्दे पर बातचीत करने की मांग की। यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि युवक कौन था क्योंकि वह अपने बयान बार-बार बदलता रहा। युवक की पहचान अभी स्पष्ट नहीं हुई है।

## मकान में लगी आग, चार घायल एक की मौत

**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम जिले के किशनगढ़ इलाके में बुधवार तड़के एक मकान में आग लग गई। घटना में एक ही परिवार के चार लोग घायल हैं और एक की मौत हो गई है। मामले की सूचना मिलने पर लोकल पुलिस के अलावा दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची। आग बुझाने के दौरान पुलिस की मदद से दमकलकर्मियों ने पांच लोगों को घर से बाहर निकाल कर तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। घायलों की

पहचान सफदरजंग अस्पताल में भर्ती अनीता मंडल (40), लक्ष्मी मंडल (42), दीपक (20) और एम्स में भर्ती सनी मंडल (22) के रूप में हुई है। वहीं आकाश मंडल (16) की हादसे में मौत हो गई है। शुरुआती जांच में पता चला है कि लक्ष्मी मंडल निजी माली का काम करते है। जबकि उसके दो बड़े बेटे ब्लिंकिट में काम करते हैं, जबकि छोटा बेटा पढ़ाई कर रहा था। जबकि पत्नी अनीता मंडल गृहिणी हैं। फिलहाल पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक बुधवार तड़के 3ः27 बजे सूचना मिली कि नंद लाल भवन, शनि बाजार रोड, किशनगढ़ में आग लग गई है। खबर मिलते ही पुलिस खौके पर पहुंची। घटनास्थल पर पहुंचने पर पता चला कि मकान की चौथी मंजिल पर दो कमरों में आग लग है। दो फायर टेंडर और 3 पीसीआर. वैन मौके पर पहुंची। सभी एजेंसियों के संयुक्त प्रयासों से आग पर काबू पा लिया गया। सभी घरेलू सामान जल गए हैं।

## दिल्ली में कृत्रिम वर्षा के लिए पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने एक बार फिर केंद्र को लिखी चिट्ठी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को पत्र लिखकर दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के मद्देनजर कृत्रिम बारिश कराने का अनुरोध किया है। इस क्रम में गोपाल राय ने कहा कि तीसरी बार केंद्र सरकार को पत्र लिखकर कृत्रिम वर्षा कराने की मांग की है और जल्द से जल्द बैठक बुलाने का अनुरोध किया है। दरअसल, दिल्ली में बारिश कराने के लिए कुछ एजेंसियों के परमिशन की इजाजत लेनी होगी, जो केंद्र सरकार के अधीन है। इसलिए दिल्ली सरकार के मंत्री गोपाल राय ने मांग की है कि केंद्रीय पर्यावरण मंत्री डीजीसीए, रक्षा मंत्रालय, गृह मंत्रालय, एसपीजी, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, आईएमडी और अन्य संबंधित एजेंसियों सहित सभी संबंधित विभागों के साथ यथाशीघ्र बैठक करने की अपली की है। पत्र में लिखा है की क्लाउड सीडिंग को लागू करने के प्रयासों के समन्वय पर ध्यान केंद्रित करने और आपातकालीन उपाय के रूप में इसकी व्यवहार्यता का मूल्यांकन करने के लिए बैठक आयोजित किया जाना चाहिए। दीवाली के ठीक बाद दिल्ली सरकार Artificial Rain के जरिये दिल्ली में Pollution को कुछ हद तक कम करने की कोशिश करने में लगी है, लेकिन इसके लिए केंद्र सरकार की अनुमति लेनी पड़ेगी। इसलिए गोपाल राय ने आर्टिफिशियल रेनिंग के लिए संयुक्त बैठक बुलाकर आम सहमति बनाने की मांग की है।

## दिल्ली में एनडीएमसी ने वायु प्रदूषण को कम करने के लिए पार्किंग शुल्क को दोगुना किया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में बढ़ते वायु प्रदूषण के बीच दिल्लीवासियों दोहरा झटका लगा है। एक लोग पहले से वायु प्रदूषण के चलते सांसों के संकट से जूझ रहे हैं। दूसरा दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने पार्किंग शुल्क को दोगुना कर दिल्लीवासियों की जेब पर बोझ डाल दिया है। वायु प्रदूषण के कारण दिल्ली-एनसीआर में ग्रेप का दूसरा चरण लागू है। इसके मद्देनजर नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने पार्किंग शुल्क दोगुना कर दिया है। एनडीएमसी की 149 पार्किंग में बढ़ी हुई दरें लागू हो गई है। हालांकि गनीमत यह है कि बढ़ी नहीं होंगी।

## भारत और ऑस्ट्रेलिया शिक्षा के क्षेत्र में बहुत कुछ हासिल सकते हैं : धर्मेंद्र प्रधान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया भारत में अपने विश्वविद्यालयों के परिसर स्थापित करेगा। इस विषय पर दोनों देशों के बीच लगातार वार्ता भी जारी है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने ऑस्ट्रेलिया के शिक्षा मंत्री जेसन क्लेयर के साथ द्विपक्षीय बैठक की। यहां प्रधान ने इस बात पर जोर दिया कि शिक्षा में सहयोग भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंधों का आधार है। उन्होंने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य भारत की शिक्षा प्रणाली को योग्यता आधारित ढांचे में बढ़ाना है, जिसमें भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) में उल्लिखित कौशल आधारित शिक्षा पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

धर्मेंद्र प्रधान ने बताया कि भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच स्थायी संबंध और एनईपी 2020 द्वारा संचालित शिक्षा सहयोग में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि भारत में ऑस्ट्रेलियाई विश्वविद्यालय परिसरों की स्थापना केवल शुरुआत है और इसमें बहुत कुछ हासिल करने की संभावनाएं हैं।



उन्होंने कहा कि दोनों देश मिलकर ज्ञान को आगे बढ़ा सकते हैं। वैश्विक चुनौतियों के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठा सकते हैं। छात्रों के लिए नवाचार और उद्यमिता के अनंत अवसरों का सृजन कर सकते हैं।वहीं, ऑस्ट्रेलिया शिक्षा मंत्री जेसन क्लेयर एमपी ने एक बेहतर शिक्षा प्रणाली के महत्व पर जोर दिया जो सिर्फ जीवन ही नहीं बदल सकती, बल्कि यह राष्ट्रों को भी बदल सकती है। भारत की शिक्षा प्रणालियों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि 2035 तक दुनिया भर में विश्वविद्यालय की डिग्री प्राप्त करने वाले चार में से एक व्यक्ति को डिग्री भारत से मिलेगी। उन्होंने बताया कि कैसे डेकिन जैसे ऑस्ट्रेलियाई विश्वविद्यालय 30 वर्षों से भारत में है। उन्होंने भारत में एक कंसोर्टियम परिसर के लिए विकल्प तलाशने के लिए छह नवाचार अनुसंधान विश्वविद्यालयों द्वारा किए जा रहे कार्य की भी प्रशंसा की। इन चर्चाओं के दौरान धर्मेंद्र प्रधान ने विदेश मामलों के सहायक मंत्री टिम वाट्स एमपी से भी भेंट की। प्रधान ने ऑस्ट्रेलिया की विक्टोरिया की प्रीमियर जैसिंटा एलन से मुलाकात की।

उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि विक्टोरिया ऑस्ट्रेलिया में सबसे बड़े भारतीय प्रवासियों का घर है। उन्होंने विक्टोरिया में भारत के साथ स्कूलों और विश्वविद्यालयों के संस्थागत संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। प्रधान ने साउथ मेलबर्न प्राइमरी स्कूल का भी दौरा किया और युवा शिक्षार्थियों से बातचीत की।

## सीबीपीआरओ ने अपनी मांगों का ज्ञापन वित्त मंत्रालय को सौंपा:अशवनी राणा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देशभर से आए हजारों बैंक पेंशनभोगियों और सेवानिवृत्त संगठनों के समन्वय (सीबीपीआरओ) और अखिल भारतीय बैंक पेंशनभोगी एवं सेवानिवृत्त परिसंघ (एआईबीपीएआरसी) ने अपनी मांगों को लेकर राजधानी नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना दिया। इसके साथ ही उन्?होंने मांगों का एक ज्ञापन डिपार्टमेंट ऑफ फाइनेंशियल सर्विसेज, वित्त मंत्रालय को सौंपा है।वॉयस ऑफ बैंकिंग के फाउंडर अशवनी राणा ने बताया कि बैंक पेंशनभोगियों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों अधिकारियों ने अपनी लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर धरना दिया है। उन्होंने कहा कि देशभर के हजारों बैंक पेंशनभोगियों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों और अधिकारियों ने अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की है। उन्होंने कहा कि सीबीपीआरओ ने अपनी मांगों को लेकर का एक ज्ञापन डिपार्टमेंट ऑफ फाइनेंशियल सर्विसेज, वित्त मंत्रालय को सौंपा है। राणा ने कहा कि सीबीपीआरओ की अगुवाई में सेवानिवृत्त कर्मचारियों और अधिकारियों की मुख्य मांगें इस प्रकार हैं: -आरबीआई, नाबार्ड के समान बैंकों के पेंशनर्स की पेंशन को भी रिवाइज किया जाए।

- सेवानिवृत्त बैंक कर्मचारियों को रियायत दरों पर हेल्थ इंश्योरेंस उपलब्ध कराया जाए।

-सेवानिवृत्त बैंक कर्मचारियों अधिकारियों की मांगों पर बातचीत के लिए पेंशनर्स संगठनों को बुलाया जाए।

-स्पेशल अलाउंस को पेंशन और ग्रेच्युटी की गणना के लिए बेसिक वेतन में शामिल किया जाए।

-पेंशन की कम्यूटेड राशि को 15 वर्ष की जगह 10 वर्षों में ही रिकवर किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार को सोचना चाहिए कि वरिष्ठ पेंशनर्स को अपनी मांगों को मनवाने के लिए सड़क पर क्यों उतरना पड़ा है। हालांकि, राणा ने कहा कि सरकार कह चुकी है कि इन मांगों पर विचार किया जाएगा।

# दिल्ली में प्रशासनिक सुधार

– दीपक कुमार

हम सब जानते हैं कि दिल्ली भारत की राजधानी है, और व्यावहारिक रूप से इसकी जनसंख्या तकरीबन 2 करोड़ है, क्योंकि हर दिन 50–60 लाख से अधिक लोग पड़ोसी जिलों, और इन मैं से अधिकतर, एनसीआर क्षेत्र से इस राज्य में आते–जाते हैं। इसलिए, दिल्ली राज्य का शासन दो कारणों से एक कठिन कार्य है

(1) दिल्ली हमारे देश की राजधानी है। और (2) समय बीतने के साथ साथ, राज्य के शासन से संबंधित कार्यों को पूरा करने के लिए कई तरह की एजेंसियाँ काम करने लगी हैं उदाहरण के लिए, एमसीडी, एन डी एम सी, दिल्ली सरकार, शहरी विकास मंत्रालय, गृह मंत्रालय, दिल्ली पुलिस, डीडीए, एल एंड डी ओ आदि। इन विभिन्न एजेंसियों की उपस्थिति के बावजूद, दिल्ली में 70 सदस्यों वाली प्रत्यक्ष रूप से निर्वाचित विधानसभा है। हमने देखा है कि, पिछले 10 वर्षों के दौरान, निर्वाचित दिल्ली विधानसभा के प्रतिनिधियों और उपराज्यपाल के बीच समय–समय पर मतभेद उत्पन्न होते रहे हैं। इसी तरह, दिल्ली सरकार और दिल्ली पुलिस के बीच भी सौहार्दपूर्ण संबंध बहुत कम रहे हैं। इसके अलावा, सर्वोच्च न्यायालय और दिल्ली उच्च न्यायालय के कई निर्णयों ने दिल्ली सरकार के प्रत्यक्ष रूप से निर्वाचित प्रतिनिधियों की शासन पद्धति को सीमित करने का प्रयास किया है। साफ है कि हमारी दिल्ली, शासन चला रही राजनीतिक और नौकरशाही ताकतों बीच की खींचतान में फंसी हुई है।

प्रशासनिक सुधारों का मूल उद्देश्य नागरिक कल्याण चार्टर को लागू करना है। जब हम इस चार्टर को लागू करने की बात करते हैं, तो नौकरशाही इस प्रक्रिया में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हुई दिखाई देती है। हम देखते हैं कि नौकरशाहों की पदोन्नति और पोस्टिंग ज्यादातर उनके काम के अनुभव या प्रशिक्षण के आधार पर नहीं की जाती है, जो एक महत्वपूर्ण पहलू है। उनके,क्क्ष्ह्य ज्यादातर प्रतिशोधात्मक तरीके से

रिकार्ड किए जाते हैं, ज़ाहिर है कि यह गलत है। यह प्रवृत्ति एक बुनियादी मानवीय स्वभाव है जिसे किसी नियम या कानून के जरिए खत्म नहीं किया जा सकता है लेकिन राजनीतिक ङ्कश्वह्यह्य–द्बह्यआकाओं/अधिकारियों के दिमाग में नैतिकता पैदा करके इसे कुछ हद तक कम किया जा सकता है। जब हमारी नौकरशाही को इस तरह की संभावित क्षति से बचाया जाएगा, तभी वह कल्याणकारी योजनाओं के अच्छे क्रियान्वयन के लिए प्रतिबद्ध हो सकेगी।

जैसा कि पहले ही कहा जा चुका है कि दिल्ली सरकार कई एजेंसियों द्वारा संचालित है, इसलिए उनके बीच समन्वय सुनिश्चित करने के लिए एक मंच या संवाद की आवश्यकता है। इसके अलावा, सभी एजेंसियों की शक्ति और अधिकार क्षेत्र के संबंध में नियम स्पष्ट होने चाहिए, साथ ही व्यक्तिगत कार्यक्षेत्र में किसी भी तरह के उल्लंघन की सीमा निर्धारित होनी चाहिए। प्रशासनिक सुधारों में सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा यह है कि दिल्ली के नागरिकों को शासन प्रक्रिया का हिस्सा कैसे बनाया जाए। केवल ऐसी स्थिति में ही इस तरह के सुधार हो सकते हैं।

न्यायिक सुधार के बिना कोई भी द्यप्रशासनिक सुधार संभव नहीं है। प्रशासनिक सुधार का तात्पर्य नागरिक चार्टर को सही मायने में लागू करना है और यह न्याय के बिना संभव नहीं है। कार्यान्वयन में कई 卐पक्ष और विपक्ष卐 शामिल हैं, यही कारण है कि नागरिक और संगठन अपने मामलों के समाधान के लिए अदालतों का रुख करते हैं। यह समय पर और प्रभावी न्याय सुनिश्चित करने के लिए न्यायिक सुधार की तत्काल आवश्यकता को दर्शाता है। वर्तमान में, हमारे देश में विभिन्न न्यायालयों में 5 करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं, जिनमें से कुछ 30 वर्षों से भी अधिक समय से लंबित हैं। यदि हम अपने देश के पिछले 20 वर्षों के इतिहास को देखें, तो जो काम विधायक को करना चाहिए, वह न्यायालय द्वारा किया जा रहा है। यहां तक कि राजनीतिक दलों के राजनीतिक झगड़े भी न्यायालय द्वारा सुलझाए जा रहे हैं। इसलिए न्यायिक सुधार आवश्यक है। पिछले 20 वर्षों में पुलिस प्रशासन की भूमिका महत्वपूर्ण रही है।

वास्तव में, यह कहा जा सकता है कि पुलिस हर नीति के कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। छोटी–छोटी नीतियों के कार्यान्वयन में भी पुलिस की भागीदारी महत्वपूर्ण होती है। उदाहरण के लिए – बिजली के मीटर की जांच या फिर नाले की खुदाई के काम के दौरान भी हम अक्सर पुलिस की सहायता पर निर्भर रहते हैं।

पुलिस की भागीदारी की यह आवश्यकता पहले इतनी स्पष्ट नहीं थी, क्योंकि अब समाज में अराजकता बढ़ रही है, इसलिए सिविल कार्यों अर्थात नागरिकों और उनसे संबंधित कार्यों में भी उनकी मदद की आवश्यकता है। इस बात पर विचार करना महत्वपूर्ण है कि हम इन कार्यान्वनों में पुलिस की भूमिका को कैसे कम या खत्म कर सकते हैं।

शायद हम कानूनी ढांचे के भीतर समाज की जरूरतों के अनुसार सख्त नियम बनाकर इसे रोक सकते हैं। हमने यूरोप में देखा है कि ऐसे कई नियम हैं जिन्हें हम अपने देश में अराजकता के नजरिए से देख सकते हैं। उदाहरण के लिए, अगर कोई व्यक्ति 70 वर्ष से अधिक उम्र का है या विकलांग है, तो वह अपनी गाड़ी 20 मिनट के लिए कहीं भी पार्क कर सकता है, बेशक सड़क के बीच में नहीं। इसका मुख्य उद्देश्य यह है कि अगर कोई वरिष्ठ नागरिक या विकलांग व्यक्ति अपने लिए दवा या खाद्य सामग्री खरीदना चाहता है, तो यह सुविधा उसके लिए है।

इसका मतलब है कि कानून नागरिकों की भावनाओं के अनुरूप होने चाहिए।

सही मायनों में प्रशासनिक सुधार नौकरशाही, न्यायपालिका, पुलिस और नियम–कायदों में सुधार के बिना संभव नहीं है।

प्रशासनिक सुधार का एक पहलू यह भी होना चाहिए कि संगठनों में actor (अभिनेता) की प्रवृत्ति को खत्म किया जाए, क्योंकि इससे हमारी नौकरशाही में सहायता करने की बजाय शासन करने की भावना पैदा होती है।

दिल्ली में नौकरशाही में 3–4 मजबूत लॉबी हैं, जैसे बिहारी, मीना, कायस्थ और केरलवासी। इनके अलावा यहां मौजूद अधिकारियों/कर्मचारियों को शहरी और ग्रामीण पृष्ठभूमि के आधार पर वर्गीकृत किया जा सकता है। दिलचस्प बात यह है कि ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले कर्मचारी खुद को शासक मानते हैं, न कि सरकारी कर्मचारी। इन कर्मचारियों की इस प्रवृत्ति के कारण आम नागरिक को न्याय नहीं मिल पाता।

प्रशासनिक सुधारों के लिए यह विचार करने की आवश्यकता है कि नौकरशाही के इस व्यवहार को कैसे बदला जाए।

*हमारी नौकरशाही का रवैया* हमें याद रखना चाहिए कि 1,312 साल पहले विदेशी ताकतों ने सांस्कृतिक भारत पर आक्रमण किया, हमारी सांस्कृतिक विरासत पर हमला किया और हमारे देश पर कब्ज़ा कर लिया। देश पर 1,233 साल तक शासन किया गया। मुगलों की कुछ पीढ़ियों को छोड़कर, इन विदेशी आक्रमणकारियों का एक ही उद्देश्य था, इस देश को लूटना और इसकी संपत्ति को अपने देशों में ले जाना, चाहे वे सीरिया, ईरान या लंदन/यूरोप से आए आक्रमणकारी हों।

स्वतंत्रता के 77 वर्षों में, 30 साल ऐसे रहे हैं, जब एक ही पार्टी के नेताओं ने इस देश पर शासन किया है, पंचायत स्तर से लेकर प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति तक। इस वजह से, हमारी नौकरशाही में एक मजबूत मानसिकता विकसित हुई है और एक धारणा बनी है कि व शासक हैं, नौकर नहीं।

पिछले 1,213 वर्षों में हमारी अर्थव्यवस्था के आधार पर शासकों ने अपने द्वारा जमा किए गए करों के माध्यम से अपनी शक्ति का प्रयोग किया। परिणामस्वरूप, ग्रामीण समाज के लोग नौकरशाही को नौकरों के बजाय शासकों के रूप में देखने लगे ।

यह धारणा नौकरशाही और प्रशासन में शामिल लोगों, खासकर ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले लोगों को नौकरों के बजाय शासकों के रूप में देखने के लिए प्रेरित करती है। हालांकि, यह रवैया धीरे–धीरे बदल रहा है। इस प्रक्रिद्वया को प्रशासनिक सुधारों के माध्यम से तेज करने की आवश्यकता है जो नौकरशाही को जवाबदेह बनाते हैं और नागरिक भागीदारी सुनिश्चित करते हैं।


**NAME CHANGE**

I, DIKSHA KUMARI is daughter of No. GS-165208L Rank- OFFICE SUPERINTENDENT, Name- SHUBH CHANDRA LAL ARYA R/o WARD NO-10 VILLAGE KACHHARA BASBARIYA, PO-BENIPATTI, KACHHARA MADHUBANI (BIHAR)-847223, have changed my date of birth from 29/08/1994 to 29/08/1996 for all purposes. Vide affidavit dated 24.10.2024 before sub divisional magistrate Delhi.

**NAME CHANGE**

I, VASNAVA KAILAS BOKARE is daughter of No. GS-188975W Rank- OFFICE SUPERINTENDENT, Name- BOKARE KAILASH SHANKAR R/o VILL- SOMESHWAR, POST- RAHATI, TALUKA- NANDED, DIST-NANDED (MAHARASHTRA)-431602, have changed my name from VASNAVA KAILAS BOKARE to VAISHNAVI KAILAS BOKARE. Vide affidavit dated 24.10.2024 before sub divisional magistrate Delhi.

**Date of Birth Change**

I, KRISHNA KAILAS BOKARE is son of No. GS-188975W Rank- OFFICE SUPERINTENDENT, Name- BOKARE KAILASH SHANKAR R/o VILL- SOMESHWAR, POST- RAHATI, TALUKA- NANDED, DIST-NANDED (MAHARASHTRA)-431602, have changed my name from KRISHNA KAILAS BOKARE to KRISHNA KAILASH BOKARE and date of birth from 25/01/2005 to 25/01/2006. Vide affidavit dated 24.10.2024 before sub divisional magistrate Delhi.

**NAME CHANGE**

I Vinod S/O Maharaj din R/O H.NO-S-217, Bhim Basti, Jonapur, South Delhi have changed my name to Vinod Kumar for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I hitherto known as VIMLA DEVI MAHESHWARI alias MAHESHWARI VIMLA W/o SURESH CHANDRA MAHESHWARI R/o A-710, Milan Earth, Raj Nagar Extension, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201017, have changed my name and shall hereafter be known as MAHESHWARI VIMLA, for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I, SHAKTI SINGH SEHRAWAT S/O JOGIMDER SINGH R/O HOUSE NO.G-125, NEAR RADHA KRISHNA MANDIR, BESIDE CHOTI CHOUPAL, MAHIPALPUR, SOUTH WEST DELHI, DELHI-110037 have changed the name of my minor daughter DRISHTI aged 13 years and she shall hereafter be known as DRISHTI SEHRAWAT.

**Date of Birth Change**

I, DIKSHA KUMARI is daughter of No. GS-165208L Rank- OFFICE SUPERINTENDENT, Name- SHUBH CHANDRA LAL ARYA R/o WARD NO-10 VILLAGE KACHHARA BASBARIYA, PO-BENIPATTI, KACHHARA MADHUBANI (BIHAR)-847223, have changed my date of birth from 29/08/1994 to 29/08/1996 for all purposes. Vide affidavit dated 24.10.2024 before sub divisional magistrate Delhi.

**NAME CHANGE**

It is for general information that I, POONAM DEVI W/O RAVINDER, R/O P-44-B, SHANKAR VIHAR, SIGNAL ENCLAVE, PO: DELHI CANTT, SOUTH WEST DELHI, DELHI-110010, declare that name of mine has been wrongly written as POONAM in my minor son ARUNAY SINGH GAHLAWAT aged 16 years in his 10th class education documents. The actual name of mine is POONAM DEVI, which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**

I, YATIN S/O JAG PARVESH residing at H NO-A-42, STREET NO-19, MADHU VIHAR, HASANPUR DEPOT, DELHI-110092 have changed my name to YATIN MINOCHA for all future purpose.

**NAME CHANGE**

I, Surender S/o Sher Singh R/o VPO Rasulpur (25), Mahenderagarh, Haryana-123027, Have Changed My Name To Surender Singh For All Future Purpose

**NAME CHANGE**

I, hitherto known as SHEFALEE PODDAR D/o ANUJ PODDAR residing at M2K Victoria Garden, Flat No. D-401, Model Town, Azadpur, North West Delhi, Delhi - 110033 have changed my name and shall hereafter be known as SHAFALII POADDAR.

**NAME CHANGE**

I, hitherto known as RIDHIMA PODDAR D/o ANUJ PODDAR residing at M2K Victoria Garden, Flat No. D-401, Model Town, Azadpur, North West Delhi, Delhi - 110033 have changed my name and shall hereafter be known as RIDHIMAA POADAR.

**NAME CHANGE**

I, SHEETAL TIWARI D/o ARVIND TIWARI, R/o House No.G-21/258, Sector-7 Rohini North West Delhi-110085 hereby undertake that I, SHEETAL TIWARI want to change my name to SHIVANSH TIWARI and gender as MALE. I, SHEETAL TIWARI henceforth be known as SHIVANSH TIWARI S/o ARVIND TIWARI.

**NAME CHANGE**

I, HARPREET SINGH ARORA S/O RAVINDER PAL SINGH residing at H NO-1/9226, UGF, GALI NO-6, WEST ROHTAS NAGAR, GAINI DHABA, SHAHDARA, DELHI-110032 have changed my name to HARPREET SINGH for all future purpose.

**NAME CHANGE**

I, TILAK RAJ residing at VILL-SAMTANA, PO-SAMTANA, TEH-BARSAR, DIST-HAMIRPUR, HIMACHAL PRADESH-176042 have changed my mother's name from RATTANI DEVI to RATTNI DEVI for all future purposes vide affidavit dated 24/10/2024 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, NO-15344907Y Rank-HAV Name-BIKASH KUMAR DEO residing at VILL-BALA DEO ITAHARI, PO & P.S-FULLIDUMAR, DIST & TEH-BANKA, BIHAR-813207 have changed my wife's name from GITA KUMARI to GITA DEVI for all future purposes vide affidavit dated 24/10/2024 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, NO-15456526Y Rank-NK Name-ROHIT VASAMKAR residing at VILL-SHIVANUR, PO- SHIVANUR, TEH-ATHNI, DIST-BELAGAVI, KARNATAKA-591232 have changed my father's name from RAMACHANDRA to RAMACHANDRA VASAMKAR for all future purposes vide affidavit dated 24/10/2024 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

It is for general information that I, GURPREET SINGH SAWHNEY S/O JASBIR SINGH SAWHNEY, R/O H-58, LAJPAT NAGAR-1, VTC LAJPAT NAGAR, SOUTH DELHI, DELHI-110024, declare that name of mine has been wrongly written as GURPREET SINGH in my minor daughter KYNA SAWHNEY aged 15 years in her school records. The actual name of mine is GURPREET SINGH SAWHNEY, which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**

I, hitherto known as RITU PODDAR W/o ANUJ PODDAR D/o BRIJ BIHARI RAJGARIYA residing at M2K Victoria Garden, Flat No. D-401, Model Town, Azadpur, North West Delhi, Delhi - 110033 have changed my name and shall hereafter be known as RIITU POADDAR.

**NAME CHANGE**

I, hitherto known as ANUJ PODDAR S/o PURUSHOTTAM PODDAR residing at M2K Victoria Garden, D-401, Model Town, Azadpur, North West Delhi, Delhi - 110033 have changed my name and shall hereafter be known as ANUJJ POADDAR.

**NAME CHANGE**

I, Ashwani Sachdeva S/O Gurdita Mal R/O A-11, Mansa Ram Park Uttam Nagar Dist : West Delhi, Delhi -110059, have changed my name and shall hereafter be known as Ashwani Pappu Sachdeva

**PUBLIC NOTICE**

It is for general information that I, ABHISHEK KUMAR S/O ABHAY KUMAR R/O H No, 282 B Block Qutub Vihar, Goyla, Phase 2, D C Goyla, PO: D C Goyla, DIST: South West Delhi, Delhi - 110071 declare that name of mine has been wrongly written as ABHISHEK in my Passport No- W7199272 The actual name of mine is ABHISHEK KUMAR which may be amended accordingly.

**PUBLIC NOTICE**

It is for general information that I Naresh Kumar S/O: Nakli Singh, R/O Permanent Address- Maheshpur, Shimlana Aht, Saharanpur, Shimlana, Uttar Pradesh, 247453, Present adress- RZ-29 ,Prem Nagar ,Uttam Nagar new Delhi-110059, declare that name of my minor daughter Isha has been wrongly written as Kumari Isha aged 15 years in her school records The actual name of my minor daughter is ISHA,which may be amended accordingly.

**PUBLIC NOTICE**

It is for general information that I Bandana Upadhyay W/O Rampal Upadhyay, R/O Permanent Address KATHAR,PO- RUPAULI, HUZUR REWA MADHYA PRADESH, Huzur, Rewa, Madhya Pradesh - 486001, Present adress- RZ- 719, Gali No 11, East Sagar pur, new delhi-110046, declare that name of mine and my husband has been wrongly written as Vandana Upadhyay and R P Upadhyay in my minor son Ankit kumar Upadhyay aged 16 years in his 10th class educational document, The actual name of mine and my husband are Bandana Upadhyay and Rampal Upadhyay, which may be amended accordingly.

**सार्वजनिक सूचना**

सामान्य जनता को सूचित किया जाता है कि श्री अमित कुमार, आवासीय इकाई संख्या 702 (7वीं मंजिल), टॉवर ग्रीनविच, ब्लॉक बी, परिसर ग्रैंड ओमैक्स में, प्लॉट संख्या 01, 02 और 03 पर निर्मित, जिसका सुपर क्षेत्र 1600 वर्ग फुट (148.64 वर्ग मीटर) है, सेक्टर 93क्र नोएडा, जिला गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, को आनंद राठी ग्लोबल फाइनेंस लिमिटेड, शाखा लाजपत नगर, नई दिल्ली द्वारा वित्त पोषित किया जाएगा। संबंधित संपत्ति से संबंधित मूल आवंटन पत्र दिनांक 27.07.2011, कब्जा प्रमाण पत्र दिनांक 27.07.2011, एनओसी दिनांक 10.09.2018, ट्रांसफर मेमो दिनांक 25.09.2018, और ट्रांसफर डीड कम सेल डीड दिनांक 08.10.2018 (पंजीकृत संख्या 7254) खो गए हैं। इस संबंध में FIR LR संख्या- 2238833/2024 दिनांक 23.10.2024 को पी.एस. क्राइम ब्रांच, दिल्ली में दर्ज की गई है। यदि मूल बिक्री विलेख किसी भी व्यक्ति के कब्जे में पाया जाता है तो कृपया मूल संपत्ति दस्तावेजों के साथ हमे इस नोटिस की तारीख से 14 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें ! ऐसा न करने पर, उपरोक्त बिक्री विलेख के अनुसार विषय संपत्ति के संबंध में शून्य और शून्य के रूप में दावा माना जाएगा।

**[ASHWANI KUMAR] Advocate**
Chamber No. 122,
Tehsil Compound, Ghaziabad, U.P.

**PUBLIC NOTICE**

It is informed to General Public that my client Sh. Ram Karan, age about 66 yrs., S/o. Sh. Raghubeer, R/o. C-1/85/1, Khasru No 20/11, Village Mohammadpur Majri, Rama Vihar, Mohammadpur Majari, Post Office Karala, District North West Delhi-110081 By virtue of the present public notice, my client has debarred, disinherited, disowned his son Sh. Sanjeev Kumar, aged about 33 Years, from his all movable and immovable properties, Bank Accounts/FDR's/Shares/ Bank Lockers, my son Sanjeev Kumar is out of control and not cooperative with my client for the last more than 2 years. My client has no concern with his son Sh. Sanjeev Kumar and my client is not responsible for the act done by him and if anybody dealing with him, shall deal at their own cost, risk and consequences. My client is also initiating other legal proceedings with this respect in appropriate Court of Law/ Forum

**NAVEEN KUMAR ADVOCATE**
Seat No. 40, Hall No. 2 First Floor, Chamber Block Dwarka Court Soc-10, Dwarka South West, Delhi-110075

**NAME CHANGE**

It is for general information that I, MANOJ KUMAR S/o OM PRAKASH, R/o 4282, Ajit Nagar, Gali No. 9, Dharam Pura, Gandhi Nagar, East Delhi-110032 declare that name of my minor son has been wrongly written as BHAVISHYA aged 15 years in his School Record. The actual name of my minor son is BHAVISHYA TOMAR respectively, which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**

I, NO-15455190X Rank-SEP Name-ABBAS ALI SHAIKH residing at VILL-CHANDIPUR, PO-MALUMGACHHA, TEH-KRISHNA NAGAR, DIST-NADIA, WEST BENGAL-741126 have changed my mother's name from RAHIMA BIBI to RAHIMA SHAIKH for all future purposes vide affidavit dated 24/10/2024 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, NO-15456526Y Rank-NK Name-ROHIT VASAMKAR residing at VILL-SHIVANUR, PO- SHIVANUR, TEH-ATHNI, DIST-BELAGAVI, KARNATAKA-591232 have changed my mother's name from REKHA to REKHA VASAMAKAR for all future purposes vide affidavit dated 24/10/2024 before Notary Public, Delhi.

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform that Smt. Brijesh Devi, has agreed to create mortgage the described property in favour of MY CLIENT AADHAR HOUSING FINANCE LIMITED, Laxmi Nagar Branch, Delhi, after execution of sale deed in her favour. Seller(s) Namely Sh. Gaurav Kumar has agreed to sell their property "Plot of Land Area Measuring 65 Sq. Yds., Krishna Vihar Phase-3, Out of Khasra No. 122 and 123Min., Situated At Village Tila Shahbajpur, Pargana and Tehsil Loni, Distt. Ghaziabad, U.P.". Hence any other co- sharer(s) Sh. Pradeep, M/s Katyani Homes Pvt. Ltd. Thru. Sh. Ravi Mavi or any previous owners of the property, having any claim against or in respect of the said property or any part thereof by way of sale, exchange mortgage equitable or deposit of title deed otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement maintenance, bequest, partnership, possession, lease, Sub- lease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever are hereby requested to notify the same in writing to the Undersigned with supporting documentary evidence at the address mentioned herein below within 7 days, from the date hereof, falling which the claim or claims, if any, of such persons shall be considered to have been waived and/or abandoned any my client shall proceed with the disbursement of loan and creation of mortgage on the property.

Dated : 24-10-2024
Place : Delhi

Advocate Ghanshyam Singh,
Ch. E-713 Karkardooma Courts,
Delhi-110032; Ph-8810212071

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform you that Sh. Hari Prakash has agreed to create mortgage the herein described property in favour of My Client AADHAR HOUSING FINANCE LIMITED, NSP Branch, Delhi, after execution of Sale Deed in his favour. Seller(s) Namely Sh. Dharmender Kala has agreed to sell their Property "Property Built on Khasra No. 39/20, Plot of Land Area Measuring 100 Sq. Yds. Situated In The Area of Village Burari, Abadi Known as Gali No. 16, Inderprastha Colony Part-1, Burari, Delhi- 110084". Hence any co-sharer(s) namely Sh. Rakesh Singh, Sh. Sanjay Gupta, Sh. Manik Chopra, Smt. Neelam Khanna, Smt. Meena Chauhan or any previous owner(s) of the Property having any claim against/or in respect of the said property or any part thereof by way of Sale, Exchange, Mortgage (Equitable or Deposit of the Title Deeds Otherwise), Gift, Trust, Inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, Partnership, Possession, Lease. Sub-Lease, Tenancy, License, Lien, Charge, Pledge, Easement or otherwise howsoever are hereby requested to notify the same in writing to the undersigned with supporting document(s) or documentary evidence at address mentioned herein below within 7 (seven) Days from the date hereof, failing to which the claim(s) , if any, of such person(s) will be considered to have been waived and/ or abandoned any my client shall proceed with the disbursement of loan and creation of mortgage of the above mentioned property.

Dated : 24-10-2024
Place : Delhi

Advocate Ghanshyam Singh,
Ch. E-713 Karkardooma Courts,
Delhi-110032; Ph-8810212071

**NOTICE**

Public at large is hereby informed that my client Sh. Mayank Chawla is the owner of Ground Floor without roof rights of plot bearing No. 212 admeasuring 67.50 Sqr. Mtrs situated at Block - AB, Shalimar Bagh, Delhi 110 088, initially, DDA allotted the said property to Ram Gopal., Thereafter, Perpetual Lease Deed dated 31/03/1977 executed by DDA in favour of Sh. Ram Gopal. In respect of house no. 212, area measuring 67.50 sq.mtrs. as Document No.2726 in Book No.I, Volume No.3445 at Page NO.7 to 12, Later, Conveyance Deed dated 12/05/1997 executed by DDA in favour of Sh. Ram Gopal In respect of house no. 212, area measuring 67.50 sq.mtrs. document no.3561 in Addl. Book No.I, Volume No.336 on Page No.85 to 86, Later, Who executed Regd. Will dated 13/10/2017 in favour of Sh. Praveen Kumar (Ground Floor), Sh. Pramod Kumar (Second Floor), Sh. Pawan Kumar (Third Floor). as doc no. 2763, Later, Sh. Ram Gopal died on 21/09/2018 leaving behind leaving behind a Regd. Will dated 13/10/2017, Finally, Sale Deed dated 15/01/2020 executed by Sh. Praveen Kumar in favour of Sh. Mayank Chawla in respect of the said property, as doc no. 6970, book no. 1, vol no. 9841, Pages 34-43, SR-VIA., Now Sh. Mayank Chawla further intends to mortgage said immovable property for bonafide requirements to HDFC BANK LTD. Whosoever is having any objection to the said mortgage or anyone has claim or right or interest in the property shall contact the undersigned with the objection within 07 days failing which it shall be presumed that there stands no objections.

NEW DELHI
DATE: 24/10/2024

**PRAGYA BHUSHAN ADVOCATE**
Enrl. No. D/721/02
Office: L-27,GF, Kailash Colony, New Delhi-48
Mob.: 9968006418

**PUBLIC NOTICE**

GENERAL PUBLIC IS HEREBY INFORMED THAT ORIGINAL SALE DEED DATED 10.04.2023 EXECUTED BY MRS. GEETA IN FAVOUR OF M/S. P.C. BUILDCON THROUGH PROP. MR. PAWAN CHAWLA IN RESPECT OF PLOT BEARING NO. 08, PLOT ADMEASURING 227 SQ. YARDS I.E. 189.79 SQ. METERS OUT OF KHASRA NO. 814-MIN, SITUATED AT VILLAGE & POST BISRAKH JALALPUR, PARGANA & TEHSIL DADRI, DISTRICT GAUTAM BUDH NAGAR, U.P.-201306, VIDE DOC. NO. 13179, BOOK NO. I, VOL. NO. 23289 ON PAGE NO. 349 TO 370 ON DATE 10.04.2023 SR-DADRI, WITH SUB-REGISTRAR- GURUGRAM, HAS BEEN LOST BY THE OWNER M/S. P.C. BUILDCON. AND MR. JASKARAN SINGH BHATIA, S/O INDERPAL SINGH, HOUSE NO. 435, MATHURA ROAD, JANGPURA, DEFENCE COLONY, SOUTH DELHI-110014. IS GOING TO PURCHASE THE "FLAT BEARING NO. SF- 02 ON SECOND FLOOR (TYPE-3-BHK), HAVING AREA MEASURING 80 SQ. METERS IN "LYZA HOMES" BUILT ON ABOVE SAID PLOT", FROM OWNER / SELLER M/S. P.C. BUILDCON, WHICH WILL BE MORTGAGED WITH PNB HOUSING FINANCE LIMITED AS SECURITY AGAINST HOUSING LOAN FOR PURCHASING OF SAID PROPERTY. PLEASE SUBMIT THE SAID ORIGINAL SALE DEED IF FIND BY ANY PERSON. ALSO PLEASE CONTACT WITH WRITTEN OBJECTION LETTER WITH RELEVANT DOCUMENTS WITH UNDERSIGNED IF HAVING ANY OBJECTION IN RESPECT OF SAID PROPERTY/SALE DEED WITHIN 7 DAYS OF THIS PUBLICATION. ITS USE BY ANYONE IS ILLEGAL.

**ADITYA VERMA, ADV.**
B-19-20, STREET NO. 06,
NEW MODERN SHAHDARA,
DELHI-110032.
MOBILE NO. 9999042521.

**NAME CHANGE**

It is for general information that I, ANAND RAWANI S/o DURYODHAN RAWANI residing at Flat No. 1105 , Tower - CVVIP Homes, Plot No. GHO3, Sector-16 C, Greater Noida West, Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh - 201318 declare that name of mine and my Father have been wrongly written as ANAND REWANI and DURYODHAN REHANI in my 10th Class Educational Documents. The actual name of mine and my Father are ANAND RAWANI and DURYODHAN RAWANI respectively, which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**

I, PREM CHAND RAM S/O KARAM DEV R/O C-1/42A MADHU VIHAR DWARKA NEW DELHI 110059 have changed my name to PREM CHAND for all future purpose.

## कुशल युवाओं को आत्मसम्मान की राह दिखा रही है सेवक स्कीम

**एजेंसी**

**गुरुग्राम।** युवाओं के कौशल विकास एवं उनको रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से चलाई जा रही सेवक योजना के तहत अगले महीने चार नए पाठ्यक्रम शुरू किए जा रहे हैं। इनमें कंप्यूटर, पलंबिंग, इलेक्ट्रिसिटी व सिलाई शामिल है। तीन महीने के इन कोर्स में 18 साल से अधिक आयु का कोई भी युवा दाखिला ले सकता है। उसे यह प्रशिक्षण निन्शुल्क दिया जाएगा।विकास सदन में सेवक योजना की बैठक में एडीसी हितेश कुमार मीणा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 1992 से सेवक योजना चलाई जा रही है। जिसमें युवाओं को पलंबर, इलेक्ट्रिशियन, कारपेंटर आदि का काम सीखा कर उन्हें रोजगार मुहैया करवाया जाता है। इस समय गुरुग्राम शहर के सेक्टर-14 और 15 में तीन बूथ सेवक स्कीम के स्थापित हैं, जहां से करीब तीस युवाओं को रोजाना काम मिलता है। ये कामगार घरों में जाकर रिपेयर का कार्य करते हैं। जिसके लिए प्रशासन द्वारा मंजूर की गई दर से राशि ली जाती है।एडीसी ने बताया कि पुलिस विभाग से सेवक योजना में काम कर रहे युवाओं की वेरिफिकेशन करवाई जाती है। जिससे कि किसी के घर पर सही आदमी काम करने के लिए जाए। आज इन सभी कामगारों को सेवक स्कीम के पहचान-पत्र जारी किए गए।

## कूड़े को प्वाइंटों को खत्म करवाकर रेड स्पॉट को ग्रीन स्पॉट में बदलने के निर्देश

**हिसार।** जिले की सफाई व्यवस्था व प्रॉपर्टी टैक्स बारे नगर निगम सख्त हो गया है। इसके तहत संबंधित अधिकारियों को सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने, सेमिग्रेशन व प्रॉपर्टी टैक्स बारे कड़े निर्देश जारी किए गए हैं। साथ ही तय समय सीमा में कार्य न होने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।जिला नगर आयुक्त ने नगर निगम के मुख्य सभागार में बैठक लेकर जिले की सभी यूएलबी को निर्देश दिए कि अपने क्षेत्र में सरकारी विभागों या अन्य प्रॉपर्टी की इंटीग्रेशन जल्द से जल्द पूर्ण करके पोर्टल पर डालें। उन्होंने जिले की सभी यूएलबी को अपने क्षेत्र में आने वाली सरकारी व अन्य प्रॉपर्टी के सेल्फ सर्टिफिकेशन के कार्यो को जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए आदेश दिए। उन्होंने जिले सभी यूएलबी को निर्देश दिए कि वे सरकारी विभाग को सेल्फ सर्टिफिकेशन करवाने के लिए सरकारी विभाग सक्षम प्राधिकारी को इस बारे लिखित में सूचित करके सेल्फ सर्टिफिकेशन करवाने बारे लिखें। जिला नगर आयुक्त ने जिले की सभी यूएलबी को निर्देश दिए कि वे अपनी पालिकाओं के चैक व मैकर की आईडी पर चेक करें कि उनके द्वारा प्रॉपर्टी आईडी सही करने के लिए किए आवेदनों का रिवर्ट करने का सही कारण दिया गया हैं। यदि कोई पॉलिसी का मैंटर हो तो उसको भी विस्तृत रूप से रिवर्ट में जानकारी दें।

## पलवल में बाजरा और धान की खरीद सुचारू रूप से जारी : डा. हरीश कुमार वशिष्ठ

**पलवल।** उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला की मंडियों में धान व बाजरा की खरीद सुचारू रूप से जारी है। पलवल, होडल, हसनपुर, खाम्बी, हथीन की अनाज मंडियों में समर्थन मूल्य पर बाजरा व धान की खरीद जारी है। उन्होंने बताया कि अब तक हैफेड की ओर से होडल मंडी में 1749.5 एमटी, खाम्बी में 495.9 मीट्रिक टन बाजरा खरीदा जा चुका है, जबकि हरियाणा वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन की ओर से पलवल मंडी में 1361.9 तथा हथीन में 2544 एमटी बाजरा की खरीद की जा चुकी है। अब तक करीब 6151.3 मीट्रिक टन बाजरे की खरीद हो चुकी है और 2160 टन बाजरे का उठान हो चुका है। इसी प्रकार जिला में किसानों से 10521.4 मीट्रिक टन धान की खरीद भी की जा चुकी है। इसमें से 3256.45 एमटी धान का उठान भी हो चुका है। हैफेड की ओर से होडल मंडी में 264.5 एमटी, हसनपुर में 1558.1 एमटी, खाम्बी में 1684.1 एमटी तथा हरियाणा वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन की ओर से पलवल अनाज मंडी में 781.6 एमटी, होडल में 2294 एमटी, हसनपुर में 2933 एमटी, खाम्बी में 1003.1 एमटी और खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा खाम्बी में 3 एमटी धान की खरीद की गई है, जिसमें से 3256.45 मीट्रिक टन धान का उठान भी हो चुका है। उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने बताया कि जिला में अनाज मंडियों में किसानों की सुविधा को ध्यान में रखकर समूचित व्यवस्थाएं की गई हैं।

## रेवाड़ी में बाजरा खरीद सुचारू रूप से जारी, 72 प्रतिशत फसल का उठान हुआ

**रेवाड़ी।** रेवाड़ी ज़िले की विभिन्न मंडियों में अभी तक 85838.50 मीट्रिक टन बाजरे की आवक हुई है। इसमें से 85442.60 एमटी बाजरा विभिन्न खरीद एजेंसियों द्वारा खरीदा गया है। खरीदे गए बाजरे में से 61245.55 मीट्रिक टन की लिफ्टिंग हुई है जो कि लगभग 72 प्रतिशत है। उपायुक्त अभिषेक मीणा ने बताया कि हरियाणा वेयर हाउस कार्पोरेशन, हैफेड तथा खाद एवं आपूर्ति विभाग द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बाजरा की खरीद की जा रही है। उपायुक्त अभिषेक मीणा ने बताया कि जिला की सभी मंडियों में किसानों की सहूलियत के लिए हेल्प डेस्क भी स्थापित किए गए हैं। गेट पास के लिए भी उचित व्यवस्था की गई है। इस बार किसानों की सहूलियत के लिए पोर्टल भी जारी किया गया है जिस पर किसान खुद भी अपना गेट पास जारी कर सकते हैं। मंडियों में किसानों की सुविधा के लिए विभिन्न प्रकार के प्रबंध किए गए हैं।

# दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे के हरियाणा खंड का उद्घाटन जल्द ही कराया जाएगा- मुख्यमंत्री

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि आज हरियाणावासियों के लिए खुशी का दिन है क्योंकि केन्द्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राज्य से निकलने वाले विभिन्न राजमार्गों पर कार्य शुरू करने की अपनी मंजूरी प्रदान की है। उन्होंने कहा कि आज लगभग दर्जनभर राजमार्गों के निर्माण के संबंध में डीपीआर तैयार करने की मंजूरी प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री आज यहां नई दिल्ली में केन्द्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के साथ हरियाणा से संबंधित विभिन्न सड़क परियोजनाओं के संबंध में आयोजित बैठक के उपरांत पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि हरियाणा का कोई भी जिला ऐसा नहीं



हैं जहां पर से चार मार्गीय एक्सप्रेस-वे या ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे गुजरता न हों अर्थात हरियाणा में बेहतरीन अवसंरचना विकसित करने के उद्देश्य से सड़कों का जाल लगातार बिछाया जा रहा है ताकि लोगों के जीवन को सुगम व सरल बनाया जा सकें। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने विभिन्न राजमार्गों की मंजूरी व डीपीआर तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में इन सड़क परियोजनाओं से लोगों को लाभ मिलेगा। कुरुक्षेत्र बाईपास सहित पिहोवा-कुरुक्षेत्र-यमुनानगर कॉरिडोर और लाडवा बाईपास का विकास करने के लिए डीपीआर तैयार करने के निर्देश हरियाणा की सड़क परियोजनाओं की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र बाईपास सहित पिहोवा-कुरुक्षेत्र-यमुनानगर कॉरिडोर और लाडवा बाईपास का विकास करने के लिए आज केन्द्रीय मंत्री ने अधिकारियों को डीपीआर तैयार करने के आदेश दिए हैं।

## अनुसूचित जाति के परिवारों को राजकीय अनुदान पर मिलेंगे सोलर होम सिस्टम



**एजेंसी**

**रेवाड़ी।** अनुसूचित जाति की स्कूल जाने वाली छात्राओं के परिवारों को अनुदान पर सोलर होम सिस्टम दिए जाएंगे। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त अनुपमा अंजलि ने दी। उन्होंने बताया कि नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग द्वारा पहले आओ पहले पाओ की नीति के आधार पर सोलर होम सिस्टम सभी शर्तें पूरी करने वाले परिवारों को आवंटित किए जाएंगे। सोलर होम सिस्टम में दो लाइट, एक पंखा, 75 वाट का एक सोलर पैनल तथा 30 एएच की एक बैटरी होती है। बाजार भाव के हिसाब से इसकी कुल कीमत 14 हजार 250 रुपए बनती है लेकिन राजकीय अनुदान पर पात्र लाभार्थियों को यह सोलर होम सिस्टम 4 हजार 250 रुपए में प्रदान किए जाएंगे। इस प्रकार से पात्र परिवारों को इस सोलर होम सिस्टम पर 10 हजार का राजकीय अनुदान दिया जाएगा।

## हरियाणा में मेट्रो रेल और आरआरटीएस सुविधाएं देने के लिए डबल इंजन की सरकार प्रयासरतः नायब सैनी

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि हरियाणा राज्य दिल्ली के साथ सटा है। यहां के लोगों को मेट्रो रेल और रिजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) जैसी सुविधाएं देने के लिए डबल इंजन (हरियाणा और केंद्र) की सरकार लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में उन्होंने केंद्रीय आवासन एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल के साथ मेट्रो के विस्तारीकरण और आरआरटीएस को स्थापित करने के लिए चर्चा व विचार-विमर्श किया। इसके बाद विभिन्न मेट्रो रेल व आरआरटीएस परियोजनाओं के अध्ययन के लिए केन्द्रीय मंत्री ने मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री नई दिल्ली में केन्द्रीय आवासन एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल के साथ हरियाणा में मेट्रो रेल परियोजनाओं व आरआरटीएस परियोजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए आयोजित बैठक के उपरांत पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा दिल्ली के साथ लगता है और यहां पर लोग अपना कारोबार इत्यादि करते है, को मेट्रो रेल और आरआरटीएस की सुविधा देने के लिए विभिन्न परियोजनाओं पर चर्चा की गई और



विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने बताया कि दिल्ली एयरपोर्ट से गुरुग्राम-फरीदाबाद-जेवर एयरपोर्ट को जोड़ने के लिए आरआरटीएस की संभावनाओं को तलाशा जाएगा। इसका अध्ययन किया जाएगा। इसी प्रकार, दिल्ली के सराय कालेखां से करनाल तक आरआरटीएस, गुरुग्राम से बाढसा के एम्स तक मेट्रो लाइन को जोड़ने पर आज चर्चा की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय आवासन एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा को अवश्य ही इन परियोजनाओं को क्रियान्वित करने में लाभ प्राप्त होगा। इस मौके पर केंद्रीय आवासन एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल ने मैट्रो रेल लाईन और आरआरटीएस की सुविधा लोगों को देने के संबंध में कहा कि मैट्रो को गुरूग्राम के पालम विहार से एयरपोर्ट को जोडने पर अध्ययन किया जाएगा और दो अलग अलग लाईनें बिछाने पर भी संभावनाओं को तलाशा जाएगा। उन्होंने बताया कि बहादुरगढ से असौदा मैट्रो लाईन का अध्ययन, बल्लभगढ से पलवल, गुरूग्राम के सैक्टर-9 से बाढसा एम्स तथा दिल्ली के ढांसा से बाढसा एम्स का अध्ययन, सराय कालेखां से पानीपत तक जाने वाली आरआरटीएस को करनाल तक बढाने का अध्ययन करवाया जाएगा।

## समाधान शिविर की नागरिकों ने की सराहना, मौके पर समाधान से नागरिक खुश

**एजेंसी**

**झज्जर।** जिला में आयोजित समाधान शिविरों में अधिकतर फरियादी संतुष्ट होकर गए। जिले में कुल 22 शिकायतें दर्ज हुई, जिनमें से 12 शिकायतों का मौके पर ही समाधान करते हुए नागरिकों को राहत प्रदान की गई।

उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार ने नागरिकों की समस्याओं के त्वरित व प्रभावी समाधान के लिए समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। स्थानीय निकाय विभाग द्वारा नगर परिषद झज्जर व बहादुरगढ़ व नगर पालिका बेरी में समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसके अलावा पंचायत विभाग द्वारा जिले के सभी सात ब्लॉक में समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

डीसी ने बताया कि आयोजित हुए समाधान शिविरों में जिले में कुल 22 शिकायतें दर्ज हुई, जिनमें से 12 शिकायतों का मौके पर ही समाधान करते हुए नागरिकों को राहत प्रदान की गई। नगर परिषद झज्जर में डीएमसी परवेश कादयान द्वारा शिकायतों पर सुनवाई की गई। शिविर में कुल सात नागरिक द्वारा शिकायत दर्ज करवाई गई जिनमें से 2



शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया व अन्य शिकायतों का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए गए। नगर परिषद बहादुरगढ़ में कुल 2 शिकायतें आई व दोनों का ही मौके पर ही समाधान कर दिया गया। बेरी नगर पालिका में कुल दो शिकायतें प्राप्त हुई व दोनों का मौके पर ही समाधान किया गया। इसके अलावा पंचायत विभाग द्वारा जिले के सातों ब्लॉक में बीडीपीओ के स्तर पर समाधान शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में कुल सात शिकायतें दर्ज हुई जिनमें से 3 शिकायतों का मौके पर ही समाधान करते हुए नागरिकों को राहत प्रदान की गई। समाधान शिविर में शिकायत लेकर पहुंचे नागरिकों ने सरकार के प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा समाधान शिविर नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने का बेहतर जरिया है। अधिकारी इस मौके पर ही गंभीरता के साथ समस्याओं का समाधान करते हैं।

# विलुप्त हो रही हमारी संस्कृति पिछले 10 वर्षों में अंकुरित हो कर दोबारा फिर एक वट वृक्ष का रूप ले रही- मुख्यमंत्री

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा की जनता द्वारा बड़े बहुमत से प्रदेश में लगातार तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर पूज्य संतों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को आशीर्वाद दिया। आज यहां मुख्यमंत्री आवास संत कबीर कुटीर पर भव्य तरीके से संत आर्शीवाद समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेशभर से महान संतों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन से पहले पूज्य संतों द्वारा हवन यज्ञ किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी आहुति दी।

इस मौके पर अपने संबोधन में नायब सिंह सैनी ने कहा कि मैं बड़ा सौभाग्यशाली हूं जो आज मुझे सभी संतों का आशीर्वाद मिला है। सभी संतों ने यही आशीर्वाद दिया है कि मेरा ये देश मेरा ये हरियाणा मजबूती से आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में देश और प्रदेश ने एक नई करवट ली है। देश की समस्याओं का समाधान हुआ, जिनसे हम पहले जूझते थे।



मुख्यमंत्री ने कहा कि हम देखते थे कि हमारी संस्कृति कहीं न कहीं विलुप्त होती जा रही है, लेकिन पिछले 10 वर्षों में वो अंकुरित हो कर दोबारा फिर एक वट वृक्ष का रूप ले रही है। ये आप लोगों का ही आशीर्वाद है। उन्होंने कहा कि संतों के इस आशीर्वाद से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के साथ मिलकर हरियाणा को तीव्र गति से आगे बढ़ाने के लिए वे दिन रात काय करेंगे।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि हमने कुछ निर्णय भी लिए, जिनका हरियाणा प्रदेश की जनता को सीधा लाभ मिला है। मनोहर लाल ने संकल्प लेकर एक व्यवस्था को खड़ा किया और उसका ही परिणाम है कि सरकार के शपथ ग्रहण से पहले हरियाणा प्रदेश के गरीब परिवारों के 25,000 बच्चों को बिना पर्ची खर्ची के सरकारी नौकरी मिली। हरियाणा प्रदेश के लोगों के बीच में एक बड़ा संदेश गया कि ये सरकार राजनीति के लिए काम नहीं करती है, बल्कि प्रदेश के हित के लिए काम करती है। हमने जो कहा था उसको पूरा किया। प्रदेश के लोगों ने इस बात को स्वीकर किया कि भारतीय जनता पार्टी वोट के लिए नहीं बल्कि व्यवस्था के लिए काम करती है और हमने ये सिद्ध करके दिखाया है। उन्होंने कहा कि श्री मनोहर लाल जी ने हरियाणा प्रदेश के लिए गजब की व्यवस्थाएँ खड़ी की, जो मुझे विरासत में मिली और संतों के आशीर्वाद से इस विरासत को और गति से आगे बढ़ाने का काम करूँगा। समारोह में कैबिनेट मंत्री महिपाल ढांडा, विपुल गोयल, रणबीर गंगवा तथा राज्य मंत्री राजेश नागर व गौरव गौतम भी उपस्थित रहे। सर्वप्रथम मुख्यमंत्री ने मंच पर आसीन सभी संतों को रुद्राक्ष की माला पहनाकर सम्मानित किया।

## नगर निगम द्वारा समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं का निवारण

**एजेंसी**

**सोनीपत।** प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार, स्थानीय नगर निगम कार्यालय में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नगर निगम आयुक्त विश्राम मीणा और संयुक्त आयुक्त डॉ. नरेश कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे, जिन्होंने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और त्वरित समाधान किया।शिविर में प्रोपर्टी आईडी, हाउस टैक्स, जन्म प्रमाण पत्र, और पानी निकासी जैसी समस्याओं को लेकर नागरिक पहुंचे थे। कुल 33 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 9 समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। बाकी आवेदनों को जल्द से जल्द निपटाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। नगर निगम आयुक्त ने कहा कि शहरी निकाय के अधिकारी हमेशा नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहते हैं, और प्रत्येक कार्यदिवस पर समाधान शिविरों के माध्यम से मदद दी जा रही है। शिविर में तारा नगर निवासी महेश कुमार ने बताया कि उनके मकान के नक्शे की समस्या, जो पिछले तीन-चार महीने से लंबित थी, आज मौके पर ही हल कर दी गई। उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री और नगर निगम



अधिकारियों का धन्यवाद किया। वहीं, शादीपुर निवासी अजय कुमार की भी संपत्ति से जुड़ी समस्या का समाधान मौके पर हीकर दिया गया। आयुक्त ने नागरिकों से अपील की कि वे अपनी समस्याओं के साथजरूरी दस्तावेज और प्रमाण लाएं ताकि त्वरित समाधान संभव हो सके। नगर निगम से जुड़ी प्रोपर्टी, टैक्स, और सफाई आदि समस्याओं का प्राथमिकता से निपटारा किया जाएगा।

# झज्जर को अब किसी के पीछे नहीं, आगे चलना होगा - धनखड़

**एजेंसी**

**झज्जर।** भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने हसनपुर में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि परिश्रम की पराकाष्ठा ही भाजपा कार्यकर्ता की पहचान है। मेहनती कार्यकर्ताओं के दम पर ही केंद्र और हरियाणा में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है। इसके लिए सभी कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने संकल्प पत्र को लागू करने का काम शुरू कर दिया है। सरकार बनते ही बिना पर्ची खर्ची के 24 हजार से अधिक युवाओं को नौकरी देने का बड़ा काम किया है। झज्जर जिले में मेट्रो नेटवर्क विस्तारीकरण को हरी झंडी दे दी है। उन्होंने कहा कि दोगले चेहरे वालों से पार्टी कार्यकर्ता सावधान रहें। धनखड़ ने कहा कि कार्यकर्ताओं ने बहुत ही शानदार और जानदार ढंग से चुनाव लड़ा। भाजपा एंटी इनकम्बेंसी को प्रो इनकंबैंसी में बदलना जानती है। अपने इलाके में कांग्रेस ने एक परिवार के स्वार्थ के लिए भ्रम फैलाया। धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा झूठ के आधार पर जनादेश



लूटने का काम किया है। अब इन लोगों का समय चला गया है। अब झज्जर लोगों के किसी के पीछे चलने की जरूरत नही रही बल्कि आगे बढ़क़र चलने का समय आ गया है।धनखड़ ने कहा कि पार्टी ने सदस्यता अभियान शुरू कर दिया है। झज्जर जिले के हर विधानसभा क्षेत्र में एक एक लाख कार्यकर्ता बनाने का लक्ष्य तय किया है। यानि जिला में चार लाख नये कार्यकर्ता बनाए जाएंगे। धनखड़ जी की आयु 63 वर्ष पूरी होने पर कार्यकर्ताओं ने हाथ उठाकर संकल्प लिया कि अगले चुनाव में भाजपा का लक्ष्य 63 प्रतिशत मत प्राप्त करना है। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने केक काटकर मंच पर ही धनखड़ का जन्मदिन मनाया। संत समाज, क्षेत्र की सरदारी और अनेक गणमान्य लोगों ने धनखड़ को जन्मदिन की बधाई दी और उनके दीर्घायु होने की कामना की।

## विकास एवं पंचायत मंत्री ने विकास के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई

**एजेंसी**

**सोनीपत।** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार गोहाना में इसराना क्षेत्र के गांव परढ़ाना



के पूर्व सरपंच दलबीर सांगवान के निधन पर शोक व्यक्त करने पहुंचे। दिवंगत सरपंच ने गोहाना के देवीपुर में अपनी रिहायश बनाई थी। मंत्री ने उनके भाई रणधीर सांगवान के घर जाकर परिवार को सांत्वना दी।

पत्रकारों से बातचीत के दौरान मंत्री पंवार ने कहा, मैं छह बार का विधायक और राज्यसभा सांसद रह चुका हूं। मुझे विभिन्न विभागों का व्यापक अनुभव है, और मैं हर विभाग में विकास की गति तेज करने का प्रयास करूंगा। उन्होंने यह भी कहाकि प्रदेश की पंचायतें शिक्षित हैं, और विकास कार्यों में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। मंत्री ने बताया कि खनन विभाग की समीक्षा के लिए जल्द ही अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

इस मौके पर नगर परिषद चेयरपर्सन के पति इंद्रजीत वीरमानी, भाजपा नेता बलराम कौशिक, ओमवीर वत्स और गुलशन बीरमानी आदि उपस्थित थे।

## शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में समाधान शिविर लगाकर अधिकारियों ने सुनी जनसमस्याए

**एजेंसी**

**रेवाड़ी।** प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार ज़िले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में दूसरे दिन भी समाधान शिविर के माध्यम से अधिकारियों द्वारा जन समस्याओं को सुना गया। स्थानीय नगर परिषद कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर में अतिरिक्त उपायुक्त अनुपमा अंजलि व नगर पालिकाओ में सचिवो ने नागरिकों की समस्याएं सुनी।

इसी प्रकार से जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विकास यादव के दिशा निर्देशन में सभी खंडों में आयोजित समाधान शिविर के दौरान खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं सुनी। समाधान शिविर में नागरिक प्रोपर्टी आईडी, हाउस टैक्स, जन्म प्रमाण पत्र, पानी निकासी आदि विभिन्न प्रकार की समस्याएं लेकर पहुंचे। ज़िले में कुल 19 समस्याएं प्राप्त हुई, जिनमें से 5 का मौके पर ही समाधान करवाया गया तथा शेष का समाधान जल्द ही किया



जायेगा। अधिकारियों ने कहा कि नागरिक समाधान शिविरों के माध्यम से अपनी समस्या का समाधान करवा सकते हैं। अधिकारियों ने कहा कि समाधान शिविर में आने वाले नागरिक समस्या के फोटो या कोई ठोस सबूत जरूर लेकर आएं। नागरिकों का समस्याओं का हर हाल में समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नागरिक प्रोपर्टी की रजिस्ट्री, प्रोपर्टी आईडी में किसी प्रकार की त्रुटि को दुरुस्त करवाने, प्रोपर्टी टैक्स, सफाई आदि शहरी स्थानीय निकाय से संबंधित समस्याएं रख सकते हैं, जिनका समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा।

# निबंध लेखन में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पर विद्यार्थियों ने दिखाया कौशल

**एजेंसी**

**पंचकूला।** हरियाणा राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद ने राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सेक्टर-1 में जिला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता की समन्वयक रसायन विज्ञान विभाग की प्रोफेसर मीनाक्षी निर्माण और संयोजक भौतिकी विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. सरोज और सह-संयोजक रसायन विज्ञान विभाग की सहायक प्रोफेसर अंकिता रहीं। प्रतियोगिता में मेजबान कॉलेज के अलावा राजकीय पीजी महिला महाविद्यालय सेक्टर-14, पंचकूला, अरुणा आसफ अली राजकीय पीजी महाविद्यालय, कालका और राजकीय महाविद्यालय, बरवाला के कुल 34 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के विषयों में सतत कृषि का महत्व, प्राचीन भारत में विज्ञान और प्रौद्योगिकी, साइबर अपराध और इसकी रोकथाम, नवीकरणीय ऊर्जा = आधुनिक दुनिया के लिए इसका महत्व और दूध उत्पादन को बढ़ाने में विज्ञान की भूमिका शामिल थे। मुकाबले का निर्णय रिटायर्ड प्राचार्य, अरुण जोशी (वनस्पति विज्ञान, राजकीय कॉलेज अंबाला कैंट), रिटायर्ड एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रुक्मणि (रसायन विज्ञान, राजकीय महिला महाविद्यालय सेक्टर-14, पंचकूला) और रिटायर्ड प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह श्योराण (भौतिकी, राजकीय कॉलेज अंबाला कैंट) ने किया। प्रतियोगिता के निर्णायकों ने अपने अनुभव साझा किए और छात्रों को उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया। मेजबान कालेज के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र सिंह सिवाच ने निर्णायकों और छात्रों का स्वागत करते हुए कहा कि विद्यार्थियों की उत्साही भागीदारी यह दर्शाती है कि वे विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में गंभीरता से काम कर रहे हैं। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं उनके लेखन कौशल को निखारने और ज्ञानवर्धन के लिए बेहद आवश्यक हैं। प्रतियोगिता के परिणामस्वरूप सिमरन, साक्षी चक्रधारी, शिवानी, श्रीराम, दिव्या शर्मा, यशिका, सार्थक परमार, पूजा, दीपिका शर्मा और अंशिका को शीर्ष दस में चुना गया। कार्यक्रम का संचालन बॉटनी विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. नीरज ने किया, और अंत में धन्यवाद ज्ञापन भौतिकी विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. विधि मान ने किया। पूरे विज्ञान विभाग ने अपनी-अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## विकसित भारत के निर्माण के लिए बुनियादी ढांचा, निवेश, नवाचार और समावेशिता पर ध्यान केंद्रित : सीतारमण

एजेंसी

**वाशिंगटन।** केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए नरेन्द्र मोदी नीति सरकार चार प्रमुख क्षेत्रों बुनियादी ढांचा, निवेश, नवाचार और समावेशिता पर ध्यान केंद्रित कर रही है। सीतारमण ने पेंसिल्वेनिया विश्वविद्यालय के व्हार्टन स्कूल के छात्रों के साथ बातचीत के दौरान यह बात कही।वित्त मंत्री कार्यालय ने जारी बयान में बताया कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को अंतराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की वार्षिक बैठकों में हिस्सा लेने के लिए यहां पहुंचीं। वित?त मंत्री न्यूयॉर्क से वाशिंगटन डीसी तक कार में आईं। इस बीच वह पेनसिल्वेनिया विश्वविद्यालय में रुकी थीं, जहां उन्होंने छात्रों से बातचीत की। उन?होंने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार चार प्रमुख क्षेत्रों, बुनियादी ढांचा, निवेश, नवाचार तथा समावेशिता पर ध्यान केंद्रित कर रही है। व्हार्टन स्कूल के छात्रों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के 51 से ज?यादा मंत्रालय और विभाग डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफ़र (डीबीटी) से जुड़े हैं। पिछले 8 सालों में कुल मिलाकर 450 अरब अमरीकी डॉलर से ज?यादा ट्रांसफ़र किए गए हैं। वित?त मंत्री ने कहा कि 8 सालों में लगभग 40 अरब अमरीकी डॉलर की चोरी से बचाए गए हैं।

## उसना चावल से एक्सपोर्ट ड्यूटी हटाई गई, केंद्र की ओर से नोटिफिकेशन जारी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने चावल के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए उसना चावल यानी उबले चावल (परबॉयल्ड राइस) पर लगने वाली एक्सपोर्ट ड्यूटी को खत्म कर दिया है। पिछले सप्ताह ही हाई लेवल मिनिस्टीरियल पैनल ने इस आशय का निर्णय लिया था। अब इस संबंध में अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। चावल के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए पिछले महीने ही उसना चावल पर लगने वाली एक्सपोर्ट ड्यूटी को 20 प्रतिशत से घटा कर 10 प्रतिशत किया गया था। लेकिन अंतरराष्ट्रीय बाजार में चावल की कीमत में आई गिरावट और देश में पहले से मौजूद चावल के पर्याप्त भंडार को देखते हुए सरकार ने उसना चावल पर लगने वाली एक्सपोर्ट ड्यूटी को पूरी तरह से खत्म कर दिया है कुछ दिनों पहले ही इंडियन राइस एक्सपोर्टर्स फेडरेशन (आईआरईएफ) ने केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल से मिलकर चावल पर लगने वाली एक्सपोर्ट ड्यूटी को खत्म करने की मांग की थी। इसके बाद केंद्र सरकार ने हाई लेवल मिनिस्टीरियल फाइनल का गठन किया। इस मिनिस्टीरियल पैनल ने उसना चावल पर लगने वाली 10 प्रतिशत एक्सपोर्ट ड्यूटी को खत्म करने का फैसला लिया। आईआरईएफ का कहना है कि भारत के पास चावल का पर्याप्त भंडार पहले से मौजूद है। इसी तरह इस खरीफ सीजन में चावल की बंपर पैदावार हुई है?, जिसके कारण जल्द ही देश के चावल भंडार में जबरदस्त बढ़ोतरी होने का अनुमान है।

## दिल्ली में एयरटेल का 5जी नेटवर्क सर्वश्रेष्ठः ओपनसिग्नल

**नयी दिल्ली।** ओपनसिग्नल की मोबाइल नेटवर्क एक्सपीरियंस रिपोर्ट के अनुसार भारती एयरटेल ने अक्टूबर 2024 के लिए दिल्ली में सर्वश्रेष्ठ 5 जी नेटवर्क प्रदाता के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत किया है। दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल ने पांच प्रमुख नेटवर्क क्वालिटी कैटिगरी में से चार यानी 5 जी वीडियो एक्सपीरियंस, 5 जी लाइव वीडियो एक्सपीरियंस, 5 जी गेम्स एक्सपीरियंस, 5 जी डाउनलोड स्पीड और 5 जी अपलोडिंग की रफ़्तार में अपनी श्रेष्ठता साबित करते हुए इस क्षेत्र में 5 जी सेवाओं के लिए शीर्ष विकल्प के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत किया है और अपने ग्राहकों को सुविधाएँ प्रदान करने में बेजोड़ प्रदर्शन किया है। एयरटेल ने आज यहां जारी बयान में कहा कि ओपनसिग्नल द्वारा मोबाइल एक्सपीरियंस का विश्लेषण करने के लिए वैश्विक मानक स्थापित किये गये हैं। ये ग्राहकों के वास्तविक अनुभव को समझने के लिए एक निश्चित मार्गदर्शिका/गाइड है। अपनी नवीनतम उपभोक्ता रिपोर्ट में, ओपनसिग्नल दिल्ली में एयरटेल के प्रभुत्व को मान्यता देता है, जो विभिन्न स्तरों पर एयरटेल की जबरदस्त जीत का प्रतीक है।

## निर्यात कौशल पाठ्यक्रम के विकास में उद्योग सहयोग दे-मोइन अफाक

**नयी दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की एजेंसी विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) में संयुक्त महानिदेशक मोइन अफाक ने उद्योग जगत को खास कर ऑन लाइन निर्यात कौशल और क्षमता को बढ़ावा देने के उद्येश्य से लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउसिंग, पैकेजिंग और लेबलिंग सहित महत्वपूर्ण विषयों पर शैक्षिक सामग्री विकसित करने में सरकार के साथ सहयोग करने के लिए आमंत्रित किया है। श्री अफाक मंगलवार को यहां इंटरनेट रिटेलर्स, सेलर्स एंड ट्रेडर्स (फर्स्ट इंडिया) के लिए डीजीएफटी द्वारा ई-वाणिज्य निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित एक 'हितधारक गोलमेज चर्चा' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, 'विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) संपूर्ण व्यापार पारिस्थितिकी तंत्र के लाभ के लिए सहयोग को बढ़ावा देने और पारदर्शी, सुलभ प्रणाली स्थापित करने तथा निर्यात को बढ़ावा देने के लिए क्षमता निर्माण और कौशल विकास के लिए प्रतिबद्ध है।' संयुक्त डीजीएफटी श्री अफाक ने कहा कि ट्रेड कनेक्ट पोर्टल और एक्जिम पाठशाला जैसी पहलों को सभी हितधारकों को सशक्त और शिक्षित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

# गोल्डमैन सैक्स ने इंडियन इक्विटीज की रेटिंग घटाई, निफ्टी के 12 महीने के टार्गेट को भी कम किया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इन्वेस्टमेंट फर्म गोल्डमैन सैक्स ने इंडियन इक्विटीज की रेटिंग घटा कर न्यूट्रल कर दी है। इसके पहले भारतीय शेयरों की रेटिंग ओवरवेट कैटेगरी में थी। गोल्डमैन सैक्स की ओर से कहा गया है कि अगले 3 से 6 महीने की अवधि में टाइम करेक्शन की संभावना को देखते हुए भारतीय शेयरों की रेटिंग को ओवरवेट से घटा कर न्यूट्रल करने का फैसला लिया गया है।

इन्वेस्टमेंट फर्म का मानना है की डोमेस्टिक इनफ्लो और हाई वैल्यूएशन के कारण प्राइस करेक्शन की संभावना भी बनी हुई है। इसके साथ ही वैश्विक परिस्थितियों के ज्यादा अनुकूल नहीं होने की वजह से भारतीय बाजार में तेजी की संभावना भी सीमित होगी। गोल्डमैन सैक्स की ओर से कहा गया है कि भारतीय शेयरों का ढांचागत आकर्षण लगातार बना हुआ है, लेकिन




इकोनामिक ग्रोथ और प्रॉफिट के मोर्चे पर सस्ती नजर आ रही है। ज्यादातर कंपनियों को लगातार घट रहे प्रॉफिट मार्जिन, प्रोडक्ट के डिमांड में कमी और हाई बेस की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसकी वजह से सितंबर में खत्म हुई तिमाही की अर्निंग ग्रोथ कोरोना काल के बाद के सबसे निचले स्तर पर पहुंच सकती है। इन्वेस्टमेंट फर्म गोल्डमैन सैक्स ने इस बात की भी आशंका जताई है कि आने वाले समय में अर्निंग ग्रोथ से संबंधित चुनौतियां और बढ़ सकती हैं।

अपने अलग-अलग मापदंडों का उल्लेख करते हुए गोल्डमैन सैक्स में निफ्टी के लिए अगले 12 महीने का टारगेट 27,000 अंक कर दिया है, जो गोल्डमैन सैक्स के पिछले अनुमान 27,500 से कम है। इसके साथ ही इस इन्वेस्टमेंट फर्म को शॉर्ट टर्म में निफ्टी के 24,500 तक पहुंचने और अगले 6 महीने में बढ़ कर 25,500 तक पहुंचने का अनुमान है। गोल्डमैन सैक्स ने टेलीकॉम, ऑटोमोबाइल और इंश्योरेंस को लेकर ओवरवेट रेटिंग पहले की तरह बरकरार रखी है, जबकि रियल्टी सेक्टर को अपग्रेड करके ओवरवेट कैटेगरी में ला दिया है। दूसरी ओर फाइनेंशियल, इंडस्ट्रियल, केमिकल और सीमेंट सेक्टर को इस इन्वेस्टमेंट फर्म ने डाउनग्रेड कर दिया है।

## सेबी चेयरपर्सन के खिलाफ कोई जांच नहीं हुई, क्लीन चिट मिलने की बात गलत : वित्त मंत्रालय

एजेंसी

**नई दिल्ली।** मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच को क्लीन चिट मिलने की खबर को केंद्र सरकार ने पूरी तरह से गलत बताया है। वित्त मंत्रालय की ओर से स्पष्ट किया गया है कि माधवी पुरी को क्लीन चिट मिलने की बात तथ्यात्मक रूप से गलत है, क्योंकि इस तरह की कोई जांच की ही नहीं गई थी। दरअसल,कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि सेबी चेयरपर्सन के खिलाफ लगाए गए तमाम आरोपों की जांच में सरकार को उनके या उनके परिजनों के खिलाफ कुछ भी नहीं मिला है। इसलिए उन्हें क्लीन चिट दे दी गई है। इस खबर के प्रसारित होने के बाद वित्त मंत्रालय की ओर से आज बताया गया कि सेबी चेयरपर्सन के खिलाफ लगाए गए कथित आरोपों को लेकर कोई जांच नहीं की गई थी। इसलिए उन्हें जांच के बाद क्लीन सीट दिए जाने की बात पूरी तरह से बेबुनियाद है। माधवी पुरी और उनके पति पर पिछले कुछ महीनों के दौरान आरोप लगाने की शुरुआत अमेरिकी शॉर्ट सेलर फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च ने की। इस अमेरिकी फर्म के आरोप अडाणी ग्रुप से जुड़े ऑफशोर फंडों में उनके निवेश और कोड ऑफ कंडक्ट के उल्लंघन से जुड़े हुए थे। हिंडनबर्ग ने अपनी रिपोर्ट में हितों के टकराव और वित्तीय गड़बड़ियों के आरोपों पर सेबी चेयर पर्सन की चुप्पी पर सवाल उठाया था। इस रिपोर्ट में ये भी कहा गया था कि माधवी पुरी बुच और उनके परिवार के अडाणी ग्रुप के साथ अघोषित वित्तीय संबंध हो सकते हैं। हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोप लगाने के बाद कांग्रेस ने भी सेबी चेयरपर्सन पर अलग-अलग आरोप लगाए। जवाब में माधवी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच ने इन तमाम आरोपों को निराधार बताया था और इसे चरित्र हनन की कोशिश कहा था। माधवी पुरी बुच और धवल बुच ने संयुक्त बयान जारी करके अपने ऊपर लगाए गए तमाम आरोपों को खारिज करके कहा था कि उनके वित्तीय रिकॉर्ड पूरी तरह से पारदर्शी हैं।

## 2047 तक 'विकसित भारत' के सपने को साकार करने में एआई की भूमिका अहम

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने में एआई की अहम भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि एआई अपनाने से 2030 तक देश में 33.8 करोड़ रुपये का आर्थिक मूल्य उत्पन्न हो सकता है। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने नई दिल्ली में केपीएमजी के वार्षिक नवाचार और ऊर्जा सम्मेलन एनरिच 2024 को संबोधित करते हुए ने ऊर्जा क्षेत्र में बदलाव लाने में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उन?होंने अपने संबोधन में ÷ऊर्जा के लिए एआई÷ थीम के साथ एआई और ऊर्जा के अभिसरण को समयोचित और परिवर्तनकारी बताया, जो उद्योग के भविष्य को आकार देने में एक अहम



कदम है। हरदीप पुरी ने इस बात पर जोर दिया कि एआई परिचालन में क्रांति लाने, दक्षता बढ़ाने और अधिक टिकाऊ ऊर्जा परिदृश्य की ओर बदलाव को गति देने के लिए तैयार है। मंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि किस प्रकार एआई को उद्योगों में तेजी से अपनाया जा रहा है और यह 2047 तक प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत' के दृष्टिकोण को साकार करने में सहायक होगा केंद्रीय मंत्री ने इस बात पर भी जोर दिया कि भारत अपनी बढ़ती अर्थव्यवस्था, युवा आबादी और संपन्न तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र के साथ एआई से बहुत लाभ उठाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट बताती है कि एआई को अपनाने से 2030 तक भारत की अर्थव्यवस्था में कम से कम 33.8 लाख करोड़ रुपये का योगदान हो सकता है।

## एयर इंडिया और सिंगापुर एयरलाइंस ने 'कोडशेयर' समझौते के विस्तार पर सहमति जताई

एजेंसी

**सिंगापुर/नई दिल्ली।** टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया और सिंगापुर एयरलाइंस (एसआईए) ने अपने 'कोडशेयर' समझौते का विस्तार करने पर सहमति व्यक्त की है। इसके तहत दोनों विमानन कंपनियों अपने नेटवर्क में 11 भारतीय शहरों और 40 अन्य अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों को जोड़ेंगे। एयर इंडिया के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी निपुण अग्रवाल ने जारी एक बयान में कहा कि इस समझौते के विस्तार से यात्रियों को अधिक विकल्प और विस्तारित वैश्विक संपर्क मिलेगा। यह 2010 के बाद से विमानन कंपनियों के बीच 'कोडशेयर' व्यवस्था का पहला व्यापक विस्तार होगा। इससे दोनों एयरलाइंस के ग्राहकों को सिंगापुर और भारत के साथ-साथ अन्य स्थानों के बीच बेहतर यात्रा विकल्प मिलेंगे। एयरलाइन ने कहा कि 'कोडशेयर' समझौता




विमानन कंपनियों को एक-दूसरे की उड़ानों में अपने ग्राहकों को सेवाएं प्रदान करने की अनुमति देता है। इस वर्ष 27 अक्टूबर से एयर इंडिया और एसआईए सिंगापुर एयरलाइंस अन?य भारतीय शहरों के बीच एक-दूसरे की उड़ानों पर 'कोडशेयर' करेंगे, जिससे दोनों देशों के बीच उनकी कुल साप्ताहिक सेवाओं की संख्या 14 से बढ़कर 56 हो जाएगी।एयर इंडिया एयरलाइन के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी ने कहा कि सिंगापुर एयर के साथ हमारे विस्तारित कोडशेयर की घोषणा से ऑस्ट्रेलिया, सुदूर पूर्व और दक्षिण पूर्व एशिया में सिंगापुर एयरलाइंस नेटवर्क पर 28 अतिरिक्त गंतव्य आपके करीब आ रहे हैं। उन्होंने कहा, ''एयर इंडिया तथा सिंगापुर एयरलाइंस लंबे समय से साझेदार रहे हैं। हमारे 'कोडशेयर' समझौते के इस विस्तारित दायरे के साथ हम अपने मेहमानों को बेहतर संपर्क प्रदान करने को उत्साहित हैं।'' सिंगापुर एयरलाइंस के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी ली लिक ह्सिन ने जारी एक बयान में कहा कि कोडशेयर व्यवस्था का विस्तार दोनों एयरलाइन कंपनियों के बीच मजबूत सहयोगात्मक भावना को दर्शाता है।

# मोबिक्विक का नया फिक्स्ड डिपॉजिट प्लान लॉन्च, 9.5 फीसदी तक रिटर्न की पेशकश

एजेंसी

**नई दिल्ली/गुरुग्राम।** देश के अग्रणी डिजिटल वित्तीय सेवा प?लेटफॉर्म में से एक वन मोबिक्विक सिस्टम्स लिमिटेड (मोबिक्विक) ने अपने मोबाइल ऐप पर नए जमाने का इंस?टेंट फिक?सड डिपॉजिट (एफडी) लॉन?च किया है। मोबिक्विक ने स्मॉल फाइनेंस बैंक (एसएफबी) के साथ साझेदारी में इसको शुरू किया है। इसके जरिए उपयोगकर्ताओं को नया बैंक खाता खोले बिना अपनी बचत पर 9.5 फीसदी तक सलाना रिटर्न पान का अवसर मिलेगा। मोबिक्विक ने जारी एक बयान में कहा कि इस नए उत्पाद की शुरुआत करने का उद्देश्य अपने उपयोगकर्ताओं के लिए बचत प्रक्रिया को सरल बनाना है। मोबिक्विक फिक्स्ड डिपॉजिट उपयोगकर्ताओं को 1000 रुपये से भी कम निवेश करने और नया बैंक खाता खोले बिना 9.5 फीसदी तक सालाना रिटर्न कमाने की अनुमति प्रदान करेगा। कंपनी ने कहा कि मोबिक्विक का ये एफडी विकल्प 7 दिनों से लेकर 60 महीनों तक की लचीली अवधि के लिए उपलब?ध है, जो विभिन्न वित्तीय लक्ष्यों और तरलता जरूरतों को पूरा करता है। इसके अलावा, समय से पहले निकासी की अनुमति है, हालांकि ये जारीकर्ता के नियमों और शर्तों के अनुसार ब्याज दर समायोजन के अधीन हो सकते हैं। मोबिक्विक ने अपने प्लेटफॉर्म के जरिए की गई एफडी बुकिंग की सुरक्षा और प्रामाणिकता को सुनिश्चित करने के लिए सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक और बजाज फाइनेंस सहित कई आरबीआई-विनियमित एसएफबी और एनबीएफसी के साथ साझेदारी की है। प्रौद्योगिकी सेवा प्रदाता ब्लॉस्टेम इस प्रक्रिया को सरल बनाता है। एफडी बुक करने पर उपयोगकर्ताओं को एसएमएस या ई-मेल के माध्यम से पुष्टि और जारीकर्ता बैंक या वित्तीय संस्थान से रसीद मिलती है, जिससे पारदर्शिता और ट्रैकिंग में आसानी होती है। मोबिक्विक के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बिपिन प्रीत सिंह ने इस अवसर पर भारतीय परिवारों में फिक्स्ड डिपॉजिट के महत्व पर जोर दिया। उन?होंने कहा कि पीढ़ियों से फिक्स्ड डिपॉजिट भारतीयों के लिए निवेश का सबसे अच्छा जरिया रहा है, जो धन संचय करने का एक सुरक्षित और विश्वसनीय तरीका भी है। उन्होंने कहा कि एफडी को हमेशा कम जोखिम वाले, स्थिर साधन के रूप में देखा जाता है जो मन की शांति प्रदान करते हैं, खासकर उन लोगों के लिए जो अपने वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करना चाहते हैं या आपात स्थिति के लिए धन जमा करना चाहते हैं।

## सरकार ने 70 रुपये प्रति किलो की दर से भारत ब्रांड चना दाल चरण-2 किया लॉन्च

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बढ़ती महंगाई पर नकेल कसने के लिए सख्त कदम उठाया है। सरकार ने दिपावली से पहले भारत ब्रांड योजना का दूसरा चरण लॉन्च किया है। केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर दिल्ली-एनसीआर में भारत चना दाल चरण-2 की खुदरा बिक्री शुरू की।

केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता मामले मंत्री प्रह्लाद जोशी ने दूसरे चरण की बिक्री की शुरुआत करते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को चना दाल 70 रुपये प्रति किलोग्राम की दर पर उपलब?ध होगी। वहीं सहकारी नेटवर्क भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ लिमिटेड (एनसीसीएफ), भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (नेफेड) और केंद्रीय भंडार के जरिए साबुत चना 58 रुपये प्रति किलोग्राम और मसूर दाल 89 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बेची जाएगी। जोशी ने इस पहल के दूसरे चरण को पेश करते हुए कहा, ''हम मूल्य स्थिरीकरण कोष के तहत रखे गए अपने भंडार को सब्सिडी वाली कीमत पर बेच रहे हैं।'' उन्होंने कहा



कि सरकार ने सहकारी समितियों को 3 लाख टन चना और 68 हजार टन मूंग आवंटित किया है। खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री ने कहा कि यह योजना पूरे देश में लागू हो गई है। इस अवसर पर खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के राज्यमंत्री बी. एल. वर्मा और निमुबेन जयंती भाई बांभणिया भी उपस्थित रहे।

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**नयी दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर साप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 1.25 प्रतिशत की गिरावट लेकर 70.84 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। इसी तरह लंदन ब्रेंट क्रूड 1.18 प्रतिशत उतरकर 75.14 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

# सोने-चांदी की तेजी से घटी त्योहारी मांग, दिवाली पर बिक्री में 40 से 50 प्रतिशत गिरावट की आशंका

एजेंसी

**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट में जारी तनाव और दुनिया भर के शेयर बाजारों में आई गिरावट के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना और चांदी रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचे हुए हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में आई तेजी का असर भारतीय सर्राफा बाजारों पर भी पड़ा है, जहां हाजिर सोना 80 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के करीब पहुंच गया है। चांदी एक लाख रुपये के स्तर को पार करके कारोबार कर रही है। इन दोनों चमकीली धातुओं की कीमत में आई तेजी के कारण सर्राफा बाजारों में इनकी मांग में अब गिरावट आने लगी है। आशंका जताई जा रही है कि इस साल धनतेरस और दिवाली पर सोने-चांदी की बिक्री में 40 से 50 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है। मिडिल ईस्ट के तनाव और वैश्विक स्तर पर शेयर बाजारो की गिरावट के कारण दुनिया भर के निवेशक सेफ इन्वेस्टमेंट के रूप में सोना और चांदी में लगातार पैसा लगा रहे हैं। इस वजह से



अंतरराष्ट्रीय बाजार में इन दोनों चमकीली धातुओं की कीमत में लगातार तेजी बनी हुई है। कॉमेक्स पर सोना 2,764 डॉलर प्रति ऑन्स के ऊपर कारोबार कर रहा है। इसी तरह चांदी भी 35 डॉलर प्रति ऑन्स के स्तर को पार कर गई है। चांदी पिछले 12 साल के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंचकर कारोबार कर रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजार की तरह ही भारत में भी सोने चांदी में तेजी का रुख बना हुआ है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का दिसंबर वायदा 78,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि सोने का फरवरी वायदा 79,295 रुपये प्रति 10 ग्राम और अप्रैल वायदा 79,004 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसी तरह चांदी का दिसंबर वायदा भी एक लाख रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर को पार कर गया है। बुलियन मार्केट एक्सपर्ट संतोष झावेरी का कहना है कि दिवाली और धनतेरस को मिलाकर आमतौर पर हर साल 700 से 800 टन चांदी की बिक्री होती है। चांदी के सिक्के (कॉइन), ईंट (बार) और चांदी से बने समान के ऑर्डर आमतौर पर दिवाली से एक महीना पहले ही फाइनल हो जाते हैं।इस साल कीमत में आई जोरदार तेजी के कारण दिवाली के लिए आने वाले ऑर्डर में जोरदार गिरावट आई है। इस गिरावट की वजह से इस साल धनतेरस और दिवाली को मिलाकर अधिकतम 400 से 500 टन चांदी की बिक्री होने की संभावना है।

## जेबी मंघाराम इंडस्ट्री बढ़ाएगी निवेश, महिलाओं को मिलेगा बड़े पैमाने पर रोजगार

एजेंसी

**ग्वालियर।** ग्वालियर में गत अगस्त माह में आयोजित हुई रीजनल इण्डस्ट्री कॉन्क्लेव में किए गए वादे के अनुरूप जेबी मंघाराम फूड प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ग्वालियर में निवेश बढ़ाने जा रही है। इससे महिलाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार मिलेगा। इस सिलसिले में जेबी मंघाराम फैक्टरी प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों ने कलेक्टर रुचिका चौहान से मुलाकात कर उन्हें निवेश के बारे में जानकारी दी। ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज का हिस्सा बन चुकी मंघाराम कंपनी के प्रबंधन ने जानकारी दी कि ब्रिटानिया उत्तर भारत में ग्वालियर स्थित अपनी इकाई में वेफर बिस्किट निर्माण के लिए बड़ा निवेश करने जा रही है। ब्रिटानिया इस बिस्किट का निर्माण अभी केवल दक्षिण भारत में करती है। वेफर बिस्किट बच्चों के सबसे पसंदीदा बिस्किट में शामिल हैं।

मंघाराम फूड प्राइवेट लिमिटेड प्रबंधन के अधिकारियों ने बताया कि



मध्यप्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप ग्वालियर इकाई में होने जा रहा नया निवेश महिलाओं के लिये समर्पित रहेगा। अर्थात वेफर बिस्किट निर्माण का काम पूरी तरह महिला विंग करेगी। इससे ग्वालियर अंचल की महिलाओं का आर्थिक व सामाजिक सशक्तिकरण होगा। साथ ही उनके परिवारों में भी खुशहाली आयेगी। कलेक्टर ने मंघाराम फैक्ट्री प्रबंधन को आश्वस्त किया कि राज्य शासन व जिला प्रशासन से उन्हें फैक्ट्री के विस्तार में हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी। आउटसोर्स कर्मचारियों का भी बीमा करायेगी जेबी मंघाराम फैक्टरी ग्वालियर में निवेश बढ़ाने को लेकर जिला प्रशासन से चर्चा के लिये कलेक्ट्रेट पहुँचे जेबी मंघाराम फैक्टरी प्रबंधन से कलेक्टर रुचिका चौहान ने कंपनी के आउटसोर्स कर्मचारियों को भी स्वास्थ्य बीमा सहित अन्य बीमा सेवाओं का लाभ दिलाने के लिए कहा। फैक्टरी प्रबंधन ने इसे सहर्ष स्वीकार कर लिया और कहा कि ग्वालियर की जेबी मंघाराम फैक्टरी में आउटसोर्स से लगभग 700 से 800 कर्मचारी काम करते हैं। इन सभी के स्वास्थ्य व टर्म इंश्योरेंस का प्रीमियम कंपनी भरेगी, जिससे सभी का बीमा हो सके।

# उतार-चढ़ाव के बीच गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी ऊपरी स्तर से फिसले

एजेंसी

**मुंबई।** दिन भर उतार चढ़ाव का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार आज लगातार तीसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत भी कमजोरी के साथ हुई थी। दिन के कारोबार के दौरान खरीदारी के सपोर्ट से शेयर बाजार ने रिकवरी करके हरे निशान में जगह भी बनाई, लेकिन दोपहर 2 बजे के बाद बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक एक बार फिर कमजोरी का शिकार हो गए। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.17 प्रतिशत और निफ्टी 0.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए।

आज दिन भर के कारोबार के दौरान आईटी सेक्टर में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। इसके अलावा कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, एफएमसीजी और टेक इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे। दूसरी ओर फार्मास्यूटिकल, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक बिकवाली होती रही। इसके अलावा एनर्जी, मेटल, बैंक, ऑयल एंड गैस और कैपिटल गुड्स इंडेक्स भी गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में आज छोटे और मझोले शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.48 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.93 प्रतिशत की बढ़त के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई कमजोरी के बावजूद छोटे और मझोले शेयरों में हुई खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 90 हजार करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 445.37 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 444.45 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 92 हजार करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,031 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,182 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,751 शेयरों में गिरावट का रुख रहा और 98 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,500 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,461 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,039 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 9 शेयर बढ़त के साथ और 21 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 20 शेयर हरे निशान में और 30 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 299.59 अंक की गिरावट के साथ 79,921.13 अंक के स्तर पर खुला। शुरुआती कारोबार में ही बिकवाली का दबाव बढ़ जाने के कारण ये सूचकांक 329.04 अंक की कमजोरी के साथ 79,891.68 अंक तक गिर गया। इस गिरावट के बाद खरीदारों ने मोर्चा संभाल लिया, जिससे इस सूचकांक की चाल सुधरने लगी। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स निचले स्तर से 754.63 अंक उछल कर 425.59 अंक की मजबूती के साथ 80,646.31 अंक तक पहुंच गया। हालांकि, सेंसेक्स की ये मजबूती अधिक देर तक नहीं टिक सकी। दोपहर 2 बजे के करीब बिकवाली शुरू हो जाने के कारण इस सूचकांक ने दोबारा लाल निशान में गोता लगा दिया। लगातार हो रही बिकवाली की वजह से सेंसेक्स ऊपरी स्तर से 564.33 अंक लुढ़क कर 138.74 अंक की कमजोरी के साथ 80,081.98 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

# क्या आप भी ज्यादा मीठा खाने के शौकीन है यदि हां, तो 3 बीमारियों के लिए रहिए तैयार



**अगर आपको ज्यादा मीठा खाने की आदत हैं तो संभल जाए क्योंकि इससे तीन बीमारियों का खतरा बढ़ जाएगा.**

भारत में मीठा लोगों को बेहद पसंद है. त्योहारों के सीजन में तो हर घर मिठाइयों से भरी रहती है. लेकिन अगर आप मीठा खाने के ज्यादा शौकीन हैं तो थोड़ा अलर्ट हो जाए क्योंकि एक स्टडी में यह बात सामने आई है कि जो लोग फल और सब्जियों का कम सेवन करते हैं लेकिन मीठी चीजें ज्यादा खाते हैं उन्हें डिप्रेशन यानी अवसाद, डायबिटीज और स्ट्रोक का खतरा ज्यादा रहता है. यूनिवर्सिटी ऑफ सुरे के शोधकर्ताओं ने 1.80 लाख लोगों के खान-पान का विश्लेषण करते हुए पाया कि मीठा ज्यादा खाने वालों को डायबिटीज का खतरा तो ज्यादा रहता ही है, लेकिन ऐसे लोगों को अवसाद का भी खतरा ज्यादा रहता है. अवसाद तनाव के बाद बेहद खराब मानसिक बीमारी है जो इंसान के तन और मन को तोड़ देता है.

1.80 लाख लोगों पर अध्ययन

शोधकर्ताओं ने अपने अध्ययन में इन लोगों को तीन श्रेणियों में विभाजित कर दिया. पहली श्रेणी में उन लोगों को शामिल किया जो अपनी हेल्थ को लेकर बेहद सतर्क थे और वे अपनी डाइट में हरी सब्जियां और ताजे फलों का सेवन ज्यादा करते थे. वहीं एनिमल प्रोडक्ट और मीठी चीजों का कम सेवन करते हैं. वहीं दूसरे समूह के लोग किसी भी तरह की चीजों से परहेज नहीं रखते थे. फिश, मीट, सब्जियां, मीठाई आदि खाते थे. वही तीसरे समूह में वे लोग शामिल थे जो फल और सब्जियां कम खाते थे लेकिन मीठी चीजें और ड्रिंक्स ज्यादा पीते थे. इसके बाद शोधकर्ताओं ने इनके खून से 2923 प्रोटीन और 168 मेटाबोलिक पैरामीटर का विश्लेषण किया. दरअसल, प्रोटीन शरीर में बीमारियों से लड़ने से लेकर कई तरह की प्रक्रियाओं में भाग लेता है. वही मेटाबोलिक प्रतिक्रिया से यह पता चलता है कि शरीर सही तरह से काम करता है या नहीं.

फल, सब्जी खाने वाले को फायदा ज्यादा

इस विश्लेषण के बाद शोधकर्ताओं ने पाया कि जो लोग मीठी चीजों को ज्यादा पसंद करते थे और फल तथा सब्जियां कम खाते थे, उनमें डिप्रेशन का खतरा 31 प्रतिशत ज्यादा था. इतना ही नहीं इन लोगों को डायबिटीज के साथ-साथ दिल से संबंधित बीमारियों का खतरा भी ज्यादा था. इन लोगों के खून में सी-रिएक्टिव प्रोटीन का लेवल ज्यादा पाया गया. यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर गिफमान ने बताया कि आज के समाज में प्रोसेस्ड चीनी का चलन बढ़ गया है. हर किसी के जीवन चीनी घुला हुआ है. कुछ लोगों को मीठी चीजें खाने की आदत ज्यादा है. ऐसे में हमें मीठी चीजों को खाने से पहले अच्छी तरह से सोच लेना चाहिए कि इसका हमारे शरीर पर क्या-क्या नुकसान हो सकता है. वहीं दूसरी ओर जो लोग हेल्थ को लेकर सतर्क रहते थे ज्यादा हरी सब्जियां, ताजे फल खाते थे, उन लोगों में हार्ट फेल्योर, स्ट्रोक या क्रोनिक डिजीज का जोखिम एकदम कम था.

# राज्य माता गाय और मांसाहारी सावरकर

जहां तक गायों को पवित्र मानने का सवाल है, वैदिक काल में गायों की बलि देने के विवरण वाली बहुत सी लिखित सामग्री उपलब्ध है। स्वामी विवेकानंद ने अपने लेखन में कई जगह जिक्र किया है कि पवित्र अनुष्ठानों के दौरान गाय की बलि चढ़ाई जाती थी और गौमांस का सेवन भी वर्जित नहीं था। %आपको आश्चर्य होगा यदि मैं आपको बताऊं कि प्राचीनकाल में होने वाले समारोहों में गौमांस का सेवन न करने वाले को अच्छा हिंदू नहीं माना जाता था।

गाय पिछले तीन दशकों से भारतीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण भावनात्मक मुद्दा बनी हुई है। गाय को एक पवित्र पशु बताया जाता है। कई हिंदुओं के लिए गाय मां का दर्जा रखती है और हिंदू राष्ट्रवादी राजनीति ने समाज के ध्रुवीकरण के लिए इस आस्था का भरपूर इस्तेमाल किया है। हिंदुत्वादी विचारकों ने %हिंदुत्व% शब्द को मात्र हिंदू धर्म नहीं बल्कि %समग्र हिंदुत्वता% का प्रतिनिधित्व करने वाला शब्द बताया और आरएसएस ने इसी आधार पर अपनी राजनीति और हिंदू राष्ट्र के अपने लक्ष्य को निर्धारित किया और वह लगभग पिछले 100 सालों से इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए लगातार प्रयासरत है। पिछले तीन दशकों में आरएसएस की राजनीति की जड़ें बहुत मजबूत हुई हैं क्योंकि उसके द्वारा उठाए जाने वाले भावनात्मक मुद्दे देश के राजनीतिक परिदृश्य पर हावी हैं।गाय का मुद्दा एक बार फिर सुर्खियों में है। भाजपा के नेतृत्व वाले महाराष्ट्र के सत्ताधारी गठबंधन ने गाय (मगर केवल देसी गाय) को राज्यमाता-गौमाता घोषित किया है। यह पक्के तौर पर कहा जा सकता है कि ऐसा महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के मद्देनजर किया गया है। आम धारणा यह है कि भाजपा इन चुनावों में सशक्त स्थिति में नहीं है। हाल में हुए लोकसभा चुनाव में उसका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है और उसके बाद से वह लगातार इस तरह के ध्रुवीकृत करने वाले मुद्दों का सहारा लेने के प्रयास में जुटी हुई है।संयोग से लगभग इसी समय कर्नाटक के एक मंत्री ने बयान दिया है कि हिन्दू राष्ट्रवादी विचारधारा के पितृ पुरूष सावरकर गौवध के खिलाफ नहीं थे और वे गाय को पवित्र नहीं बल्कि एक अत्यंत उपयोगी पशु मानते थे। गांधी जयंती के अवसर पर बेंगलुरू में आयोजित एक कार्यक्रम में मंत्री दिनेश गुंडू राव ने दावा किया कि सावरकर न केवल मांसाहारी थे और बीफ का सेवन करते थे, बल्कि इसका सार्वजनिक प्रचार भी करते थे।कांग्रेस के मंत्री ने कहा कि सावरकर एक ब्राम्हण होने के बावजूद खानपान की परंपरागत बंदिशों का पालन नहीं करते थे बल्कि उनका नजरिया आधुनिक था। दिनेश गुंडु राव ने कहा, सावरकर ब्राम्हण थे, लेकिन वे बीफ खाते थे और मासांहारी थे। वे गौवध के विरोधी नहीं थे, बल्कि इस संबंध में उनका नजरिया काफी आधुनिक था। यह जाना-माना तथ्य है कि सावरकर मांसाहारी थे। दक्षिण अफ्रीका में



अपने कार्यों के लिए समर्थन जुटाने के लिए अपनी यात्राओं के दौरान गांधीजी सावरकर से मिलने गए। सावरकर अपना रात्रि का भोजन तैयार कर रहे थे और झींगे तल रहे थे। उन्होंने इन्हें गांधीजी को भी पेश किया, जिन्होंने उनका सेवन करने से इंकार कर दिया क्योंकि वे विशुद्ध शाकाहारी थे।सावरकर यह भी कहते थे कि गायों को पूजा नहीं जाना चाहिए। लेखक वैभव पुरंदरे कहते हैं, %सावरकर का नजरिया यह था कि गाय केवल बैल की मां है, और हालांकि उनके गौमांस सेवन का कोई दृष्टांत नहीं मिलता, लेकिन वे इसके खिलाफ नहीं थ%। %सावरकर- द ट्रू स्टोरी ऑफ द फादर आफ हिंदुत्व% पुस्तक के लेखक पुरंदरे ने बंगलौर लिट्रेचर फेस्टिवल में कहा कि - गौरक्षा के मुद्दे पर सावरकर असमंजस में फंसे हुए थे क्योंकि उनका विचार था कि यदि हिंदुओं को आहत करने के लिए जानबूझकर गायों की हत्या की जाती है तो इससे समस्या पैदा होगी...लेकिन उनका मानना था कि यदि आप ऐसा सिर्फ इसलिए करते हैं क्योंकि आपको गौमांस पसंद है, तो इसमें कोई समस्या नहीं है,% लेखक ने आगे कहा।जहां तक गायों को पवित्र मानने का सवाल है, वैदिक काल में गायों की बलि देने के विवरण वाली बहुत सी लिखित सामग्री उपलब्ध है। स्वामी विवेकानंद ने अपने लेखन में कई जगह जिक्र किया है कि पवित्र अनुष्ठानों के दौरान गाय की बलि चढ़ाई जाती थी और गौमांस का सेवन भी वर्जित नहीं था। आपको आश्चर्य होगा यदि मैं आपको बताऊं कि प्राचीनकाल में होने वाले समारोहों में गौमांस का सेवन न करने वाले को अच्छा हिंदू नहीं माना जाता था। कई अवसरों पर बैल की बलि चढ़ाना और उसके मांस का सेवन अनिवार्य होता था। (विवेकानंद का शेक्सपियर क्लब, पेसाडेना, कैलिफ़ोर्निया, अमरीका में दिया गया भाषण- %द कम्पलीट वर्क्स ऑफ स्वामी विवेकानंद, खंड 3 कलकत्ता- अद्विता आश्रम, 1997, पृष्ठ 536)।यह भी ध्यान देने योग्य है...कि %स्वयं स्वामी विवेकानंद द्वारा स्थापित रामकृष्ण आश्रम द्वारा करवाए गए शोध कार्यों से भी इस बात की पुष्टि होती है। इनमें से एक कहता है वैदिक काल में ब्राम्हणों समेत आर्य मछली, मांस और यहां तक कि गौमांस तक का सेवन करते थे। किसी विशिष्ट अतिथि के प्रति सम्मान प्रदर्शित करने के लिए उसे भोजन में गौमांस परोसा जाता था। हालांकि वैदिक कालीन आर्य गौमांस का सेवन करते थे, लेकिन दूध देने वाली गायों को नहीं काटा जाता था। गाय का एक पर्यायवाची शब्द था अग्नया जिसका अर्थ होता है %जिसका वध नहीं किया जाएगा। लेकिन वह अतिथि गोगना कहलाता था जिसके लिए गाय की हत्या की जाती थी। लेकिन केवल बैलों, बछड़ों और बांझ गायों का वध किया जाता था (सी कुन्हन राजा, वैदिक कल्चर सतीश कुमार चटर्जी एवं अन्य (संपादक) द्वारा %द कल्चरल हैरिटेज ऑफ इंडिया, खंड 1 (कलकत्ता - रामकृष्ण मिशन, 1993) पृष्ठ 217 में उद्दृत)।अंबेडकर द्वारा किए गए अध्ययनों से भी इसकी पुष्टि होती है। प्राचीन भारत के इतिहासवेत्ता प्रोफेसर डी. एन. झा, उनके विद्वतापूर्ण अध्ययन, मिथ ऑफ होली काऊ में बताते हैं कि अथो अन्नं विया गऊ (गाय भोजन है ) जैसे छंद वेदों में मौजूद हैं। बौद्ध धर्म और ब्राम्हणवाद के बीच हुए टकराव के कारण बाद में गाय को माता और पवित्र का दर्जा दिया गया। यह ब्राम्हणवाद के पुनरूत्थान और बौद्ध धर्म पर किए जाए रहे हमलों का हिस्सा था। उस समय भारत में बौद्ध धर्म का सफाया किया जा रहा था।बाद में स्वाधीनता संघर्ष के दौरान, जब हिंदू और मुस्लिम साम्प्रदायिक राजनीति ने जोर पकड़ा, तब गाय और सुअर का इस्तेमाल दोनों ताकतों ने अपनी-अपनी स्थिति मजबूत बनाने के लिए किया। मस्जिद में सुअर का मांस या मंदिर में गौमांस फेंकने जैसी हरकतें साम्प्रदायिक हिंसा भड़काने के लिए की जाने लगीं जिनसे इन विभाजक प्रवृत्तियों ने जोर पकड़ा। बाद में ऐसे मामले भी सामने आए जब हिंसा भड़काने के लिए मंदिरों में जानबूझकर गौमांस फेंका गया।गौहत्या पर प्रतिबंध जैसे मुद्दों के जोर पकड़ने और अखलाक से लेकर जुनैद और रकबर खान तक की हत्या इस मुद्दे पर किए जाने से मुस्लिम समुदाय में भय बढ़ता जा रहा है। इस प्रवृत्ति से अल्पसंख्यक समुदाय को कई मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। मानवतावादी हर्षमंदर ने %कारवां ए मोहब्बत% नामक संगठन बनाया है जो लिंचिंग के शिकार हुए लोगों के परिवारों के जख्मों पर मरहम लगाने का काम करता है। इस तरह के मामलों में निशाने पर सिर्फ मुस्लिम होते हैं। उत्तर-पूर्वी राज्यों (किरण रिजूजू ने खुद स्वीकार किया है कि वे गौमांस का सेवन करते हैं), केरल और गोआ के निवासी इस तरह के हमलों के शिकार नहीं बन रहे हैं।महाराष्ट्र सरकार ने बहुत चालाकी से केवल देसी गायों को राजमाता का दर्जा दिया है, अन्य किस्मों की गायों को नहीं। भारत से गौमांस का निर्यात साल दर साल बढ़ता जा रहा है। दिलचस्प बात यह है कि विजय त्रिवेदी की अटल बिहारी वाजपेयी पर केन्द्रित पुस्तक हार नहीं मानूंगा में जिक्र है .

## संपादकीय

# महाराष्ट्र में एनडीए की बदहाली के संकेत

महाराष्ट्र में आगामी चुनावों को लेकर भारतीय जनता पार्टी किस कदर मायूस है, इसके संकेत इसी बात से मिल रहे हैं कि अब वहां सियासत को लेकर झूठ बोलने का सिलसिला शुरु हो गया है। यहां भाजपा की शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) एवं नेशनल कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट) के साथ मिलकर बनाई गई नेशनल डेमोक्रेटिक पार्टी गठबन्धन की सरकार है। राज्य की 288 सीटों पर 20 नवम्बर को चुनाव होंगे।झारखंड के साथ होने जा रहे चुनावों के नतीजे एक साथ 23 नवम्बर को घोषित हो जायेंगे। एक तरफ एनडीए के सभी धड़े एक साथ किस प्रकार चुनाव लड़ते हैं- यह देखने की दिलचस्पी सभी को है। दूसरी तरफ मराठा आरक्षण के सबसे बड़े नेता मनोज जरांगे पाटिल न केवल चुनावी मैदान में कूद पड़े हैं बल्कि उन्होंने कतिपय मुस्लिमों के साथ बाकायदे गठबन्धन बनाकर चुनाव लड़ने का ऐलान करते हुए बदलते समीकरणों की ओर इशारा किया है। देखना होगा कि परस्पर मनमुटाव तथा फूट की आशंका के साथ एनडीए किस प्रकार से चुनाव लड़ती है। साथ ही मराठा-मुस्लिम गठबन्धन के कारण किसे नुकसान होता है और कौन लाभ उठायेगा- यह देखना भी दिलचस्प होगा। हालांकि तमाम तरह के राजनीतिक घटनाक्रमों के बावजूद बताया यही जाता है कि यहां एनडीए कमजोर स्थिति में है तो वहीं कांग्रेस के साथ महाविकास अघाड़ी कहे जाने वाला गठबन्धन मजबूत व एकजुट है।इंडिया की मजबूती भाजपा व एनडीए को परेशान किये दे रही है शायद इसलिए गृहमंत्री अमित शाह ने यह गलत बयान दिया था कि शिवसेना (उद्धव गुट) के नेता संजय राऊत ने उनसे फोन पर बात की थी। शाह का आशय यह भ्रम फैलाना था कि उद्धव की पार्टी एनडीए में फिर शामिल होना चाहती है। शाह के इस असत्य की पोल खोलते हुए स्वयं संजय राऊत ने सोमवार को एक प्रेस कांफ्रेंस कर इस दावे को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि %भाजपा का काम ही झूठ फैलाना है।% पिछले दिनों एक सुनियोजित षड्यंत्र के तहत इस आशय की खबरें फैलाई जा रही थीं कि एमवीए में सब कुछ ठीक नहीं है और वह महाराष्ट्र में टूट सकता है। यह भी बताया गया कि उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना भाजपा के साथ मिलकर लड़ने की उत्सुक है। कुछ सीटों के लिये मतभेदों को चलते यह झूठ फैलाया जा रहा था परन्तु संजय राऊत ने न केवल मिलकर चुनाव लड़ने की बात कह डाली वरन यह भी बताया कि महाराष्ट्र को लूटने वाली सरकार के खिलाफ यह चुनाव होगा।2019 में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में चल रही सरकार को गिराने के लिये भाजपा ने शिवसेना तथा एनसीपी को तोड़ा था जिसे लेकर जनता में अब भी नाराजगी है। महाराष्ट्र के जनसामान्य की निगाहों में असली शिवसेना वही है जिसके प्रमुख उद्धव हैं और वास्तविक एनसीपी वह है जिसके नेता शरद पवार हैं। यहां सरकार को लेकर एंटी इनकम्बेंसी साफ दिखलाई दे रही है।अमित शाह, नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा की महाराष्ट्र के चुनाव को लेकर परेशानी के कुछ अन्य सबब भी हैं। विशेषकर इस राज्य से कुछ उद्योगों एवं परियाजनाओं के गुजरात स्थानांतरित किये जाने को लेकर भी लोगों में रोष है। गुजरात की कारोबारी लॉबी की महाराष्ट्र में दखलंदाजी बढ़ रही है जो चुनावी मुद्दा बनता जा रहा है। वहां के बड़े उद्योगपतियों की गोरेगांव एवं धारावी पर बड़ी परियोजनाओं के बहाने नज़रें गड़ी हुई हैं। गोरेगांव फिल्म सिटी के पास बनने वाली विकास परियोजना पर उद्धव ठाकरे ने सीएम रहने के दौरान रोक लगा दी थी। ऐसे ही, धारावी की जमीन पर भी विकास के नाम पर एक बड़े गुजराती कारोबारी की निगाहें पड़ चुकी हैं। लोग जानते हैं कि एनडीए की सरकार फिर से आई तो महाराष्ट्र के उद्योग जगत पर कुछ गुजराती व्यवसायियों का कब्जा हो जायेगा। इसके विपरीत यदि एमवीए यानी इंडिया गठबन्धन की सरकार आती है तो मुम्बई एवं महाराष्ट्र को देश के अग्रणी कारोबारी राज्य होने का दर्जा फिर से मिल जायेगा।यहां ज्यादातर सीटों के बंटवारे को लेकर इंडिया गठबन्धन में सहमति बन चुकी है। माना जाता है कि निर्धारित समय में सभी सीटों पर सहमति हो जायेगी। अलबत्ता इंडिया के एक भागीदार दल समाजवादी पार्टी ने राज्य में अपने उम्मीदवारों के लिये 12 सीटें मांगी हैं और एक सीट पर तो अपना उम्मीदवार घोषित भी कर दिया है। देखना यह है कि सपा को कैसे समाहित किया जाता है। बहुत से ऐसे क्षेत्र हैं जहां हिन्दीभाषियों का, विशेषकर उत्तर प्रदेश एवं बिहार से आये लोगों की बहुलता है।

# आहत धार्मिक भावनाओं' की बात करने का असली हकदार कौन है?

केन्द्र में जब से हिन्दुत्व वर्चस्ववादी जमातों का बोलबाला बढ़ा है, सभी लोग भले ही कानूनन एक समान हों, मगर समां ऐसा बना है कि गालीगलौज, नफरती नारे यहां तक बहिष्करण का सामना कर रहे धार्मिक और सामाजिक अल्पसंख्यकों के लिए अपनी %आहत भावनाओं% की शिकायत करने में तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। दूसरी तरफ, उनके हमलावरों को, उनके उत्पीड़कों को यह पूरी आज़ादी है।

क्या किसी दूसरे धर्म के प्रार्थना स्थल में बेवक्त जाकर हंगामा करना या अपने पूजनीय/वरणीय के नारे लगाना, ऐसा काम नहीं है, जिससे शांतिभंग हो सकता है, आपसी सांप्रदायिक सद्भाव पर आंच आ सकती है?सूबा कर्नाटक की उच्च अदालत की न्यायमूर्ति नागप्रसन्ना की एक सदस्यीय पीठ का ताज़ा फैसला यही कहता है कि %ऐसी घटना से किसी की धार्मिक भावनाएं आहत नहीं होती हैं।% जाहिर सी बात है कि एक ऐसे समय में जबकि दक्षिणपंथी ताकतें समूचे समाज में विवाद पैदा करने की फिराक में हैं, यह महसूस किया गया कि यह फैसला निश्चित तौर पर ऐसे शरारती तत्वों को मनोबल प्रदान करेगा। हाल के समय में ऐसी तमाम वारदातें सामने आई हैं जब ऐसे उग्र तत्वों ने गैरधर्मियों के प्रार्थनास्थलों में जबरन घुस कर विवाद पैदा करने की कोशिश की और कई स्थानों पर जिसकी परिणति सांप्रदायिक हिंसा या दंगों में हुई। यहां तक कि हाल में बहराइच हिंसा की घटना के लिए भी आततायी तत्वों द्वारा इसी तरह गैरधर्मियों के धार्मिक झंडा उतारने की घटना को जिम्मेदार माना जा रहा है।पिछले साल 24 सितम्बर 2023 को कडाबा पुलिस स्टेशन से जुड़े बंतरा गांव के हैदर अली ने थाने में शिकायत दर्ज की कि उसी रात 10.50 पर कुछ अज्ञात लोग मस्जिद में घुस गए और उन्होंने %जय श्रीराम% के नारे लगाए, उसका यह भी कहना था कि इन आततायियों ने यह धमकी दी कि वह %बेअरी लोगों को छोड़ेंगे नहीं%। बेअरी तटीय कर्नाटक में निवास करनेवाला एक मुस्लिम समुदाय का नाम है।

अगले दिन जब पुलिस ने मस्जिद पर लगे सीसीटीवी फूटेज की जांच की तब उन्हें दिखा कि कुछ अज्ञात लोग मस्जिद के इर्दगिर्द मोटरसाइकिल पर घूम रहे हैं, जिन्होंने बाद में मस्जिद में घुस कर यह शरारत की। बाद में उन्हें पड़ोस के बिलनेली गांव के कीर्थन कुमार (उम्र 28 वर्ष) और सचिन कुमार (उम्र 26 वर्ष) के तौर पर चिन्हित किया गया और स्थानीय पुलिस स्टेशन में उन पर भारतीय दंड संहिता की धारा 447 (किसी परिसर में आपराधिक इरादे से घुसपैठ/, धारा 295 ए) ऐसी कार्रवाई जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हो सकती हैं और धारा 505) सार्वजनिक शांति को भंग करने वाली कार्रवाई आदि धारा में मुकदमे दर्ज किए गए।

न्यायमूर्ति नागप्रसन्ना की अदालत के इस फैसले को लेकर एक बड़े तबके में दुख और सदमे की स्थिति है। संवेदनशील लोग इस बात को पूछ रहे हैं कि सीसीटीवी फूटेज में यह दिखने के बावजूद कि वह जोड़ी रात के अंधेरे में वह बिना वजह उसमें घुस गई, उन्होंने धार्मिक नारे लगाए और इतना ही नहीं, एक खास समुदाय से निपटने की बात कही, अदालत उनकी इस कार्रवाई में इरादा क्यों नहीं ढूंढ सकी? कुछ लोगों ने यह भी पूछा कि अगर कल कुछ मुसलमान किसी मंदिर में घुस कर अल्लाहू अकबर का नारा लगाते हैं, तो क्या अदालत का वही रूख होगा?इसमें कोई दो राय नहीं कि देश के इन्साफ पसंद वकील और नागरिक अधिकार कार्यकर्ता इस फैसले की छानबीन कर रहे होंगे ताकि एक बड़ी पीठ के सामने इसे चुनौती दी जा सके। और इस फैसले ने एक तबके में जो असुरक्षा की भावना पैदा की है, वह दूर हो।



फिलवक्त जब हम इस फैसले को लेकर उच्चतम अदालत के हस्तक्षेप का या उच्च न्यायालय की बड़ी पीठ के निर्णय का इन्तजार कर रहे हैं -यह रेखांकित करना गैरवाजिब नहीं होगा कि विगत एक दशक से जबसे हमारे न्यू इंडिया में प्रवेश करने की बात चल रही है, तबसे जमीनी स्तर पर कुछ न कुछ बदला है।

केन्द्र में जब से हिन्दुत्व वर्चस्ववादी जमातों का बोलबाला बढ़ा है, सभी लोग भले ही कानूनन एक समान हों, मगर समां ऐसा बना है कि गालीगलौज, नफरती नारे यहां तक बहिष्करण का सामना कर रहे धार्मिक और सामाजिक अल्पसंख्यकों के लिए अपनी %आहत भावनाओं% की शिकायत करने में तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। दूसरी तरफ, उनके हमलावरों को, उनके उत्पीड़कों को यह पूरी आज़ादी है कि वह अपने पीड़ितों के खिलाफ शिकायत दर्ज करें, उन्हें मारे-पीटे। धार्मिक आयोजनों के नाम पर होने वाले कार्यक्रमों में ऐसे तबकों के जनसंहार के ऐलान तक होते हैं, मगर कहीं कुछ पत्ता तक नहीं हिलता।पिछले साल की बात है, उत्तराखंड के एक दलित युवक पर मंदिर अपवित्रीकरण का केस पुलिस ने दर्ज किया। मामले की शिकायत करने वाले कथित उंची जाति के कुछ लोग थे। दरअसल यह वही लोग थे जिन्होंने चंद रोज पहले दलित युवक को मंदिर प्रवेश से रोका था और बुरी तरह पीटा था, जिसके चलते उन सभी पर अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण कानून 1989 के तहत केस दर्ज हुए थे। उधर दलित युवक अस्पताल में भर्ती था और इन वर्चस्वशाली लोगों ने पुलिस और अदालत में अपने संपर्कों का इस्तेमाल करके उसके खिलाफ यह झूठा केस दर्ज किया। वैसे यह एक बहुचर्चित और बार-बार आजमाया जाने वाला हथकंडा है, जो दबंग जातियां इस्तेमाल करती आई हैं।विगत साल सूबा पंजाब के पटियाला से भी सुनाई दी, जब गुरूद्वारे में शाम के वक्त अकेली बैठी पैंतालीस साल की एक महिला को देख कर वहां दर्शन के लिए गए दूसरे शख्स ने उस पर बाकायदा गोली चला दी और उस महिला ने वहीं दम तोड़ दिया। पता चला कि हत्यारे की भावनाएं यह देख कर आहत हो गई थीं, जब कथित तौर पर उसने यह देखा कि वह महिला शराब का सेवन कर रही है। गौर करने वाली बात है कि न शराब पीना अपने आप में गैरकानूनी है और अगर कोई चीज़ गैरकानूनी है तो आप उसकी शिकायत कर सकते है, और फिर अदालत उसमें फैसला दे सकती है। जाहिर है ऐसा कुछ नहीं हुआ।

गौर करने वाली बात यह थी कि धर्म के अलम्बरदारों ने भी मृतक महिला के प्रति कोई सहानुभूति नहीं प्रगट की, न यह सवाल पूछा कि आखिर किसी प्रार्थनास्थल के अंदर ऐसे हथियार कैसे आसानी से ले जा सकते हैं, उन्होंने गोया हत्या को औचित्य प्रदान करते हुए महिला के व्यवहार को सूबे में बेअदबी की घटनाओं के संगठित प्रयास का हिस्सा घोषित किया और कहा कि ऐसी घटनाओं को कड़ी सज़ा मिलनी चाहिए। स्टैंण्ड अप कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी को जिस तरह उस जोक के लिए जेल भेजा गया, जो उन्होंने कार्यक्रम में सुनाया तक नहीं गया, वह घटना तो आप जानते ही हैं।वैसे आहत भावनाओं के हालिया उभार के इस दौर में हम चाहें तो दुनिया के इस हिस्से में आहत भावनाओं के लंबे इतिहास पर और उसकी गहरी सामाजिक जड़ों पर भी निगाह डाल सकते हैं।इस किताब में वह भारत, पाकिस्तान और बाद में बांग्लादेश की राज्य विचारधाराओं पर निगाह डालती हैं और अलग-अलग किस्म के राजनीतिक कारकों द्वारा इस्तेमाल किए गए आहत भावनाओं के तर्क की विवेचना करती है, फिर चाहे गांधी की हत्या के लिए औचित्य प्रदान करने के लिए नाथुराम गोडसे के तर्क हों या पाकिस्तान के निर्माताओं के तर्क हों।दरअसल यह एहसास कि भावनाओं को भड़काने या %दुश्मनी या नफरत की भावनाओं% को हवा देने से अलग-अलग समुदायों में तनाव बन सकता है, इसके चलते ही भारतीय दंड विधान की धारा 153 (ए) का निर्माण उन्हीं दिनों हुआ, जिसने विवादास्पद भाषण या लेखन का अपराधीकरण किया या बीसवीं सदी की शुरूआत में भारतीय दंड विधान की धारा 295 ए का निर्माण हुआ था जिसके तहत %धार्मिक भावनाओं को जानबूझकर अपमानित करने की कार्रवाइयों का% अपराधीकरण किया गया था।बांग्लादेश की एक अग्रणी पत्रकार ने महज एक साल पहले अपने एक तीखे आलेख में यही सवाल बिल्कुल सीधे तरीके से पूछा था- जब बांग्लादेश के नारैल नामक स्थान पर अल्पसंख्यक हिन्दू हमले का शिकार हुए थे, जब किसी हिन्दू युवक के फेसबुक पोस्ट के चलते बहुसंख्यक इस्लामिस्ट उग्र हुए थे। अपनी %आहत भावनाओं% की प्रतिक्रिया में एक संगठित हिंसक भीड़ ने उनकी बस्ती पर हमला किया था।वैसे घटाटोप के इस माहौल में सुकून देने वाली बात यह ढूंढी जा सकती है कि जगह-जगह आवाज़ें उठ रही है किसी बहुआस्थाओं वाले मुल्क में आहत होने के दोहरेपन को प्रश्नांकित करती दिख रही हैं और अल्पसंख्यक पर होने वाले हमलों के मामलों में बहुसंख्यकों के विराट मौन को भी प्रश्नांकित करने को तैयार हैं।

बांग्लादेश के एक लेखक ने नारैल की घटनाओं के दिनों में ही लिखा था कि -किस तरह ऐसा मौन समाज में विभिन्न तबकों की हिंसा का सामान्यीकरण कर देता है और इस बात की भी चीरफाड़ की थी कि ऐसा मौन एक तरह से एक %झुंडवाद% का नतीजा है - जिसके तहत लोग अपने समूह या अपने समुदाय के प्रति जबरदस्त एकनिष्ठा का प्रदर्शन करते हैं।लेख के अंत में लेखक ने मौन बहुमत को अपनी चुप्पी तोड़ने का आह्वान किया था और आखिर में 13वीं सदी के महान कवि दान्ते अलिगिएरी की रचना डिवाइन कॉमेडी के इस बात को उद्धृत किया था।

# ग्लैमरस

## करियर: फैशन डिजाइनिंग



**क्या है फैशन डिजाइनिंग फैशन डिजाइनिंग व्यावहारिक कला का एक रूप है जो हमारे कपड़ों, एसेसरीज और जीवनशैली में निखार लाती है। फैशन डिजाइनिंग में कपड़ों से लेकर ज्वैलरी तथा पर्स से लेकर शूज तक सभी चीजें आती हैं।**

डिजाइनर अपने ग्राहक वर्ग की रुचि और जरूरत को समझकर अपने डिजाइन को मौसम और ट्रेंड के मुताबिक मार्केट में उतारता है। आज फैशन जगत में डिजाइनरों की बहुत माँग है। फैशन डिजाइनिंग में क्रिएटीविटी की माँग होती है। फैशन का मतलब केवल नए डिजाइन किए हुए कपड़े नहीं बल्कि उसे पहनने के सलीके से लेकर उसमें लगने वाली एसेसरीज आदि भी फैशन डिजाइनिंग क्षेत्र में आती है।



फैशन डिजाइनिंग वर्तमान समय में सबसे ज्यादा ग्लैमर प्रोफेशनल है इसलिए फैशन डिजाइनिंग में अच्छा करियर के अवसर हैं। एक प्रशिक्षित फैशन डिजाइनर इस इंडस्ट्री के विभिन्न क्षेत्रों में जैसे डिजाइन वियर प्रोडक्शन, फैशन मार्केटिंग, क्वालिटी कंट्रोल आदि में कार्य कर सकता है। इसके अतिरिक्त कॉस्टयूम डिजाइनर, पर्सनल स्टाइलिस्ट, फैशन को-ऑर्डिनेटर, फैब्रिक बायर के क्षेत्रों में भी कार्य किया जा सकता है। यह कोर्स कर अपना खुद का बिजनेस भी शुरू किया जा सकता है जैसे फैशन शो ऑर्गेनाइजर, गारमेंट स्टोर चेन, बुटीक, ज्वैलरी हाउस आदि।

कम्युनिकेशन अच्छा होना चाहिए

गत दस वर्षों में इस क्षेत्र में काफी बदलाव आए हैं। मुंबई में सालाना फैशन वीक होने लगे हैं और इसमें नामी-गिरामी फैशन डिजाइनरों के अलावा नवोदित फैशन डिजाइनरों को भी अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का मौका दिया जाता है। इस क्षेत्र में आपको कलात्मक होना जरूरी है। साथ ही आपको लगातार नवीन डिजाइन देने के लिए काफी मेहनत व रिसर्च भी करना पड़ता है। अगर आप कोई कंसेप्ट पर कार्य कर रहे हैं तब इस बात का ध्यान रखना पड़ता है कि उसमें प्रयुक्त डिजाइन पहले किसी और डिजाइनर ने तो नहीं बनाया आदि बातों पर भी गौर करना पड़ता है।



# ऑनलाइन एम. बी. ए.

इंटरनैट के आगमन से तथा टैक्नोलॉजी में अभूतपूर्व प्रगति के चलते स्कूलों तथा कालेजों में ऑनलाइन एजुकेशन का महत्व समझा जाने लगा है। जो वर्किंग प्रोफैशनल्स एक फुल टाइम अटैंडैंस आधारित एम.बी.ए. नहीं कर सकते उनके लिए विभिन्न स्कूल ऑनलाइन एम.बी.ए. कोर्स उपलब्ध करवा रहे हैं। ई.एम.बी.ए. या ऑनलाइन एम.बी.ए. पढ़ाई के साथ-साथ काम कर रहे छात्रों के लिए एक बढ़िया विकल्प है। ऑनलाइन एम.बी.ए. करते हुए एक रैगुलर एम.बी.ए.प्रोग्राम द्वारा उपलब्ध करवाई जाने वाली फाइनैंस, मार्कीटिंग, इंटरनैशनल बिजनैस तथा कई अन्य विशेषज्ञताओं पर आप ध्यान केन्द्रित कर सकते हैं।

■ **ऑनलाइन एम.बी.ए. के लाभ**

ऑनलाइन एम.बी.ए. का सर्वाधिक आम लाभ है आपकी इच्छा अनुसार पढ़ने की लचकता। इसमें आप समय से बंधे नहीं रहते और अपनी वर्किंग लाइफ में ऑनलाइन शैड्यूल्स तय कर सकते हैं। एक व्यस्त मां तब ऑनलाइन स्टडी कर सकती है जब उसके बच्चे सो रहे हों या कोई एग्जीक्यूटिव देर रात तक पढ़ सकता है। सब कुछ आप पर निर्भर करता है।

एम.बी.ए. करने की इच्छुक श्रीना मेहता कहती हैं, ''मैं ऑनलाइन एम.बी.ए. करना चाहूंगी क्योंकि ये प्रोग्राम मुझे अपनी गति से अपनी वर्तमान जॉब करते हुए कोर्स करने का आवसर देता है। मुझे अपनी जॉब के वातावरण में एक साथ




अधिक सीखने और काम करने का मौका मिलता है। साथ ही मुझे अपने ज्ञान को व्यावहारिक रूप से लागू करने का भी अवसर मिलता है। इससे मेरे अनुभव में बढ़ौतरी होती है।''ऑनलाइन एम.बी.ए. प्रोग्राम्स के खर्चे किसी यूनिवर्सिटी में एक फुल टाइम प्रोग्राम के मुकाबले काफी कम होते हैं। उदाहरण के लिए यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन के इम्पीरियल कालेज में ऑनलाइन एम.बी.ए. का खर्चा 34 हजार पौंड पड़ता है जिसमें रहने-खाने का लगभग 10 हजार पौंड का खर्चा शामिल नहीं है। जबकि ऑनलाइन एम.बी.ए. का खर्चा मात्र 24 हजार पौंड के लगभग पड़ता है। फिनिक्स यूनिवर्सिटी के ऑललाइन प्रोग्राम का खर्चा लगभग 35 हजार डालर है जबकि अमेरिका में रैगुलर एम.बी.ए. प्रोग्राम का खर्चा 45 हजार डालर से लेकर 1 लाख 10 हजार डालर तक है। ऑनलाइन एम.बी.ए. का सबसे बड़ा लाभ यह है कि जब भी आपके पास टाइम हो आप अपने फोरम्स तथा परीक्षाएं अटैंड कर सकते हैं। इसके साथ ही अपनी क्लासिज का रिव्यू करना भी काफी फायदेमंद है। आपके सामने सबसे बड़ी चुनौती अपनी व्यक्तिगत निपुणताओं तथा ज्ञान को दूसरों तक पहुंचाने की होती है और नैटवर्क पुरी तरह वर्चुअल है। इंटरनैट आपको विभिन्न संस्कृतियों तथा सामाजिक निपुणताओं से अवगत करवाता है। इंटरनैट पर लिखे गए शब्द अधिक स्पष्ट होते हैं। छात्रों में ऑनलाइन एम.बी.ए. के प्रति जो सबसे बड़ी चिंता व्याप्त रहती है, वह यह डर है कि इनमें छात्रों के बीच अंतक्रिया नहीं होती और इस तरह सीखने की प्रक्रिया अधूरी रहती है। यह कई ऑनलाइन प्रोग्राम्स के साथ सच हो सकता है परन्तु अधिकतर एम.बी.ए. ऑनलाइन प्रोग्राम्स आपको ऑनलाइन क्लासिज अटैंड करने का अवसर प्रदान करते हैं। दूसरी चिंता जो छात्रों में व्याप्त रहती है वह है प्राप्त होने वाली डिग्री की वैधता इसलिए यह बात अत्यधिक महत्वपूर्ण है कि आप अपनी एनरोलमैंट से पहले प्रोग्राम की वैधता को अच्छी रतह चैक कर लें।

# सीमित दोस्ती व अच्छा व्यवहार दे ऑफिस में पहचान



हर व्यक्ति की दो पर्सनालिटी होती है. एक वह जिसे प्रोफेशनल लाइफ में जीता है और दूसरी वह जिसे अपनों के साथ जीता है. सभी अपनी पूरी कोशिश करते हैं कि वे ऑफिस में खुद को सबसे अच्छा साबित कर पायें. पर यह आसान काम नही होता है. अपने काम, व्यवहार के अलावा भी कई बातें मायने रखती हैं. आपको काम में आनंद लेने के तरीके आने चाहिए. काम करने का ऐसा ढंग अपनाना होगा, जिससे आपके काम में क्वालिटी के साथ रचनात्मकता दिखे. समय के पाबंद रहें, क्योंकि आज का दौर प्रतियोगिता का है. वह दौर गया जब आप किसी छोटे-से-छोटे काम में घंटों लगाते थे और खुद को काफी मेहनती बताते थे. अब कितनी जल्दी आप कितना बेहतर काम करते हैं, वह मायने रखता है. खुद को सबसे अच्छा साबित करने के लिए कुछ विशेष बातों पर ध्यान देना जरूरी है.

## खुद को प्रस्तुत करने की कला जरूरी

अच्छा काम कीजिए और लोगों को जानने दीजिए कि आप अच्छा काम करते हैं. सिर्फ अच्छा काम करने से ही काम नही चलता, बल्कि आपके बॉस को, कंपनी की मैनेजमेंट टीम को पता होना चाहिए कि आप अच्छा काम कर रहे हैं. किसी भी कंपनी में कुछ ही लोग अच्छा काम करनेवाले होते हैं. ऐसे में आपको अपनी जगह बनाने में वक्त नहीं लगेगा. यदि आप अपने काम में आनंद लेते हैं, उसके लिए आपके मन में रचनात्मकता है, तो यह खुद-ब-खुद भी दिखता है.

## बेहतर व्यवहार के साथ पेश आएं

नौकरी में सफलता आपके ज्ञान और स्मार्टनेस पर तो निर्भर करती ही है, साथ ही आपके एटिट्यूड, कोऑपरेशन और विलिंगनेस पर ज्यादा निर्भर करती है. आपको यह जाहिर करना होगा कि आप हर जगह सबके साथ ठीक से सामंजस्य स्थापित कर पा रहे हैं. टीम के तौर पर काम करना आज के समय के लिए बेहद जरूरी है. किसी भी परिस्थिति में रात हो या दिन, काम के लिए तैयार रहें. कंपनियां ऐसे व्यक्ति की ही तलाश में रहती हैं, जो हर स्तर के लोगों के साथ काम करने में सहज महसूस करते हों. ऐसे व्यक्ति होने चाहिए, जिन्हें अपने ज्ञान, जानकारी, गुण, मूल्यों को दूसरों से बांटने में जरा भी दिक्कत न हो.

## प्रोफेशनल जिंदगी में दोस्ती जरूरी

अपने वर्कप्लेस में प्रोफेशनल दोस्ती बहुत जरूरी है. कठिन समय में यही आपके काम आती है. अपने शैक्षणिक, सामाजिक और प्रोफेशनल जिंदगी में संपर्क बनाते रहना चाहिए. यही भविष्य में बुरा समय आने पर आपकी मदद करते हैं. इसलिए प्रोफेशनल दोस्ती बेहद जरूरी है, यही आपको आपके कैरियर में ऊपर तक पहुंचा सकती है. लोग आपके बारे में वही सोचते हैं, जिस तरह आप दिखते हैं. इसलिए स्मार्ट दिखने की कोशिश कीजिए. अपने आसपास के लोगों से बातें कीजिए. संभव है कि आप अपनी वर्तमान नौकरी के अलावा किसी दूसरी कंपनी में बेहतर भविष्य देखें.

## टेक्नोसेवी बनें

आज जब सभी कंप्यूटर के पीछे पड़े हैं, तो आपको उन सबसे आगे निकलना होगा. हाइ टेक्नोलॉजी से खुद का परिचय करवाइए, क्योंकि इससे न केवल आपको लाभ होगा बल्कि आपकी कंपनी भी लाभ में रहेगी. संभव हो तो ऐसे किसी कोर्स में दाखिला लीजिए. उसे अपने बायोडाटा में संलग्न कीजिए, कंपनी को भी बताइए कि आपने इस कोर्स में दाखिला लिया है. प्रतिदिन टेक वर्ल्ड में अपनी सीमाओं को बढ़ाते जाइए. नयी तकनीक का इस्तेमाल कंपनी के फायदे के लिए कैसे किया जा सकता है. इसके बारे में भी सोचें.

**अपनी प्रोफेशनल छवि को बेहतर बनाने के लिए कुछ खास करना पड़ता है. अन्य सहयोगियों से बेहतर करने के लिए खुद को नयी चीजों और जानकारियों से अपडेट रखिए. अपनी प्रोफेशनल छवि को निखारने के लिए रखें इन बिंदुओं का ख्याल..**

# पुरूषों से नहीं कम हम



**आज** हम ऐसे समाज में रह रहे हैं, जिसमें महिलाओं और पुरूषों को लगभग बराबर समझा जाता है। महिलाएं पुरूषों के साथ कंधे से कंधे मिलाकर चल रही हैं, वे किसी काम में पुरूषों से कम नहीं कही जा सकतीं फिर चाहे शारीरिक बल की बात हो या मानसिक। वे किसी भी रूप में अपने आपको पीछे नहीं रखना चाहती। अपने इस बदलते स्वरूप के साथ महिलाओं को पुरूषों के साथ काम करने में कैसा लगता है, जानते हैं कुछ वर्किंग महिलाओं से

**ऋचा**

परूषों के साथ काम करना मुझ आम बात ही लगती है। चूंकि तुलना तो वहां होती है, जहां एक पक्ष दूसरे से अलग हो लेकिन जब यहां दोनों ही समान हैं तो तुलना किससे ? आज परूष और महिलाएं मिल-जुल काम करते हैं इसलिए मुझे नहीं लगता कि परूषों के साथ तुलना करने का ऐसा कोई विषय बचा है। आज जिन कामों से वे जूझते हैं, हम भी उन्हीं कामों को करते हैं। ऐसा नहीं है कि हम महिलाएं हैं तो हमें बहुत आसान काम करने होते हैं।

**मयूरा गुप्ता**

पुरूषों के साथ काम करना यकीनन महिलाओं की बरसों से चली आ रही उस जंग की जीत है, जिसमें उसने अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाई थी। पुरूष कलीग के साथ काम करके यकीनन अच्छा लगता है और इस बात पर गर्व भी महसूस होता है कि आज हम आत्मनिर्भर हैं। लेकिन यह बात भी तय है आज भी हम महिलाओं को कहीं न कहीं तो पुरूषों के साथ काम करने में परेशानी आती ही हैं। वैसे ज्यादातर परेशानी कम्युनिकेशन में होती है। जब हमारी बात को कोई समझने के बावजूद भी न समझने का नाटक करता है और अपनी बात को पूरी तरह से सही साबित करने की कोशिश करता है। मैं अपनी बात सामने वाले को समझा कर ही मानती हूं, फिर वह उसकी मरजी की वह उसे माने या न।

**कामिनी**

पुरूषों के साथ काम करने में अच्छा ही लगता है। मन में यही बात आती है कि हम भी कुछ हैं और इन्हीं की तरह इनके साथ काम कर रही हैं। लेकिन परेशानी तब आती है, जब हम ऑफिस में ज्यादा देर तक नहीं रूक पाते। चूंकि वर्किंग महिला जो कि शादी-शुदा भी है, उसका समय से घर जाना बहुत जरूरी होता है। यह बात कोई पुरूष कुलीग नहीं समझ सकता। तब वह इस बात का उल्हाना देता ही है कि जब बराबरी है तो हर बात में ही होनी चाहिए। लेकिन तब मेरा जवाब यह भी होता है कि हम महिलाएं तो आज भी आप से आगे हैं। चूंकि हम ऑफिस के साथ-साथ घर की जिम्मेंदारियां भी बखूबी संभाल रही हैं।

**गीता**

पुरूषों के साथ काम करने में ऐसा कुछ खास तो नहीं लगता है लेकिन यह बात तो है कि जहां लड़कियों को पहले दबाया जाता था और कोशिश की जाती थी कि वह लड़कों की संगत से दूर ही रहें। वहां इस तरह की बातें हमारे अन्दर विश्वास पैदा करती हैं कि समाज कितना गलत सोचता था। एक साथ काम करने से एक-दूसरे के प्रति हिचकिचाहट दूर होती है और हममें आत्मविश्वास पैदा होता है। जिससे हमारे अन्दर से हर तरह का डर दूर हो जाता है। जहां पहले हम झिझक के लिहाज से सामने वाले की गल्ती पर उसे जवाब नहीं दे पाते थे, आज मुंह तोड़ जवाब दे सकती हैं।

# आलू परांठा



**सामग्री :** आधा किलो उबले हुए आलू, 2 कप गेहूं का आटा, आधा कप मैदा, 2 टेबलस्पून तेल, 2 प्याज बारीक कटा हुआ, 1 गड्डी हरी धनिया बारीक कटी हुई, आधा टीस्पून लाल मिर्च पाउडर, 1/4 टीस्पून हल्दी पाउडर, 2 हरी मिर्च बारीक कटी हुई, 2 टेबलस्पून घी, नमक स्वादानुसार।

**विधि :** आटा, मैदा, तेल और नमक को मिलाकर गूंध लें। आलू को मसलकर उसमें बारीक कटी हुई प्याज, हरी धनिया, नमक, लाल मिर्च पाउडर, हल्दी पाउडर, बारीक कटी हुई हरी मिर्च डालकर अच्छी तरह से मिला लें। आटे की लोई बनाकर उसमें आलू का मसाला भरकर बेल कर परांठा बना लें और घी लगाकर कुरकुरा सेक लें।



# हाथों में नौ-नौ चूडियां हैं

**आजकल** चारो आर आधुनिकता का ही बोलबाला है, इसने हमारे जीवन के हर पहलू पर अपना कब्जा जमा लिया है। सदियों से चले आ रहे परम्परागत आभूषणों का बाजार धीरे-धीरे खत्म होता जा रहा है। लेकिन एक चीज आज भी ऐसी है जिसने इस आधुनिकता को अपने अनुरूप ढाल लिया है, वह है 'गोरी के हाथों में खनकती चूड़ियां।'

बाजार रंग-बिरंगी और फैशनेबल चूड़ियों से भरा है। कांच की चूड़ियों के अलावा बाजार में 'मेटल' और 'लाख' की बनी चूड़ियों को भी काफी पसन्द किया जा रहा है। चूड़ियों के बदलते फैशन के साथ-साथ नये रंग-रूप में तब्दील करके बाजार में पेश किया जा रहा है। कांच की चूड़ियों की खूबसूरती बढ़ाने के लिए उन पर दबके और किरकिरी का भरपूर प्रयोग किया जा रहा है। दबके के सिल्वर, गोल्ड और कॉपर कलर को चूड़ियों पर ज्यादा इस्तेमाल किया जाता है, क्योंकि दबके के इन रंगों से चूड़ियों की चमक बढ़ जाती है। इसके अतिरिक्त कांच की चूड़ियों पर फाइबर के रंगीन टुकड़ों तथा रंगीन नगों का भी प्रयोग इन्हें को आर्कषक बनाने में किया जाता है। आजकल नग, मोती तथा स्टोन का प्रयोग अधिकाधिक किया जा रहा है, फिर चाहे वो आभूषण हों, परिधान हों या फिर आधुनिक चूड़ियां। आजकल सबसे ज्यादा चलन स्टोनवर्क वाली कांच की चूड़ियों और लाख की चूड़ियों का है। इन चूड़ियों को डायमण्ड शेप और स्क्वायर शेप वाले स्टोन से सजाया गया है। साथ ही झुमके वाली चूड़ियां भी फैशन पर राज कर रही हैं। इन चूड़ियों में रंगीन मोती के वर्क वाले झुमके को इस तरह जोड़ा गया है कि चूड़ियों की खूबसूरती देखते ही बनती है। इनको लटक वाली चूड़ियां कहते हैं। इन चमकीली तथा भड़कीली चूड़ियों के बीच बहुत ही सादगी से परिपूर्ण चूड़ियां भी सबका मन मोह रही हैं। क्यों कि डल कलर का पेंट करके इन्हें बहुत ही साधारण लुक दिया गया है। इन चूड़ियों को फोर्गेस्टेड चूड़ियों के नाम से जाना जाता है। इनके अतिरिक्त मेटल की चूड़ियों को भी काफी सजा-संवारकर बाजार में उतारा गया है। मेटल पर कलर्ड पेंट करके उस पर छोटे-छोटे चमकीले सितारों, सलमा सितारा तथा मोतियों को इस प्रकार से सजाया गया है कि वाकई ये चूड़ियां काबिल-ए-तारीफ हैं। ये चूड़ियां काबिल-ए-तारीफ है।

# स्पेशल बनाएं खुद को

फेस्टिवल सीजन दस्तक दे चुका है। समय है तैयार होकर बाहर निकलने का, अपने चेहरे को खूबसूरत बनाने में तो आप कोई कसर नहीं छाड़तीं लेकिन बाकी चीजों पर ध्यान नहीं दे पातीं तो हम बताते हैं कि ड्रेसिंग से लेकर बाल और पैरों की केयर में क्या जरूरी है।



### ड्रेस भी हो खास

साड़ी तो आपने खूब पहन ली। क्यों न इस बार कुछ डिफरेंट किया जाए। कुछ वेस्टर्न हो जाए या इंडो-वेस्टर्न। आजकल सिगल पीस ड्रेस फैशन में खूब हैं। चाहें तो इन्हें अकेले पहनें या फिर लेगिंग्स, हैरम पैंट, चूड़ीदार या जींस के साथ। टूनिक सिंगल पीस में खास है। इसका डिफरेंट कट, फैब्रिक और कलर्स आपके लुक को स्पेशल बनाते हैं। समय और मौसम के अनुकूल आप कॉटन, शिफॉन, कॉटन सैटिन, ब्रासो, जॉर्जेट आदि फैब्रिक के टूनिक टॉप पहन सकती हैं। फेमेला फैशंस कलेक्शन में टूनिक पेस्टल रंगों से लेकर रंग-बिरंगे प्रिंट और पिंक, यलो, पर्पल, बीज, ब्लैक और व्हाइट जैसे कलर्स में उपलब्ध है। इसी तरह कलरप्लस वूमेन के कलेक्शन में आप सिल्क पर डिजिटल प्रिंटिंग पाएंगी। ज्वेल टोन्स और सब्टल इम्बेलिशमेंट इस कलेक्शन को खास बनाता है। बर्न्ट ऑरेंज, वाइन टोन्स, रॉयल पर्पल, एमेरल्ड ग्रीन और फ्लर्टी ब्लैक इस कलेक्शन में स्पेशल है। टॉप में पफ स्लीव्स फिर से चलन में आ गए हैं। चाहें तो स्कर्ट के साथ पहनें या जींस के साथ। साथ ही वेस्टकोट भी फैशन में जमकर हैं। लेगिंग्स वार्डरोब के लिए ऐसा क्लोदिंग ऑप्शन है, जिसे आप टॉप, ड्रेस, कुर्ती, बूट्स या शॉर्ट्स के साथ भी कैरी कर सकती हैं।

### हेयर भी हाई-फाई

- बालों को रूखेपन से बचाने के लिए सप्ताह में दो-तीन बार ऑयलिंग करें, रात भर तेल लगे रहने दें, सुबह शैम्पू करें।
- बालों में शैम्पू के बाद कंडीशनर लगाना जरूरी है। यदि बाल कुछ ज्यादा ही रूखे हैं तो बाजार में उपलब्ध क्रीम कंडीशनर का इस्तेमाल करना चाहिए।
- चाहें तो ऐसे कंडीशनर का भी प्रयोग किया जा सकता है, जिसे लगाने के बाद बालों को धोया नहीं जाता।
- एरोमाथेरेपी ऑयल से बालों का मसाज कीजिए। उसके बाद बालों को स्टीम दीजिए।
- पार्लर में बालों के लिए विशेष स्पा मौजूद है, इन्हें आजमा सकती हैं। महीने में दो-तीन बार यह कराना चाहिए।
- बालों में नमी के लिए घर में भी पैक तैयार किया जा सकता है। इसके लिए दूध, अंडे की जर्दी या केला, शहद को मिला कर बालों पर लगाएं। आधे घंटे के लिए रखें, उसके बाद धो दें।
- डैंड्रफ से छुटकारा पाने के लिए सेब या प्याज का जूस रूई की मदद से स्कल्प पर लगाएं। आधे घंटे बाद बालों को धो लें।
- बाल धोने के बाद अपनी कंघी, तौलिया और तकिए के गिलाफ को एंटीसेप्टिक लोशन में आधे घंटे डुबोने के बाद धो दें। धूप में सुखाएं।

### फुट केयर

- एरोमाथेरेपी पेडिक्योर सही रहता है। पैरों को डीप मॉयश्चराइज करता है। यह आर्थराइटिस के रोगियों को आराम भी देता है। चाहें तो बाजार में उपलब्ध पैरासिन वैक्स भी लगा सकती हैं।
- सोने से पहले रोजाना रात में क्रीम लगाएं। धीमी आंच पर गर्म करके क्रीम लगाएंगी तो परिणाम जल्दी मिलेंगे। क्रीम को ब्रश से लगाएं, टॉवेल या क्लग फिल्म से कवर करें। यह ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाता है।
- चाहें तो ग्लिसरीन में नींबू डाल कर लगाएं।
- फुटकेयर क्रीम से मसाज करना भी अच्छा रहता है।
- दिन भर जूता पहनने से पैर साफ और नम रहते हैं।
- क्यूटिकल्स को भी हमेशा साफ कराते रहना चाहिए।
- यदि पार्लर में पेडिक्योर करवा रही हैं तो ध्यान रखिए कि इंस्टमेंट्स स्टेरिलाइज्ड हों।
- सरसों का तेल बेहतरीन औषधि है, इसे पैरों में लगा सकती हैं।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। किसी अपने की सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-2-3-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। कार्यक्षेत्र में विवाद बढ़ेंगे। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभांक-5-7१-9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा)
आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग है। शुभांक-2-5-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। संतान की उन्नति के योग है। शुभांक-2-6-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचें। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। पारिवारिक विवाद टाले। शुभांक-1-3-4

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-4-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। बनते हुए कार्यों में बांधा आएगी। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-3-5-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। शत्रुओं की पराजय होगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। शुभांक-3-6-8


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
उच्च मनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-2-4-6

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी)
आत्मीय जनों से मिलन होगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। शुभांक-6-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-2-4-5


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
शांतिपूर्वक नित्य कार्य करे। संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते है। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पारिवारिक तनाव, अलगाव का सामना करना पड़ सकता है। शुभांक-1-3-5

## काकुरो पहेली - 1908




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:





काकुरो - 1907 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक सज्जन ने अपने मित्र को बतलाया, 'यह सोने का कप मैंने दौड़ में फर्स्ट आने के कारण प्राप्त किया है.'

'बहुत खूब, तुम्हारे पीछे कितने लोग थे?' मित्र ने पूछा.

'तीन..... .एक कप का मालिक और दो सिपाही.' उन सज्जन ने उत्तर दिया.

□ □ □

एक पोस्टमैन रिटायर हुआ तो उसकी विदाई के मौके पर सबने उससे खास अनुभव के बारे में पूछा.उसने झिझकते हुए कहा-कृपा करके मेरी पेंशन डाक से न भेजे.

□ □ □

दो लड़के जूस पी रहे थे. एक लड़के की उदास शक्ल देखकर दूसरे ने इसका कारण पूछा तो पहले लड़के ने जवाब दिया, 'मैं इसलिए उदास हूं कि मेरा आधा गिलास खाली हो चुका है,मगर तुम क्यों खुश हो?'

दूसरा चहककर बोला-'इसलिए कि मेरा आधा गिलास अभी तक भरा हुआ है.'


□ □ □

मियाँ ने बीवी को एक पत्रिका में प्रकाशित चित्र सहित दिखाते हुए कहा,'यह पूरा परिवार कांच खानेवाला है.'

'तुमसे तो ठीक है.' बीवी बोली,'तुम तो दिन भर दिमाग चाटते रहते हो.'

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 1908



**बायें से दायें:-**

१. सनी, रजनीकांत, श्रीदेवी की फिल्म-४
३. किरणकुमार, राधा सलूजा की 'दिल का नजराना ले ओ' गीत वाली फिल्म-३
६. 'आजा रे अब मेरा दिल पुकारा' गीत वाली राज कपूर, नर्गिस की फिल्म-२
७. राजेंद्रकुमार, शर्मिला की 'खाई है रेहमने कसम संग रहने' गीत वाली फिल्म-३
९. करण दीवान, स्वर्णलता की सुपरहिट फिल्म-३
११. गुरुदत्त, वहीदा की फिल्म-२
१२. फिल्म 'जीत' में सलमान का नाम-२
१३. अजय, सोनाली की 'तुम आए तो आया मुझे याद' गीत वाली फिल्म-२
१५. 'क्यूं मेरा दिल' गीत वाली करणनाथ, मनीषा, नतान्या सिंह की फिल्म-२
१६. सनी देओल, सुष्मिता की 'मैं अपना नाम भूला' गीत वाली फिल्म-२
१८. अजय, आफताब, विवेक, रितेश, लारा, अमृतराव की फिल्म-२
१९. 'दिल जंगली कबूतर' गीत वाली फिल्म-३
२०. सचिन खेडेकर, तब्बू, स्मिता की अंडरवर्ल्ड पर बनी एक फिल्म-३
२१. 'फूलों से जो खुशबू आए' गीत वाली प्रशांत, ऐश्वर्या की फिल्म-३
२२. अक्षयकुमार, रवीना की 'क्यूं आँचल हमारा गिरा जा' गीत वाली फिल्म-२
२३. राजकुमार, शशि, साधना की फिल्म-२
२४. 'परदेसी तो हैं' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'दिल मेरे ना और इंतजार कर' गीत वाली शाहिद, करीना की फिल्म-२
३०. फिल्म 'रंगदे बसंती' के संगीतकार कौन थे?-४
३१. 'दिल है छोटा सा छोटी सी आशा' गीत वाली फिल्म-२
३२. अभिषेक, उदय, जॉन, ईशा, रिमी सेन की फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. नसीर, शाहरूख, रीनाराय की फिल्म-३
२. 'एक लड़की हो गई राजी' गीत वाली राहुल राय, शीबा की फिल्म-३
३. जीतेंद्र, विश्वजीत, मुमताज की 'हमें तुमसे तुम्हें हमसे' गीत वाली फिल्म-३
४. 'एक हसीना थी एक' गीत वाली ऋषिकपूर, टीना मुनीम की फिल्म-२
५. किशोरकुमार, माला की 'प्यार का जहाँ हो छोटा सा' गीत वाली फिल्म-४
६. 'बेदर्दी बालमा तुझको मेरा मन' गीत वाली फिल्म-३
८. राज बब्बर, राजीव कपूर, डिम्पल की 'जीने दे ये दुनिया' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'अली अली मैं जोगन बन गई' गीत वाली अस्मित पटेल, मीरा की फिल्म-३
१२. सुनीलदत्त, रेखा की 'हाय मेरी मजबूर जवानी' गीत वाली फिल्म-२,३
१४. 'उंगली में अंगूठी' गीत वाली सनी, अनिल कपूर, श्रीदेवी की फिल्म-२,४
१६. गोविंदा, आदित्य, नीलम, मंदाकिनी की अजय कश्यप निर्देशित फिल्म-४
१७. 'सगरे जगत का इक' गीत वाली अमिताभ, हेमा मालिनी की फिल्म-३
२५. राजेश खन्ना, पूनम ढिल्लों की 'ऐसी हसीन चाँदनी' गीत वाली फिल्म-२
२६. 'पर्दे में कोई बैठा है' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'तू सामने जब आता है' गीत वाली फिल्म-३
२८. फिल्म 'मेहबूबा' में नायिका कौन थी-२
२९. रितिक रोशन, करिश्मा की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 1907



## सूडोकु -1908


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -1907 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

## शब्द पहेली - 1908



**बाएँ से दाएँ**

1. उड़ीसा का शहर जहां इस्पात फैक्ट्रियां हैं-5
4. कराह,टीस,लालसा-3
6. हानि,आपत्ति-2
7. दुश्मनी,बैर-3
8. इंसाफ-2
10. साठवीं जयंती-3
11. जलाऊ लकड़ी-4
14. छोटा भाई-3
16. निरंकुश,आवारा-4
17. ठाठ-बाट-2
18. आफत,मुसीबत-2
19. शैतानी,बदमाशी-4
21. सहायता-3
22. इच्छा,लालसा-4
24. कवि,गजलकार-3
25. जरा,थोड़ा-2
27. मुलायम,नाजुक-3
28. गुफा,खोह-2
29. प्रियतम,सनम-3
30. मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**

1. सार्वजनिक मार्ग, आम रास्ता-5
2. उत्साह.शक्ति-2
3. बिना बाल वारा,गंजा-4
4. पंक्ति,लाइन-3
5. लड़की,पुत्री,बेटी-2
7. वहम,संदेह-2
9. जुड़वा-3
12. प्रतिज्ञा,कसम-3
13. गंगा का पानी-4
15. तीखा,तीक्ष्ण-3
16. आतुर,धैर्यहीन-4
17. संभवत:-3
18. मर्कट,कपि-3
20. गोविंदा,खुशबू की फिल्म-5
21. पानी रखने का चमड़े का पात्र-3
22. मनोकामना -4
23. साजन,प्रेमी-3
24. संध्या,सांझ-2
26. आनंद-2
28. महीना,मास-2

शब्द पहेली - 1907 का हल



## केटीआर ने अपमानजनक टिप्पणी के लिए बंडि संजय को कानूनी नोटिस भेजा

एजेंसी

**हैदराबाद।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष के.टी. रामा राव ने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडि संजय कुमार को मानहानि का नोटिस भेजा है। उन्होंने कहा था कि केटीआर ड्रग्स लेते हैं और फोन टैपिंग में शामिल हैं। केटीआर के वकील ने बंडि संजय को कानूनी नोटिस भेजकर सात दिन के भीतर बिना शर्त माफी मांगने की मांग की है। केंद्रीय मंत्री से यह भी कहा गया है कि वह रामा राव या उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ किसी भी तरह की दुर्भावनापूर्ण या तुच्छ हरकत से बचें। नोटिस में कहा गया है कि अगर बंडि संजय मांग पूरी करने में विफल रहते हैं, तो रामा राव उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के लिए बाध्य होंगे। नोटिस में बंडि संजय के 19 अक्टूबर को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिए गए बयान का हवाला दिया गया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि केटीआर ड्रग्स लेते हैं और उन्होंने मंत्री रहते हुए फोन टैपिंग का काम किया था। उन्होंने केटीआर के पिता के. चंद्रशेखर राव पर फोन टैपिंग का आरोप लगाया था।बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल करने के लिए दुर्भावनापूर्ण इरादे से आरोप लगाए गए थे।

## विधानसभा उपचुनाव की तैयारी: कलेक्टर व एसपी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



**दौसा।** विधानसभा उप चुनाव के मद्देनजर कलेक्टर व एसपी ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। कलेक्टर देवेन्द्र कुमार व एसपी रंजीता शर्मा ने विधानसभा क्षेत्र दौसा के नांगल ब्लॉक में बड़ा गांव, भोजपुरा, मानपुरिया, टीटौली, प्यारीवास, नांगल राजावतान, रामसिंहपुरा, मलवास, देहलास में मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान नांगल राजावतान डीएसपी चारुल गुप्ता व थानाधिकारी भी मौजूद रहे।

## राज्य सरकार प्रदेश के विकास के लिये कृत संकल्पित : झाबर सिंह खर्रा

**जयपुर।** पाली जिला प्रभारी मंत्री एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि हमने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की मंशानुसार प्रदेश के औधोगिक विकास के लिये सभी प्रयास किये जा रहे है, जिनमें बिजली सडक, रेल की कनेक्टिविटी, नियमों का सरलीकरण किया गया है, जिससे कि निवेशकों को अनावश्यक परेशानी ना हों और वे सरलता से अपने उद्योग व्यापार को स्थापित कर सके। वे पाली जिले के फालना कस्बे में फालना उद्योग मंडल में जिला प्रशासन, उद्योग केन्द्र, रीको के तत्वावधान में आयोजित राईजिंग राजस्थान- पाली जिला इनवेस्टर मीट में उपस्थित समूह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा है कि प्रदेश विकसित राज्यों की श्रेणी में आ सके जिसके लिये वे कृतसंकल्पित है। समारोह में पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि पाली जिले में पूर्ण संभावनायें हैं कि जो अनुकूल वातावरण उद्योगों के विकास के लिये प्रदान करती है। इस अवसर पर पाली सांसद पीपी चौधरी ने सम्बोधित करते हुये कहा कि पाली जिला औधोगिक विकास की सभी प्रचुर संभावनायें है जिनमें बिजली सड़क बड़े शहरों से कनेक्टिवटी, अनुकुल,ल जलवायु, स्कील श्रमिक आदि उपलब्ध है।

## साइबर फ्रॉड को लेकर पुलिस मुख्यालय ने जारी की एडवाइजरी, लालच में आकर साइबर ठगों को अपना बैंक खाता किराए पर उपलब्ध नहीं कराएं



**जयपुर।** साइबर ठगी के लगातार बढ़ते ऐसे मामले जिसमें आमजन अज्ञानता, लालचवश या बैंककर्मी से मिलीभगत कर साइबर क्रिमिनल को बैंक खाता किराए पर उपलब्ध कराते हैं, ऐसे मामलों का संज्ञान में लेते हुए पुलिस मुख्यालय की साइबर क्राइम शाखा ने एडवाइजरी जारी की है। महानिदेशक पुलिस,साइबर क्राइम राजस्थान, हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि प्रदेश में महानिदेशक पुलिस राजस्थान उत्कल रंजन साहु के मार्गदर्शन में साइबर अपराधों पर अंकुश लगानें एवं आमजन में साइबर जागरूकता लाने के उद्देश्य से लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। प्रियदर्शी ने बताया कि प्रदेश में इन दिनों साइबर ठग गरीब, बेरोजगार एवं आमजन को प्रलोभन एवं लालच देकर उनके बैंक अकाउंट को किराये पर लेकर साइबर अपराध के लिए उपयोग में ले रहे है। ऐसे करने वाले व्यक्ति अज्ञानतावश या लालच में आकर स्वयं भी साइबर अपराधों में लिप्त हो जाते है। यह भी संज्ञान में आया है कि प्रदेश के जिलों में साइबर ठगो द्वारा बैंक खाते मे कमीशन का लालच देकर खाताधारकों के बैंक खाते संदिग्ध लेन-देन के लिए उपयोग में लिये गये है।

# हेमंत सरकार के भ्रष्टाचार की लंका का जनता दहन करेगी : शिवराज सिंह चौहान

एजेंसी


**गढ़वा।** केंद्रीय मंत्री और झारखंड में भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने राज्य के सीएम हेमंत सोरेन और उनके मंत्रियों पर भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर जुबानी हमले किए।

गढ़वा में पार्टी प्रत्याशी सत्येंद्र नाथ तिवारी के नामांकन के बाद चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड में ऐसी सरकार है, जिसने बालू से लेकर पत्थर और कोयला से लेकर पानी तक का घोटाला किया है।उन्होंने कहा कि इस सरकार ने नौकरियों तक का गबन किया है। हेमंत सोरेन ने कहा था कि पांच लाख नौकरियां देंगे, उन्होंने अपने पिता की कसम खाई थी। लेकिन, नौकरियों के नाम पर ऐसा बवाल मचाया कि 20 लोगों की जान चली गई। माता-पिता अपने नौजवान बेटों का इंतजार करते रह गए। वे नौकरी नहीं, कफन लेकर आए। चौहान



ने कहा कि गढ़वा से झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी मिथिलेश ठाकुर ने हेमंत सोरेन की सरकार में मंत्री रहते हुए रावण की तरह भ्रष्टाचार की लंका खड़ी कर ली। इस चुनाव में जनता उनकी लंका जलाने को तैयार है। उन्होंने मंत्री की तुलना कुंभकर्ण से करते हुए कहा कि वह साल में छह महीने सोता था और छह महीने खाता था, लेकिन आपके मंत्री बारह महीने खाते रहते हैं। वह कभी बालू खाते हैं, कभी पत्थर, तो कभी कोयला। वे केंद्र सरकार की ओर से भेजा गया जल जीवन मिशन योजना का 5,500 करोड़ रुपए खा गए। उन्होंने जेल में बंद झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री आलमगीर आलम का जिक्र करते हुए कहा कि उनके पीए के नौकर के घर से करोड़ों मिले। इसी तरह झारखंड के कांग्रेस सांसद के पास से 350 करोड़ मिला। ये पैसे झारखंड के संसाधनों को लूटकर इकट्ठा किए गए थे। यही वजह है कि उनके खिलाफ ईडी के छापे पड़े हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता बालू के लिए तरस रही है। पीएम आवास बनाने के लिए बालू नहीं मिल रहा। हेमंत सोरेन ने वादा किया था कि लोगों को मुफ्त बालू मिलेगा, लेकिन इसे बाल्टियों में भरकर बेचा जा रहा है। हमारी सरकार आएगी तो हम लोगों के मकान बनाने के लिए बालू को पूरी तरह मुफ्त कर देंगे। जिस दिन एनडीए की सरकार बनेगी, उसी दिन कैबिनेट मीटिंग में 2 लाख 87 हजार नौकरियों का ऐलान किया जाएगा।

## पश्चिम बंगाल-ओडिशा की तरफ तेजी से बढ़ रहा चक्रवाती तूफान दाना





**प्रयागराज।**

**नई दिल्ली।** बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना गहरे दबाव का क्षेत्र बुधवार सुबह चक्रवाती तूफान में तब्दील होकर तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसके गुरुवार-शुक्रवार तक पश्चिम बंगाल और ओडिशा के तटों से टकराने का पूर्वानुमान है। मौसम विज्ञान विभाग के महानिदेशक डॉ. मृत्युंजय महापात्रा ने बताया कि चक्रवाती तूफान दाना के उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने और 24 अक्टूबर की सुबह तक उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक गंभीर चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की संभावना है। यह 24 अक्टूबर की रात भितरकनिका और धमारा (ओडिशा) के करीब पुरी और सागर द्वीप के बीच उत्तरी ओडिशा और पश्चिम बंगाल तटों को पार कर जाएगा। 25 अक्टूबर की सुबह 100-120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार के साथ एक गंभीर चक्रवाती तूफान के रूप में आने की संभावना है। ओडिशा और पश्चिम बंगाल सरकार ने तटीय इलाकों से लोगों को निकालने का काम तेज कर दिया है। 'दाना' अब विकराल रूप ले चुका है। ओडिशा के 14 जिलों के संवेदनशील इलाकों में 288 बचाव दल तैनात किए गए हैं। आईएमडी का बालासोर, भद्रक, जगतसिंहपुर, केंद्रपाड़ा, पुरी, जाजपुर और कटक में अलग-अलग जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश होने का पूर्वानुमान है।

## पूर्व विधायक सतकार कौर और उसका भतीजा नशा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार

एजेंसी

**चंडीगढ़।** नशे के खिलाफ चल रही जंग में एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए पंजाब पुलिस की एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने पूर्व विधायक सतकार कौर और उनके भतीजे को खरड़ के सन्नी एन्क्लेव के पास से गिरफ्तार कर लिया, जब वे 100 ग्राम हैरोइन की तस्करी कर रहे थे। पुलिस महानिदेशक (आईजीपी) मुख्यालय सुखचैन सिंह गिल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी (भतीजे) की पहचान फिरोजपुर के गांव बहबल खुर्द निवासी जसकीरत सिंह के रूप में हुई है और वर्तमान में पूर्व विधायक के घर में रहता है। आरोपी जसकीरत कार चला रहा था, जबकि पूर्व विधायक उसके बगल में बैठी थीं। आरोपी सतकार कौर 2017-2022 तक फिरोजपुर ग्रामीण सीट से विधायक रही हैं। बाद में पुलिस टीमों ने पूर्व विधायक के घर से 28 ग्राम हैरोइन और बरामद की, जिससे बरामद हैरोइन की कुल मात्रा 128 ग्राम हो गई। इसके अलावा टोयोटा फॉर्च्यूनर, बीएमडब्ल्यू, हुंडई वर्ना और शेवरले समेत चार गाड़ियां भी जब्त की



गई।मीडिया को संबोधित करते हुए आईजीपी सुखचैन सिंह गिल ने कहा कि एएनटीएफ टीमों को एक विश्वसनीय स्रोत से सूचना मिली थी कि वो पूर्व विधायक सतकार कौर से ड्रग्स खरीद रहा था। उन्होंने कहा कि सूत्र ने पुलिस टीमों को कुछ मोबाइल नंबर और कॉल रिकॉर्डिंग सहित पर्याप्त सबूत भी उपलब्ध कराए, जो पूर्व विधायक की मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्तता का संकेत देते हैं। गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए, एक स्टिंग ऑपरेशन की योजना बनाई गई और पूर्व विधायक के साथ लेनदेन करने वाले एक काल्पनिक ग्राहक को लेनदेन को अंजाम देने के लिए सनी एन्क्लेव के पास एक कियोस्क के पास पूर्व-निर्धारित स्थान पर भेजा गया। उन्होंने कहा कि जब वह (ग्राहक) दवाओं की डिलीवरी प्राप्त कर रहा था, तो एसटीएफ टीमों ने तुरंत हस्तक्षेप किया और उन दो व्यक्तियों को पकड़ लिया ।

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड के आरोपित अनमोल बिश्नोई के सीधे संपर्क में थेः पुलिस

एजेंसी

**मुंबई।** पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी हत्याकांड मामले में सभी आरोपित गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई के साथ स्नैपचैट के माध्यम से सीधे संपर्क में थे। जांच में यह भी पता चला है कि अनमोल बिश्नोई कनाडा और अमेरिका से सभी शूटरों को हैंडल कर रहा था। इस मामले की अब तक की छानबीन में यह महत्वपूर्ण खुलासा हुआ है। मुंबई पुलिस अब कई स्नैपचैट एकाउंट की जांच कर रही है। इस मामले की छानबीन कर रहे पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि आरोपित स्नैपचैट के जरिए एक दूसरे से संपर्क में थे और मैसेज के माध्यम से बातचीत के बाद उसे तुरंत डिलीट कर देते थे। इनमें से कुछ अकाउंट अनमोल बिश्नोई से जुड़े हैं। अधिकारी ने बताया कि हम इन अकाउंट के विवरण की जांच कर रहे हैं, लेकिन हमें यकीन है कि उनमें से एक अकाउंट बिश्नोई से जुड़ा है। आरोपितों के पास से चार मोबाइल



फोन जब्त किए गए हैं, जिनकी फोरेंसिक रिपोर्ट क्राइम ब्रांच को मिल गई है। पुलिस अधिकारी के अनुसार इस रिपोर्ट में स्नैपचैट एप्लिकेशन के चैट्स की रिट्रीव की गई कॉपी भी है। इन चैट्स को एनालाइज करते समय क्राइम ब्रांच को अनमोल बिश्नोई के इन्वॉल्वमेंट के सबूत मिले हैं। जांच में पता चला है कि अनमोल बिश्नोई बाबा सिद्दीकी हत्याकांड के आरोपितों को स्नैपचैट के जरिए इन्सपायर कर रहा था। इस मामले में मुंबई पुलिस अब तक 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है, जबकि तीन फरार आरोपितों के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी किया गया है।

# मध्य प्रदेश है संभावनाओं की भूमि : आचार्य बालकृष्ण

एजेंसी

**भोपाल।** पतंजलि ग्रुप के महाप्रबंधक आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि मध्य प्रदेश संभावनाओं की भूमि है। यहां मध्य प्रदेश के विकास के लिये मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की दूरदृष्टि है। मध्य प्रदेश में संपूर्ण देश के जो उद्योगपति अनेक क्षेत्र में उद्योग लगाना चाहते हैं या कार्य करना चाहते हैं उनके लिये यहां का वातावरण एवं व्यवस्थाएँ अनुकूल है। निवेश के लिये इच्छुक उद्योगपतियों को यहां आना चाहिए।

आचार्य बालकृष्ण रीवा में आयोजित प्रदेश की पांचवीं रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश को आगे बढ़ाने के लिये जो भी योगदान दे सकते हैं, मध्य प्रदेश उनके लिये एक सुंदर और सुरक्षित स्थान है। पंतजलि के लिये मुख्य रूप से हम यहां फूड प्रोसेसिंग, ऑयल प्रोसेसिंग और फार्मा ट्रेनिंग के लिये काम करेंगे। पर्यटन और सोलर के क्षेत्र में योजना बनाकर बड़े स्तर पर कार्य करेंगे। स्थानीय लोगों के रोजगार और उनके हित और उनके कल्याण के लिये काम किया जायेगा। आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि रीवा इंडस्ट्री




कॉन्क्लेव में आकर मुझे यहां एक नई परंपरा देखने को मिली। जिसमें न केवल स्थानीय स्तर पर लोग उत्साहित हैं और साथ ही संभावनाओं का बोध भी सबको हो रहा है। उन्होंने कहा कि जब आप स्थानीय स्तर पर पहुंचते हैं तो वहां भी जो संभावनाएं है वे उभर कर आती है। मुझे लगता है कि देश के लिये यह पहला अलग तरह का प्रयास है, ऐसा प्रयास सभी जगह होना चाहिए।उन्होंने कहा कि पतंजलि ने स्वदेशी उत्पादों और नवीन टेक्नॉलाजी को लगातार बढ़ावा दिया है। मध्य प्रदेश के रूचि सोया प्लांट को नया जीवन देकर पतंजलि ने कई खाद्य उत्पाद बना रहा है। मध्य प्रदेश में फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने के लिए हम किसानों का सहयोग कर रहे हैं। मध्य प्रदेश के कई जिलों में सरसों, अन्य तिलहनों तथा औषधीय पौधों की खेती के लिए किसानों को निश्शुल्क प्रशिक्षण देकर सहयोग कर रहे हैं। ऑर्गेनिक खेती की उपज को किसानों से सीधे खरीदकर उन्हें लाभ दे रहे हैं। पतंजलि उज्जैन में उद्योग और आयुर्वेदिक केन्द्र की स्थापना करेगा। सोलर एनर्जी और आईटी के क्षेत्र में भी हम बड़ा निवेश करेंगे।कॉन्क्लेव में डालमिया सीमेंट के एमडी पुनीत डालमिया ने कहा कि मध्य प्रदेश में तीन हजार करोड़ रुपये के निवेश से सीमेंट प्लांट स्थापित किया जाएगा। यह विश्व का पहला 100त्न नवकरणीय ऊर्जा से चलने वाला प्लांट होगा। उन्होंने कहा कि उनके संस्थान द्वारा देशभर में 15 दीक्षा सेंटर का संचालन किया जा रहा हैं। इसमें कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाकर 50 हजार से अधिक लोगों को प्रशिक्षित किया गया है। मध्य प्रदेश में भी इसी तरह का प्रशिक्षण सेंटर स्थापित किया जाएगा।

## महाविकास अघाड़ी में 85-85-85 का फॉर्मूला तय, सहयोगियों के लिए 18 सीटें



एजेंसी

**मुंबई।** महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी में हर सहयोगी दलों के लिए 85-85 सीटों का नया फार्मूला तय किया गया है। इसके साथ सूबे की 15 सीटों के लिए महाविकास आघाड़ी के तीनों प्रमुख सहयोगी दलों के बीच चर्चा जारी है। महाविकास आघाड़ी में 18 सीटें अपने मित्र दलों के लिए छोड़ने का फैसला लिया है। शिवसेना यूबीटी के नेता संजय राऊत ने बुधवार शाम को बताया कि महाविकास आघाड़ी में सीटों के बंटवारे को लेकर मुंबई के वाईबी चव्हाण प्रतिष्ठान में बैठक हो रही है। इस बैठक में महाविकास आघाड़ी के मुख्य सहयोगी दलों ने 270 सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला किया है। बाकी की 18 सीटें मित्र दलों के लिए छोड़ी जाएंगी। महाराष्ट्र की कुल 288 सीटों में से महाविकास आघाड़ी के मुख्य सहयोगी दलों के बीच 85-85-85 सीटों पर अंतिम सहमति हो गई है। 15 सीटों पर महाविकास आघाड़ी के तीनों दल आपस में चर्चा कर रहे हैं। महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि फिलहाल महाविकास अघाड़ी मुख्य सहयोगी दलों ने 85-85-85 सीटों के फार्मूले को अंतिम रूप दिया है। बाकी बची सीटों में 18 सीटें मित्र दलों को दी जाएगी और उर्वरित 15 सीटों को लेकर तीनों दलों में चर्चा जारी है। नाना पटोले ने कहा कि महाविकास आघाड़ी के तीनों सहयोगी दलों के बीच चर्चा जारी है।

## महाकुंभ-2025 के दौरान 50 ट्रेनों को अस्थायी ठहराव

**नई दिल्ली।** रेल यात्रियों की सुविधा के लिए महाकुंभ-2025 के दौरान 10 से 28 फरवरी तक विभिन्न स्टेशनों पर 50 ट्रेनों को दो मिनट का अस्थायी ठहराव प्रदान किया जाएगा। उत्तर रेलवे के प्रवक्ता ने एक



विज्ञप्ति में बताया कि इस दौरान संपूर्ण क्रांति एक्सप्रेस राजेंद्र नगर टर्मिनल-नई दिल्ली और विक्रमशिला एक्सप्रेस भागलपुर-आनंद विहार टर्मिनल को दोनों दिशाओं में प्रयागराज जं पर अस्थायी ठहराव प्रदान किया जाएगा। गोदान एक्सप्रेस मुंबई एलटीटी-गोरखपुर जंक्शन और छपरा एक्सप्रेस मुंबई एलटीटी-छपरा जंक्शन को दोनों दिशाओं में नैनी पर अस्थायी ठहराव दिया जाएगा। तुलसी एक्सप्रेस मुंबई एलटीटी-अयोध्या कैंट को दोनों दिशाओ में भरत कूप, शिवरामपुर और नैनी स्टेशनों पर अस्थायी ठहराव दिया जाएगा।

## अखिलेश यादव लोगों के लिए एक बड़ी उम्मीद हैं : अवधेश प्रसाद

एजेंसी

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के नेता अवधेश प्रसाद ने दावा किया कि 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव के नेतृत्व में सरकार बनेगी। सपा प्रमुख आज देश के लोगों के लिए एक बड़ी उम्मीद के रूप में उभरकर सामने आ रहे हैं। हर शख्स उन्हें बड़ी उम्मीद के रूप में देख रहा है। ऐसे में अगले चुनाव में सपा की जीत तय है।अवधेश प्रसाद ने कहा, लोकसभा देश की सबसे बड़ी पंचायत है, जो लोकतंत्र की मूलभूत शक्ति का प्रतीक है। इसके साथ ही, आपने अखिलेश यादव जी के नेतृत्व में एक मजबूत सरकार की उम्मीद जताई है, जो विशेष रूप से प्रदेश के युवाओं और बेरोजगारों के लिए महत्वपूर्ण होगी। यह उल्लेख करना जरूरी है कि जब कोई सरकार काम करती है, तो उसकी प्राथमिकता युवाओं के विकास और उनकी रोजगार की स्थिति पर होनी चाहिए।उन्होंने कहा, युवाओं के लिए सरकारी नौकरियों की



आवश्यकता है और यह एक ऐसी दौलत है, जो देश का भविष्य निर्धारित करती है। अखिलेश यादव जी के नेतृत्व में आपको विश्वास है कि युवा पीढ़ी को उनकी योग्यता के अनुसार नौकरी मिलेगी और उनका सम्मान किया जाएगा। यह केवल एक राजनीतिक दृष्टिकोण नहीं, बल्कि एक सामाजिक जिम्मेदारी भी है।उन्होंने कहा, कुछ लोग मुगल साम्राज्य के समय की बातें कर रहे हैं, लेकिन उनका सपना कभी पूरा नहीं होगा। आपने यह स्पष्ट किया कि जो लोग राम की बात करते हैं, वे वास्तविकता से परे हैं।उन्होंने कहा, अजीत प्रसाद को अखिलेश यादव जी ने सर्वसम्मति से टिकट दिया है। यह निश्चित रूप से एक महत्वपूर्ण अवसर है। समाजवादी पार्टी इस चुनाव में इतिहास बनाएगी।

# रामकिंकर जी का संपूर्ण जीवन विशिष्टता का प्रतीक : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

एजेंसी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित 'भावांजलि' कार्यक्रम में भाग लिया। यह कार्यक्रम भारत के प्रतिष्ठित मानस मर्मज्ञ और पद्मभूषण सम्मानित पं. रामकिंकर उपाध्याय के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पं. रामकिंकर उपाध्याय की महिमा का बखान करते हुए उनके योगदान और सनातन धर्म के प्रति उनके समर्पण को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे लिए यह अत्यंत गौरव का क्षण है कि हम एक ऐसे महापुरुष के शताब्दी समारोह के आयोजन से जुड़े हैं, जिनका जीवन सनातन धर्म और प्रभु श्रीराम के आदर्शों पर आधारित था। युग तुलसी पं. रामकिंकर जी का संपूर्ण जीवन श्रीराम और तुलसी साहित्य के प्रति



समर्पित था। उनकी व्याख्याएं और चिंतन अनूठी थी, जो सनातन धर्म के अनुयायियों के लिए हमेशा प्रेरणास्रोत बनी रहेंगी। सीएम योगी ने यजुर्वेद का उल्लेख करते हुए महापुरुषों के लक्षणों की बात की और कहा कि शास्त्रों में दो प्रकार के पुरुषों की चर्चा होती है, प्राकृत पुरुष और विशिष्ट पुरुष। रामकिंकर जी का संपूर्ण जीवन विशिष्टता का प्रतीक रहा है। उनका कार्य और उसके परिणाम बताते हैं कि उन्होंने लीक से हटकर समाज को प्रेरणा दी है। पं. रामकिंकर उपाध्याय की श्रीराम कथा की विशिष्ट शैली का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने रामकथा को एक नई दिशा दी। उनकी कथाएं न केवल आम जनमानस, बल्कि देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद जैसे गणमान्य लोगों को भी प्रभावित करती थीं। लगभग छह दशकों तक उन्होंने मानस के माध्यम से सनातन धर्म की सेवा की। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि यह हमारा दायित्व है कि हम ऐसे महापुरुषों के प्रति सम्मान का भाव रखें और उनकी शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाएं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पं. रामकिंकर उपाध्याय का जन्म शताब्दी वर्ष एक विशेष महत्व रखता है, क्योंकि यह वही वर्ष है जब 500 वर्षों के बाद श्रीरामलला अयोध्या में विराजमान हो चुके हैं।

## वायनाड से प्रियंका गांधी आधिकारिक सांसद होंगी, जबकि मैं अनाधिकारिक सांसद रहूंगा :राहुल गांधी

एजेंसी

**वायनाड।** केरल की वायनाड लोकसभा सीट से उपचुनाव में उतरीं प्रियंका गांधी वाड्रा के लिए प्रचार करने राहुल गांधी पहुंचे। वायनाड में प्रचार के दौरान वायनाड से पूर्व लोकसभा सांसद राहुल गांधी ने कहा कि अब से वायनाड के पास दो सांसद होंगे। राहुल गांधी ने कहा, 'प्रियंका गांधी आधिकारिक सांसद होंगी, जबकि मैं अनाधिकारिक सांसद रहूंगा।'

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आम चुनाव में कर्नाटक की वायनाड और उत्तर प्रदेश की रायबरेली लोकसभा सीट पर जीत दर्ज की थी। इसके बाद राहुल गांधी ने रायबरेली सीट से सांसद बने रहने का फैसला किया था। इसके बाद वायनाड सीट रिक्त हो गई। इस सीट पर 13 नवंबर को उपचुनाव होगा। राहुल गांधी बुधवार सुबह अपनी बहन प्रियंका गांधी के साथ एक विशाल रोड शो में शामिल होने के लिए वायनाड पहुंचे थे। प्रियंका गांधी वाड्रा ने वायनाड लोकसभा क्षेत्र से पर्चा भर दिया है। संयोगवश, जब राहुल और प्रियंका गांधी चुनावी रैली को संबोधित कर रही थीं, तब उनकी मां और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया



गांधी भी मौजूद थीं।प्रियंका गांधी के संबोधन के बाद चुनावी रैली को राहुल गांधी ने संबोधित किया। राहुल गांधी ने कहा, मुझे लगता है कि आप सभी वायनाड के साथ मेरे रिश्ते को अच्छी तरह समझते हैं। मैं खुद से सोच रहा था कि वायनाड ने मेरे लिए जो किया है, उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता।उन्होंने कहा, वायनाड देश का एकमात्र ऐसा निर्वाचन क्षेत्र है, जहां दो लोकसभा सदस्य होंगे, एकआधिकारिक और दूसरा अनाधिकारिक। वे दोनों वायनाड के लोगों के लिए मिलकर काम करेंगे।राहुल गांधी ने अपनी बहन के बारे में बात करते हुए कहा, जब हम छोटे थे, तो मैं प्रियंका को उसके दोस्तों के साथ देखा करता था। वह हमेशा उनकी बहुत मदद करती थी। मैं उससे कहता था, तुम अपने दोस्तों की मदद करने के लिए इस हद तक नहीं जा सकती। राहुल गांधी ने कहा, अगर उसका कोई दोस्त होता तो वह उसके लिए कुछ भी करने को तैयार रहती थी। कभी-कभी उसके दोस्त उसके काम की सराहना नहीं करते थे। मैं उसे इस बारे में बताता था। वह कहती थी कि अगर वे सराहना नहीं करते तो कोई बात नहीं और वह वही करती थी जो उसे सही लगता था।

## महाविकास अघाड़ी की बैठक से कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष को बाहर फेंक दिया गया : संजय निरुपम

एजेंसी

**मुंबई।**शिवसेना नेता संजय निरुपम ने दावा किया कि महाराष्ट्र में विपक्षी महाविकास अघाड़ी गठबंधन में आपसी फूट है और उनके घटक दल एक-दूसरे से लड़ रहे हैं।संजय निरुपम ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, ÷महाविकास अघाड़ी में सीटों के बंटवारे के नाम पर जो आग लगी है वह बुझने का नाम नहीं ले रही है। पिछले तीन दिन से महाविकास अघाड़ी गठबंधन के नेताओं की ताबड़तोड़ बैठकें हो रही हैं। दिल्ली में कांग्रेस बैठक कर रही है और यहां पर शरद पवार और उनके सभी प्रतिनिधि बैठक कर रहे हैं। उनका अभी तक कोई फार्मूला निकला नहीं है। उन्होंने कहा, मजेदार बात यह है कि महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष को इन बैठकों से निकालकर बाहर फेंक दिया गया है। शरद पवार के चौहान सेंटर में आज सुबह एमवीए की तीनों पार्टियों की एक प्रेस कांफ्रेंस होने वाली थी। ऐसा बताया जा रहा था कि इस बैठक में गठबंधन सीटों के बंटवारे की घोषणा करने जा रहा है। अचानक वह प्रेस कांफ्रेंस रद्द कर दी गई। इसका सीधा मतलब है कि कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) में गतिरोध बढ़ता जा रहा है। इसके बाद उन्होंने कहा, उनका अभी भी कोई फॉर्मूला तय नहीं हुआ है। इसका सीधा मतलब यह है कि जब सीटों के बंटवारे पर दोनों पार्टियों में इतने मतभेद हैं, इतने झगड़े हैं तो यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि चुनाव लड़ते वक्त ये लोग कितना झगड़ा करेंगे, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। जब अभी ही इतने झगड़े हैं तो महाराष्ट्र को बचाने के दौरान वह कितना झगड़ा करेंगे।

# निया शर्मा

## ने किया ऐसा ऐड, सोशल मीडिया पर मच गया हंगामा! क्या कहते हैं एक्सपर्ट?



निया शर्मा एक कमाल की एक्ट्रेस हैं. 'खतरों के खिलाड़ी' और 'झलक दिखला जा' जैसे रियलिटी शो में शामिल होकर उन्होंने ये भी साबित कर दिया कि वो बहुत ही टैलेंटेड सेलिब्रिटी हैं. लेकिन कई बार निया को उनके कपड़े और फैशन को लेकर ट्रोल किया जाता है. हालांकि निया के कुछ ऐसे फैन्स हैं जो शुरुआत से उनके साथ जुड़े हुए हैं और हर दिन होने वाली ट्रोलिंग के बावजूद वो हमेशा निया के सपोर्ट में खड़े रहते हैं. पर निया ने इस बार कुछ ऐसा कर दिया है कि उनके सच्चे फैन्स ने भी उनका साथ छोड़ दिया. दरअसल निया शर्मा ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर वैजाइनल टाइटनिंग टैबलेट का ऐड शेयर किया है.निया के शेयर किए गए इस वीडियो में निया को 'ढीली' चीजों से स्ट्रगल करते हुए दिखाया गया है. कभी वो ओवर साइज पैंट से जूझ रही हैं तो कभी बोतल का ढक्कन सही से फिट न होने की वजह से और सही साइज के जूते न पहनने की वजह से स्ट्रगल कर रही हैं. लेकिन फिर वो इन बातों का सलूशन ढूंढ निकालती हैं और हम उन्हें एक परफेक्ट फिट ड्रेस में देखते हैं. आखिर में निया वैजाइनल टाइटनिंग टैबलेट के पैकेट को देखकर कहती हैं कि 'इसे सही से रखो, इसे टाइट रखो.'

**भड़क गए फैन्स**

इस ऐड के कैप्शन में निया ने लिखा है कि इसके साथ आप परफेक्ट टाइट एक्सपीरियंस कर सकते हैं, क्योंकि जिंदगी परफेक्ट फिट होने के बारे में है, फिर वो उनका ड्रेस हो या प्राइवेट एरिया, आपके लिए हमने ये जरूरत भी कवर कर ली है. आप इससे परफेक्ट पल एक्सपीरियंस कर सकते हैं. निया के इस ऐड के नीचे कमेंट सेक्शन में फैन्स का गुस्सा साफ नजर आ रहा है. एक सोशल मीडिया यूजर ने इस वीडियो के नीचे कमेंट करते हुए लिखा है कि आपको जरूर इस ऐड के लिए किसी ने इतने पैसे ऑफर किए होंगे कि आप मना नहीं कर पाईं, ये शर्मनाक है.

**गलत चीजों को कर रही हैं प्रमोट....**

निया शर्मा की एक फैन लिखती हैं, मैं आपकी बहुत पुरानी फैन थी. मैं आपको 'एक हजारों में मेरी बहना है' सीरियल से फॉलो कर रही हूं. मैंने अब तक आपसे जुड़ी हर कंट्रोवर्सी को नजरअंदाज किया. जिस तरह से आप लाफ्टर शेफ में काम कर रहे थे वो देखकर मैं बहुत खुश थी. लेकिन ये वीडियो देखकर मैं बहुत ज्यादा निराश हूं. क्या आपको पैसों की इतनी जरूरत है कि आप इस तरह की गलत चीजें प्रमोट कर रहे हो. अब मैं बहुत खुश हूं आप बिग बॉस में नहीं आईं. हमें आप जैसे सेलिब्रिटी को वहां नहीं देखना है. निया के इस वीडियो के नीचे सिर्फ उनके फैन्स और ट्रोलर्स ने ही नहीं बल्कि कई डॉक्टर्स ने भी कमेंट करते हुए इस वीडियो को गलत बताया है.

**जानें क्यों गलत है निया का ये ऐड करना**

वैसे तो सेलिब्रिटी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर किसी भी प्रोडक्ट का ऐड कर सकते हैं, फिर निया शर्मा के वैजाइनल टाइटनिंग टैबलेट के ऐड को लेकर इतना हंगामा क्यों हो रहा है? ये जानने के लिए हमने जब स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर निकिता पटेल से बात की, तब उन्होंने टीवी9 हिंदी डिजिटल के साथ की बातचीत में कहा कि कई बार अगर कोई शारीरिक मुश्किलें हों, तो डॉक्टर इस तरह की दवाइयां सजेस्ट कर सकते हैं, लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि इसे इस तरह से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रमोट किया जाए. जिस तरह से फेयरनेस क्रीम की ऐड करना गलत है वैसे ही इस तरह का प्रोडक्ट निया शर्मा जैसी सेलिब्रिटी का प्रमोट करना सही नहीं है.

## श्वेता तिवारी को तलाक देते ही इस एक्ट्रेस के करीब आ गए थे राजा चौधरी! सरेआम की थी ऐसी हरकत



श्वेता तिवारी अब छोटे पर्दे पर नहीं, बल्कि बड़े पर्दे पर धमाका करती हुई नजर आएंगी. दिवाली पर श्वेता तिवारी अपना धमाकेदार और ग्रेंड कमबैक करने जा रही हैं. उन्हें ये मौका रोहित शेट्टी ने अपनी फिल्म 'सिंघम अगेन' के जरिए दिया है. अजय देवगन, करीना कपूर, दीपिका पादुकोण, अक्षय कुमार, रणवीर सिंह और अर्जुन कपूर जैसे सितारों के साथ श्वेता तिवारी स्क्रीन शेयर करती हुई नजर आएंगी. हालांकि श्वेता अपने काम से ज्यादा अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी सुर्खियों में रह चुकी हैं. उनके पहले पति राजा चौधरी के साथ उनका काफी विवाद भी रह चुका है.श्वेता तिवारी और राज चौधरी की शादी ज्यादा लंबी नहीं चल पाई थी. इस शादी से दोनों की एक बेटी है. लेकिन श्वेता को तलाक देने के बाद राजा का नाम दूसरी एक्ट्रेस के साथ जुड़ने लगा था. दरअसल बिग बॉस सीजन 2 में राजा चौधरी ने शिरकत की थी. साल 2007 में जहां राजा चौधरी और श्वेता तिवारी की तलाक हुआ था, वहीं साल 2008 में बिग बॉस 2 ऑन एयर हुआ था. इस सीजन में भोजपुरी एक्ट्रेस संभावना सेठ भी मौजूद थीं. इस शो में राजा और संभावना के बीच काफी नजदीकियां भी देखने को मिली थीं.

**राजा चौधरी और संभावना सेठ की नजदीकियां**

बिग बॉस 2 को शिल्पा शेट्टी ने होस्ट किया था. वहीं राजा चौधरी शो के रनर-अप थे. इस शो में राजा और संभावना पहले दोस्त बने फिर दोनों के बीच रोमांस देखने को मिला और लास्ट में दोनों के बीच तकरार भी साफ-साफ नजर आई. शो में दोनों ने एक साथ डांस परफॉर्मेंस भी दी थी. परफॉर्मेंस के दौरान दोनों इस कदर रोमाटिंक हो गए थे कि दोनों को एक-दूसरे को किस करते हुए भी देखा गया था. बिग बॉस के घर अंदर राजा की नदीकियां और भी कंटेस्टेंट्स के साथ देखी गई थीं.

**श्वेता तिवारी और राज चौधरी का तलाक**

संभावना सेठ भोजपुरी सिनेमा का बड़ा नाम रह चुकी हैं. उन्हें भोजपुरी की आइटम गर्ल भी कहा जाता है. वहीं, राजा चौधरी की भी भोजपुरी सिनेमा में अच्छी-खासी पकड़ थी. राजा ने साल 1998 में श्वेता तिवारी से शादी की थी. वहीं साल 2007 में दोनों का तलाक भी हो गया था.

## विवियन डीसेना और अविनाश मिश्रा के साथ नॉमिनेट हुई अनुपमा की 'बेटी', अब तो बाहर जाना पक्का!



बिग बॉस 18 के लेटेस्ट एपिसोड की शुरुआत इस बार कंटेस्टेंट के झगड़े से नहीं बल्कि शिल्पा शिरोडकर के आंसुओं के साथ हुई. आमतौर पर बिग बॉस के घर में बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शिरोडकर अविनाश मिश्रा की वजह से गुस्सा होती हैं या फिर अविनाश मिश्रा की वजह से रोने लग जाती हैं. लेकिन इस बार शिल्पा शिरोडकर के आंसुओं की वजह अविनाश नहीं बल्कि विवियन डीसेना थे. जिस तरह से विवियन ने अविनाश मिश्रा, ईशा सिंह और ऐलिस कौशिक के साथ हाथ मिलाया, वो शिल्पा को बिलकुल भी रास नहीं आया और इसी वजह से वो इमोशनल हो गईं.

**बिग बॉस को मिली नई लाड़ली**

नॉमिनेशन टास्क के दौरान बिग बॉस ने घोषित कर दिया कि श्रुतिका उनकी नई लाड़ली हैं. घर की लाड़ली बनाने के साथ-साथ बिग बॉस ने उन्हें नॉमिनेशन टास्क के लिए कुछ खास अधिकार भी दिए. इस अधिकार के तहत श्रुतिका को ये तय करना था कि कौन सा कंटेस्टेंट कितने लोगों को नॉमिनेट करेगा. बिग बॉस ने दी हुई इस पावर का इस्तेमाल करते हुए श्रुतिका ने करणवीर मेहरा, सारा आरफीन खान और शिल्पा शिरोडकर को सबसे ज्यादा यानी तीन कंटेस्टेंट को नॉमिनेट करने का अधिकार दिया.

**जानें कौन से कंटेस्टेंट हुए नॉमिनेट**

जिस तरह से श्रुतिका ने करणवीर, सारा और शिल्पा शिरोडकर को तीन कंटेस्टेंट को नॉमिनेट करने का अधिकार दिया ठीक उसी तरह से उन्होंने अविनाश मिश्रा और ऐलिस कौशिक से किसी भी कंटेस्टेंट को नॉमिनेट करने का अधिकार छीन लिया. इस बात को लेकर श्रुतिका और अविनाश में जमकर बहस भी हुई. आखिरकार इस टास्क के बाद बिग बॉस ने ऐलान किया कि इस बार अविनाश मिश्रा, विवियन डीसेना, रजत दलाल, अनुपमा की 'बेटी' मुस्कान बामने और नायरा बनर्जी घर से बाहर होने के लिए नॉमिनेट हुए हैं. मुस्कान के साथ इस हफ्ते हुए कंटेस्टेंट को देखते हुए उनका शो से बाहर होना लगभग कंफर्म माना जा रहा है.

## 'I Want To Talk' Teaser Review: कैसा है अभिषेक बच्चन की नई फिल्म का टीजर, क्या कहती है कहानी?



एक गांव का चौपालज चौपाल पर बैठी आदमियों की पंचायतज पंचायत में इधर-उधर की बातेंज एक शख्स है जो कहानी सुना रहा है. दिन कहीं दूर अब ढ़लने लगा है और शाम का हल्का रंग चढ़ रहा हैज लेकिन वो शख्स अभी भी कहानी सुना रहा हैज सुनाए जा रहा हैज बोले जा रहा है, बस बोले जा रहा है. आसपास के लोग कहते हैंज कितना बोलता है. बस बोलता ही रहता हैज ऐसे कितने शख्स हमें अक्सर दिख जाते हैं ना, जिनको देखकर लगता हैज भगवान ये कितना बोलते हैं? क्या ये बोलने के लिए जीते हैंज? लेकिन दुनिया में कुछ लोग ऐसे हैं जो वाकई बोलने के लिए जीते हैं. 'सरदार उधम', 'पीकू' और 'अक्टूबर' जैसी शानदार फिल्में देने वाले शुजीत सरकार एक ऐसे ही इंसान की कहानी सुनाने जा रहे हैं जो बोलने के लिए जीता है.अभिषेक बच्चन एक कमाल के एक्टर हैं और हम यहां केवल उनकी कमर्शियल सिनेमा की बात नहीं कर रहे हैं. वो अभिषेक जो आपको हाउसफुल या धूम जैसी फिल्मों में दिखते हैं, वो अभिषेक गुरु और रावन में नहीं दिखते. यही सिनेमा और एक्टर की खूबसूरती है. शुजीत भी एक ऐसे ही फिल्ममेकर हैं जिनके कैमरे के सामने जब कोई एक्टर आता है तो केवल किरदार दिखता है ना की उसे निभाने वाला एक्टर. अगर ये जोड़ी स्क्रीन पर आए तो एक अलग ही जादू बिखेर सकती है. कुछ इसी उम्मीद के साथ शुजीत और अभिषेक ने अपने नए प्रोजेक्ट का ऐलान कर दिया है. नाम है 'I Want To Talk'.

**कितनी बातें कह जाता है टाइटल**

फिल्म का नाम जरा अंग्रेजी है लेकिन इसका हिंदी में मतलब हुआ 'मुझे बोलना है'. इस एक नाम के ना जाने कितने मतलब हैं. उदाहरण के लिए एक शख्स गुस्से में ये कह रहा है, वहीं कोई दयनीय स्थिति में जज के सामने खड़ा है जिसे अभी सजा होने वाली है. शूजीत को जानने वाले और उनके काम को समझने वाले लोग ये जानते हैं कि शूजीत कि फिल्मों के नाम बहुत अलग किस्म के होते हैं. 'पिंक' ही ले लीजिए. एक ऐसा कलर जिसको केवल लड़कियों का कलर कहा जाता है. ये टाइटल अपने आप में दबी आवाज में कितनी बातें कह जाता है कि दुनिया कहती है कि मर्द और औरत में कोई भेद नहीं और यहां तो एक रंग भी नहीं छोड़ा गया. फिल्म का नाम है पिंक और फिल्म है कन्सेंट के बारे में. एक शब्द के बारे में जो भरे कोर्टरुम में अमिताभ की आवाज में गूंजता हैज 'नो मींस नो'. नाम में ही शूजीत ने उस फर्क को कितनी बखूबी पिरो दिया है.

**सामने आया छोटा सा टीजर**

अभिषेक और शूजीत कि आने वाली फिल्म 'I Want To Talk' भी कुछ ऐसी ही दबी-छिपी सी लगती है. फिल्म का एक छोटा सा टीजर सामने आया है जिसमें हम एक कार के डेशबोर्ड पर रखे अभिषेक के बॉबेलहेड को देखते हैं. पीछे अभिषेक की आवाज आती है. कमाल की बात ये है कि इस बॉबेलहेड का पेट काफी मोटा सा है. पीछे से अभिषेक की आवाज आती है जो कहती हैज 'I dont just love to talk... I Live to talk...जिंदा होने और मरने में मुझे बस एक यही बेसिक डिफ्रेंस दिखता है. जिंदा लोग बोल पाते हैंज मरे हुएज बोल नहीं पाते.'

**फिल्म में कौन-कौन है?**

ये कहानी एक ऐसे इंसान की है जो हमेशा जिंदगी के बेहतर साइड को देखता है. उसे इस बात से फर्क नहीं पड़ता कि जिंदगी उसके सामने क्या लाती है, उसका जीवन को जीने का अपना ही एक अलग अंदाज है. ये कुछ ऐसा है जैसे फिल्म 'नजर अंदाज' में रात के वक्त पथरीले रण पर बिखरी सफेद चांदनी में बेखौफ भागता एक अंधे कुमुद मिश्रा का किरदार. फिल्म 'I Want To Talk' 22 नवंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. फिल्म की कहानी की बात करें तो ये एक पिता अर्जुन सेन और उसकी बेटी की कहानी है. उनके गिरते-बढ़ते रिश्तों की खींचतान और अर्जुन की जिंदगी में आए एक बड़े ट्विस्ट की है. शूजीत के कैमरे से पिता और बेटी के बीच के रिश्ते को देखना हमेशा से ही काफी खास रहा है. फिल्म में अभिषेक के अलावा एक कांटेक्ट क्रिएटर अहिल्या बारू भी नजर आने वाली हैं. इसके अलावा फिल्म में जॉनी लीवर, जयंत कृपलानी जैसे कलाकार भी शामिल हैं.

## एटलेटिको मैड्रिड ने 2027 चैंपियंस लीग फाइनल की मेजबानी के लिए लगाई बोली

एजेंसी
**मैड्रिड।** एटलेटिको मैड्रिड ने क्लब के मेट्रोपोलिटानो स्टेडियम में 2027 चैंपियंस लीग फाइनल की मेजबानी के लिए अपनी उम्मीदवारी पेश की है, यूईएफए ने इसकी पुष्टि की। मेट्रोपोलिटानो के पास वर्तमान में यूरोपीय फुटबॉल के सबसे बड़े खेल की मेजबानी के लिए केवल एक प्रतिद्वंद्वी है, जो कि अज़रबैजान में बाकू ओलंपिक स्टेडियम है, लेकिन अन्य उम्मीदवारों को पेश करने के लिए 19 मार्च, 2025 तक खिड़की खुली है। 64,000 क्षमता वाले इस स्टेडियम ने लिवरपूल और टोटेनहम के बीच 2019 चैंपियंस लीग फाइनल की मेजबानी की थी, जिसे लिवरपूल ने मोहम्मद सलाह और डिवोक ओरिगी के गोलों की मदद से 2-0 से जीता था। एटलेटिको के खिलाफ एक कारक उनके प्रशंसकों का व्यवहार है, यूईएफए ने हाल ही में क्लब पर 30,000 यूरो का जुर्माना लगाया था, क्योंकि उनके समर्थकों के एक वर्ग ने हाल ही में बेनफिका से 4-0 की हार के दौरान नाजी सलामी दी थी।

## पुराने प्रतिद्वंद्वियों चेन्नइयन और एफसी गोवा के बीच मुकाबले में जमकर होगी गोलों की बारिश

**चेन्नई।** एफसी गोवा और चेन्नइयन एफसी जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 के रोमांचक मुकाबले के लिए तैयार हैं। अपनी प्रतिद्वंद्विता के लिए मशहूर इन दोनों टीमों ने आईएसएल इतिहास में कुछ सबसे यादगार मैच खेले हैं, जिनमें 95 गोल किए गए हैं - जो सबसे ज्यादा है। एफसी गोवा सीजन की खराब शुरुआत से उबरना चाहती है जबकि चेन्नइयन एफसी अपने मजबूत अभियान को जारी रखना चाहती है। चेन्नयन एफसी के खिलाफ अपने पिछले सात आईएसएल मुकाबलों में गोवा ने छह जीते हैं, जिसमें लगातार तीन जीत शामिल हैं। लेकिन गोवा ने इस सीजन में खेले पांच मैचों में पांच अंक जुटाए हैं, जो कि 2016 के बाद से उनकी सबसे कमजोर शुरुआत है, उस समय चार अंक हासिल किए थे।

एफसी गोवा के खेल का दिलचस्प पहलू ओपन प्ले और सेट पीस दोनों में उनका शानदार प्रदर्शन है। उदाहरण के लिए, सेट पीस से उनके 104 गोल आईएसएल इतिहास में (मुम्बई सिटी 108) दूसरे सबसे अधिक हैं। साथ ही, उन्होंने ओपन प्ले से 46 गोल किए हैं। वहीं चेन्नई के लिए यह स्कॉटिश हेड कोच ओवेन कॉयल का लगातार दूसरा सीजन है, और एक ड्रा और एक जीत के बाद टीम में निरंतरता के फल दिखाई दे रहे हैं। अगर वो गोवा को हरा देते हैं तो आईएसएल सीजन में पांच मैचों के बाद उनकी सर्वश्रेष्ठ शुरुआत होगी।

## इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और निर्णायक टेस्ट के लिए पाकिस्तान की टीम में कोई परिवर्तन नहीं

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान रावलपिंडी में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले तीसरे और निर्णायक मैच में उसी टीम को उतारेगा, जिसने दूसरे टेस्ट में इंग्लिश टीम को 152 रनों से शिकस्त दी थी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने टीम की घोषणा एक दिन पहले की। शान मसूद के कप्तानी में यह पहली बार है कि पाकिस्तान ने अपनी टीम में कोई बदलाव नहीं किया है। यह निर्णय कोई आश्चर्य की बात नहीं है, हालांकि एक मौका था कि पाकिस्तान अपने संयोजन में बदलाव करके जाहिद महमूद की जगह एक तेज गेंदबाज को शामिल कर सकता है, जिन्होंने मुल्तान में सिर्फ छह अप्रभावी ओवर फेंके थे। लेकिन उनके पसंदीदा विकल्प मीर हमजा के चोटिल होने से ऐसा होने की कोई संभावना नहीं रही। ऐतिहासिक रूप से, पिंडी ने कभी भी बहुत अधिक स्पिन नहीं ली है, यहां तक कि टेस्ट मैचों के अंत में भी; इस सतह पर सिर्फ दो टेस्ट मैच पहले, पाकिस्तान ने अगस्त में बांग्लादेश के खिलाफ सभी तेज गेंदबाजों के साथ गेंदबाजी की थी। बता दें कि तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर है। पाकिस्तान जुलाई में श्रीलंका में 2-0 की जीत के बाद अपनी पहली सीरीज जीत की तलाश में है। इसके अलावा पाकिस्तान को फरवरी 2021 में दक्षिण अफ्रीका को इसी स्कोरलाइन से हराने के बाद से घरेलू मैदान पर पहली जीत की तलाश है।

## गुजरात टाइटन्स के कोचिंग स्टाफ में शामिल होने को तैयार पार्थिव पटेल

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज पार्थिव पटेल गुजरात टाइटन्स के कोचिंग स्टाफ में शामिल होने के लिए तैयार हैं। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, पार्थिव कई भूमिकाएँ निभाएँगे, जिसमें आशीष नेहरा की अगुआई वाली सपोर्ट स्टाफ में सहायक कोच की भूमिका के साथ-साथ टैलेंट स्काउट्स में से एक की भूमिका भी शामिल है। 2020 में रिटायर हुए पार्थिव के लिए आईपीएल में यह पहली कोचिंग भूमिका है। इससे पहले वे 2023 तक तीन सत्रों के लिए मुंबई इंडियंस के लिए टैलेंट स्काउट थे, और 2023 में एमआई एमिरेट्स के लिए बल्लेबाजी कोच भी थे, जो कि आईएलटी20 का उद्घाटन सत्र था। संयोग से, पार्थिव रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु में दिनेश कार्तिक के बाद 2025 सीज़न से पहले आईपीएल टीम के कोचिंग स्टाफ में शामिल होने वाले दूसरे पूर्व भारतीय विकेटकीपर हैं। 39 वर्षीय पार्थिव ने 2008 से 2019 के बीच छह आईपीएल फ्रेंचाइजी के लिए खेला। उन्होंने 2010 में चेन्नई सुपर किंग्स के साथ और दो बार 2015 और 2017 में मुंबई के साथ खिताब भी जीता। 139 मैचों में, पार्थिव ने मुख्य रूप से सलामी बल्लेबाज के रूप में 120 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 2848 रन बनाए। टाइटंस में, जो 2022 में खिताब जीतने के बाद 2024 में सातवें स्थान पर रहा और 2023 में उपविजेता रहा, पार्थिव थिंक टैंक में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# आईसीसी टेस्ट रैंकिंग: पंत ने कोहली को पछाड़ा, बुमराह शीर्ष पर बरकरार

एजेंसी
**नई दिल्ली।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत अपने साथी खिलाड़ी विराट कोहली को पछाड़कर आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की दूसरी पारी में 99 रनों की शानदार पारी खेलने वाले पंत को रैंकिंग में तीन पायदान का फायदा हुआ है, जबकि बेंगलुरु में 70 रनों की पारी खेलने वाले कोहली एक पायदान नीचे आठवें स्थान पर खिसक गए हैं। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल चौथे स्थान पर भारत के सर्वोच्च रैंकिंग वाले बल्लेबाज बने हुए हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा दो पायदान नीचे खिसककर श्रीलंका के दिमुथ करुणारत्ने के साथ संयुक्त 15वें स्थान पर आ गए हैं। इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट शीर्ष पर अच्छी बढ़त बनाए हुए हैं।न्यूजीलैंड



की जोड़ी रचिन रवींद्र (36 पायदान ऊपर 18वें स्थान पर) और डेवोन कॉनवे (12 पायदान ऊपर 36वें स्थान पर) को टेस्ट बल्लेबाजों की ताजा सूची में बढ़त हासिल हुई है,जबकि टीम के साथी मैट हेनरी (नए करियर-उच्च रेटिंग के साथ दो पायदान ऊपर नौवें स्थान पर) ने गेंदबाजों की श्रेणी में बड़ा सुधार किया है।हेनरी ने बेंगलुरु में भारत पर आठ विकेट की जीत के दौरान आठ विकेट चटकाए, जबकि टीम के साथी विल ओ%रुरके (दो पायदान ऊपर 39वें स्थान पर) को भी उसी मैच में सात विकेट लेने के लिए पुरस्कृत किया गया।पाकिस्तान के स्पिनर नोमान अली को इंग्लैंड के खिलाफ दो पारियों में 11 विकेट लेने के बाद 17वें स्थान पर वापस आ गए हैं, जबकि टीम के साथी साजिद खान को उसी मैच में प्लेयर ऑफ द मैच चुने जाने के बाद 22 पायदान का फायदा हुआ और वे 50वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

गेंदबाजों की रैंकिंग में भारत के जसप्रीत बुमराह शीर्ष पर बने हुए हैं जबकि उनके साथी आर अश्विन दूसरे स्थान पर हैं। सातवें स्थान पर बरकरार रवींद्र जडेजा शीर्ष 10 में शामिल एक अन्य भारतीय हैं।

## प्रवीण कुमार बने उत्तर प्रदेश की सीनियर पुरुष चयन समिति के चेयरमैन

एजेंसी
**कानपुर।** भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज प्रवीण कुमार को उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ (यूपीसीए) ने सीनियर मेन्स सलेक्शन कमेटी का नया चेयरमैन बनाया गया है।कमला क्लब में हुयी यूपीसीए की 19वीं वार्षिक आम सभा (एजीएम) में चयन समितियों में फेरबदल का फैसला लिया गया। प्रवीण कुमार को सीनियर मेन्स सलेक्शन कमेटी का और प्रशांत गुप्ता को जूनियर चयन समिति का चेयरमैन बनाया गया है।

बीसीसीआई में यूपीसीए का प्रतिनिधित्व राजीव शुक्ला करते रहेंगे। मीडिया कमेटी के चेयरमैन के रूप में डॉ. संजय कपूर को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला अपने उन पूर्व रणजी क्रिकेटरों के लिए भी गंभीर नजर आए जिनकी आर्थिक स्थिति खराब है। उन्होंने एजीएम के बाद कहा कि जल्दी ही ऐसे क्रिकेटरों के लिए हम कुछ व्यवस्था करेंगे। एजीएम खत्म होने के



बाद यूपीसीए सचिव अरविंद श्रीवास्तव ने कहा कि ग्रीनपार्क में एडवांस ड्रेनेज सिस्टम डवलप करने के अलावा स्टेडियम की दर्शक क्षमता को भी बढ़ाया जाएगा।

# 81 रनों की बढ़त के बावजूद बंगलादेश हार के मुहाने पर

एजेंसी
**मीरपुर।** मेहदी हसन मिराज (नाबाद 87) और जाकेर अली (58) रनों की जूझारु पारियों के बावजूद बंगलादेश पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन 283 रन सात विकेट गवांने कर 81 रनों की बढ़त के बावजूद हार के मुहाने पर पहुंच गई है।

आज बंगलादेश ने कल के तीन विकेट पर 101 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में अभी टीम के स्कोर में चार रन का इजाफा हुआ था कि रबाड़ा ने महमुदुल हसन जॉय (40) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद रबाड़ा ने मुशफिकुर रहीम (33) को भी अपना शिकार बनाया। लिटन कुमार दास (7) को केशव महाराज ने आउट किया। एक समय बंगलादेश ने 112 के स्कोर पर अपने छह विकेट गवां दिये थे। ऐसे समय में मेहदी हसन मिराज और जाकेर अली ने बंगलादेश की पारी को संभाला। केशव महाराज ने जाकेर अली (58) को आउट कर इस साझेदारी को




तोड़ा। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने समाप्त होने के समय मेहदी हसन मिराज 171 गेंदों में नौ चौके और एक छक्का लगाकर (नाबाद 87) रन बनाकर और नईम हसन (नाबाद 16)रन क्रीज पर मौजूद थे। बंगलादेश सात विकेट पर 283 रन बनाकर 81 रनों की बढ़त के बावजूद हार के मुहाने पर खड़ी है।

दक्षिण अफ्रीका की ओर से कगिसो रबाडा ने चार और केशव महाराज ने तीन विकेट लिये। इससे पहले बंगलादेश की पहली पारी 106 के स्कोर पर सिमट गई थी। जिसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने अपनी पहली पारी में 308 रन बनाये थे।

# जोहोर कप: ऑस्ट्रेलिया ने भारत का विजय रथ रोका

एजेंसी
**जोहोर बाहरू।** ऑस्ट्रेलिया ने सुल्तान ऑफ जोहोर कप में 4-0 की जीत दर्ज कर भारत के विजय रथ को रोक दिया। आज यहां खेले गये मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के पैट्रिक एंड्रयू ने (29वें मिनट में) गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। ऑस्ट्रेलियाई खिलाडियों ने मैच के दौरान आक्रामक रूख अख्तिया किया। डेकिन स्टैंगर ने (33वें, 39वें, 53वें मिनट में) गोल कर हैट्रिक बनाई।

जबकि भारत की फॉरवर्डलाइन ऑस्ट्रेलियाई रक्षापंक्ति तोड़ने के लिए संघर्ष करती देखी गई। भारतीय रक्षापंक्ति ने शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए पहले क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया हमलों विफल किया। ऑस्ट्रेलिया के पैट्रिक एंड्रयू ने (29वें मिनट में) गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद उत्साहित डेकिन ने 33वें मिनट में गोलकर बढ़त को दोगुना कर दिया। उन्होंने भी 39वें मिनट अपना दूसरा गोला दागा। डेकिन ने 53वें मिनट में




गोलकर अपनी हैट्रिक बनाई। बढ़त को 4-0 पहुंचा दिया। कई अवसर मिलने के बावजूद भारतीय टीम गोल नहीं कर पाई। इस हार के बावजूद भारत नौ अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है जबकि ऑस्ट्रेलिया न्यूजीलैंड के बाद तीसरे स्थान पर है।

# जर्मनी ने भारत को 2-0 से हराया

एजेंसी
**नई दिल्ली।** जर्मनी ने मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में दो मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में भारत को 2-0 से हराकर सीरीज में बढत बना ली।

जर्मनी ने मैच में दो गोल दागे। दोनों टीमों के लिए तीसरा क्वार्टर गोल रहित रहा, जहां जर्मनी ने शानदार डिफेंस के साथ भारतीय टीम को मैच में वापसी करने का मौका नहीं दिया और 2-0 की बढ़त बनाए रखी। जबकि भारत जर्मनी पर दबाब बनाने में नाकाम रहा और पैनेल्टी कार्नर को गोल में तब्दील करने में पूरी तरह से असफल रहा।

आज यहाँ मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में खेले गए मुकाबले के पहले क्वार्टर में भारतीय टीम ने आक्रामक शुरूआत की। भारत के आक्रामक शुरूआत के बावजूद जर्मनी ने जवाबी हमला करते हुए मैच का पहला मैदानी गोल दागते हुए बढत बना ली। जर्मनी के लिए पहल चार मिनट में हेनरिक मर्टगेन्स ने पहला फील्ड गोल दागा और उसके



बाद 30वें मिनट में कप्तान लुकास विंडफेयर ने पेनल्टी कार्नर को गोल में बदलकर टीम को 2-0 की बढ़त दिलायी।

हालांकि इसके बाद दोनों टीमों को एक-एक पेनल्टी कार्नर मिले, लेकिन दोनों ही टीमें इन मौको का फायदा उठाने में विफल रही।

दूसरे क्वार्टर में भारत को पेनल्टी कार्नर मिला, लेकिन जर्मनी की रक्षा पंक्ति ने इसे विफल कर दिया। इस के बाद भारत को लगातार तीन और पेनल्टी कार्नर मिले, लेकिन भारतीय टीम इन मौकों को भुनाने में पूरी तरह से विफल रही। इस के बाद भारत को पेनल्टी स्टोक मिला पर कप्तान हरमन प्रीत सिंह उसे गोल में तब्दील नहीं कर पाए। इसके बाद जर्मनी ने दूसरे क्वार्टर में मिले पेनल्टी कार्नर को गोल में तब्दील कर टीम को 2-0 से बढत दिलायी। इसके बाद तीसरे और चौथे क्वार्टर में कोई गोल नहीं हुआ। इस दौरान भारत को दो और जर्मनी को एक और पेनल्टी कार्नर मिला पर दोनों टीम इन मौकों को गोल में परिवर्तित नही कर पाई। जर्मनी ने मैच जीत लिया।

भारत को मैच में कुल आठ पेनल्टी कार्नर और एक पेनल्टी स्टोक मिला जिसे टीम गोल में बदलने पर नाकाम रही। जबकि जर्मनी को तीन पेनेल्टी कार्नर मिले और उसने एक पेनेल्टी कार्नर को गोल में बदल दिया।

दो मैचों की सीरीज में जर्मनी 1-0 से आगे हो गयी है। दूसरा मैच गुरुवार को अपराह्न तीन बजे इसी मैदान में खेला जायेगा।

## आईओसी अध्यक्ष बाख ने युगांडा के राष्ट्रपति मुसेवेनी को मानद स्वर्ण पदक प्रदान किया

एजेंसी
**कंपाला।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अध्यक्ष थॉमस बाख ने युगांडा के राष्ट्रपति को पदक प्रदान कर खेलों के विकास में उनके योगदान की सराहना की है। बाख ने एंटेबे में स्टेट हाउस की अपनी यात्रा के दौरान राष्ट्रपति योवेरी कागुटा मुसेवेनी को मानद स्वर्ण पदक से सम्मानित किया। आईओसी अध्यक्ष ने मुसेवेनी के नेतृत्व में युगांडा सरकार को खेलों का हमेशा समर्थन करने के लिए धन्यवाद दिया, जो ओलंपिक सहित अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश द्वारा जीते गए कई पदकों से साबित हुआ है।

मुसेवेनी ने अपनी पत्नी और शिक्षा और खेल मंत्री जेनेट काटाका मुसेवेनी के साथ मिलकर वचन दिया कि सरकार नए युगांडा ओलंपिक समिति मुख्यालय के निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराएगी। इससे पहले, आईओसी अध्यक्ष बाख ने युगांडा की प्रधानमंत्री रोबिना नब्बांजा से भी मुलाकात की, जिन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार हमेशा खेलों का समर्थन करेगी क्योंकि यह राष्ट्र निर्माण के मामले में देश के लिए बहुत बड़ा योगदान देता है। युगांडा ओलंपिक समिति (यूओसी) के अध्यक्ष डोनाल्ड रुकारे ने सिन्हुआ को बताया कि वह बहुत आभारी हैं कि राष्ट्रपति मुसेवेनी ने नए यूओसी मुख्यालय के निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराने का वचन दिया है। रुकारे ने कहा, पुराना मुख्यालय कई वर्षों से लुगोगो में है, और एक नया घर हमारा सपना है। बाख की युगांडा यात्रा अफ्रीकी देशों के उनके व्यापक दौरे के हिस्से के रूप में हुई है, जिसमें सेनेगल, दक्षिण अफ्रीका, लेसोथो, युगांडा और रवांडा शामिल हैं।

# फीफा अध्यक्ष इन्फेंटिनो ने 2026 विश्व कप के लिए की 9 अफ्रीकी टीमों की पुष्टि

एजेंसी
**अदीस अबाबा।** विश्व फुटबॉल की नियामक संस्था फीफा के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने पुष्टि की है कि 2026 विश्व कप में कम से कम नौ अफ्रीकी टीमें भाग लेंगी, जो संयुक्त राज्य अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में आयोजित किया जाएगा। इन्फेंटिनो ने यह टिप्पणी इथियोपिया की राजधानी अदीस अबाबा में अफ्रीकी फुटबॉल परिसंघ (सीएएफ) की 46वीं साधारण सभा के उद्घाटन के समय की, जिसमें पूरे अफ्रीका से सदस्य संघों के नेता और प्रतिनिधि एक साथ आए। इन्फेंटिनो ने कहा, विश्व कप 2026 में, नौ या दस अफ्रीकी देश (और क्षेत्र) विश्व कप में भाग लेंगे,यह वृद्धि फीफा के विस्तारित विश्व कप प्रारूप के अनुरूप की जानी है।

इन्फेंटिनो ने अफ्रीकी देशों से महाद्वीप के युवा फुटबॉल खिलाड़ियों में और अधिक निवेश करने तथा उनकी क्षमता को उजागर करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, मैं आप सभी को युवा फुटबॉल में निवेश जारी रखने के




लिए प्रोत्साहित करता हूं, क्योंकि वे बच्चे, वे लड़कियां और लड़के, कल के सितारे होंगे। फीफा अध्यक्ष ने कहा कि फीफा फीफा महिला विश्व कप में भाग लेने वाली अफ्रीकी टीमों की संख्या बढ़ाकर छह करने पर भी विचार कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि मोरक्को 2030 में फीफा विश्व कप की मेजबानी करने के लिए तैयार है, जो देश को विश्व कप की मेजबानी करने वाला दूसरा अफ्रीकी देश बना देगा।असेंबली के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए, इथियोपिया के राष्ट्रपति टाय एट्सके सेलासी ने सीएएफ से 2029 अफ्रीका कप ऑफ नेशंस (एएफसीओएन 2029) टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए इथियोपिया की बोली का समर्थन करने की अपील की।सेलासी ने विश्व कप ट्रॉफी को अफ्रीकी धरती पर लाने की आवश्यकता पर भी ध्यान दिया, हालांकि अफ्रीकी मूल के कई खिलाड़ी गैर-अफ्रीकी देशों की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, ताकि वे प्रतिष्ठित फुटबॉल ट्रॉफी जीत सकें। सेलासी ने कहा, फुटबॉल खेल को ऊपर उठाने और युवा प्रतिभाओं को विकसित करने की कुंजी सामूहिक प्रयासों को बढ़ाने में निहित है। इस आधारभूत प्रतिभा के साथ, अफ्रीकी फुटबॉल पनप सकता है और वैश्विक मंच पर अपना उचित स्थान प्राप्त कर सकता है। एएफसीओएन 2029 की मेजबानी के लिए इथियोपिया की बोली के लिए शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए, सीएएफ के अध्यक्ष पैट्रिस मोटसेपे ने इथियोपिया की सरकार और फुटबॉल महासंघ को इथियोपिया के प्रस्ताव प्रस्तुत करने के संबंध में समय पर निर्णय लेने के लिए मिलकर काम करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# ग्लोबल सुपर लीग: अमेज़न वॉरियर्स, कलंदर्स, हैम्पशायर, रंगपुर और विक्टोरिया लेंगे हिस्सा

एजेंसी
**नई दिल्ली।** ग्लोबल सुपर लीग के उद्घाटन मैच में कैरेबियन प्रीमियर लीग की टीम गुयाना अमेज़न वॉरियर्स का मुकाबला पाकिस्तान सुपर लीग की टीम लाहौर कलंदर्स से होगा। पांच टीमों की टी20 प्रतियोगिता में हैम्पशायर हॉक्स (टी20 ब्लास्ट), रंगपुर राइडर्स (बीपीएल) और विक्टोरिया (ऑस्ट्रेलिया स्टेट टीम) भी शामिल होंगी। 26 नवंबर से शुरू होने वाले फाइनल सहित ग्यारह मैच कई दिनों में खेले जाएंगे, जिसमें प्रत्येक टीम एक-दूसरे से एक बार खेलेगी, उसके बाद शीर्ष दो टीमें 7 दिसंबर को फाइनल में पहुंचेंगी। इस वार्षिक आयोजन में हर साल दुनिया भर की अलग-अलग टीमें हिस्सा लेंगी। सभी खेलों का आयोजन स्थल प्रोविडेंस, गुयाना होगा।हैम्पशायर में पुरुष क्रिकेट के निदेशक जाइल्स व्हाइट ने कहा कि यह लीग गुयाना की एक वैश्विक खेल गंतव्य बनने की महत्वाकांक्षा को दर्शाती है।



उन्होंने बताया, अंतरराष्ट्रीय क्लब प्रतियोगिता ने खुद को अन्य खेलों में सफल साबित किया है और पिछले कुछ समय से क्रिकेट में इसकी कमी रही है। इसे क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) द्वारा मंजूरी दी गई है और गुयाना सरकार द्वारा पूरी तरह से समर्थित किया गया है, जो प्रतियोगिता में प्रमुख हितधारक है, और इसकी पुरस्कार राशि 1 मिलियन अमेरिकी डॉलर है।

वेस्टइंडीज 22 नवंबर से 4 दिसंबर के बीच बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू मैदान पर दो टेस्ट मैच खेलेगा। इस मैच के बाद वॉरियर्स के लिए उपलब्धता संबंधी समस्याएं हो सकती हैं, जिसके रोस्टर में शमर जोसेफ, गुडाकेश मोती और केविन सिंक्लेयर शामिल हैं, जो वेस्टइंडीज के टेस्ट सेट-अप का भी हिस्सा हैं। हसन महमूद के बांग्लादेश के लिए खेलने की संभावना के कारण रंगपुर राइडर्स भी इस मैच से सीधे तौर पर प्रभावित हो सकता है। पाकिस्तान को 10 दिसंबर को टी20आई के साथ शुरू होने वाले सभी प्रारूपों के दौरे के लिए दक्षिण अफ्रीका का दौरा करना है, ऐसे में बाबर आजम, जिन्होंने बीपीएल 2024 में रंगपुर के लिए छह मैच खेले थे, और शाहीन अफरीदी, कलंदर्स के कप्तान, की उपलब्धता भी संदेह में है। लीग का मुकाबला अबू धाबी टी10 से भी होगा, जो 21 नवंबर से 2 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा।

## गंभीर ने आलोचनाओं से घिरे राहुल का किया समर्थन, कहा- सोशल मीडिया और विशेषज्ञ क्या कह रहे हैं, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता


एजेंसी
**पुणे।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पहले आलोचनाओं से घिरे केएल राहुल का समर्थन किया है। बेंगलुरु में सीरीज के पहले मैच में दोनों पारियों में 0 और 12 रन बनाने के बाद राहुल के राष्ट्रीय टीम में भविष्य पर सवाल उठने लगे हैं।

सोशल मीडिया पर जहां उनके खराब फॉर्म को लेकर चर्चा हो रही है, वहीं कुछ विशेषज्ञों ने इस अनुभवी बल्लेबाज पर मौके का पूरा फायदा उठाने में विफल रहने के लिए कटाक्ष भी किया है।हालांकि, गंभीर इससे बेपरवाह बने रहे। गंभीर ने यहां एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा, सबसे पहले, सोशल मीडिया का कोई मतलब नहीं है। आप सोशल मीडिया पर या सोशल मीडिया के कारण या फिर विशेषज्ञों की राय के आधार पर खिलाड़ियों का चयन नहीं करते। टीम प्रबंधन और नेतृत्व समूह क्या सोचते हैं, यह बहुत महत्वपूर्ण है। राहुल ने कानपुर में बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 68 रन की पारी खेली, लेकिन पिछले सप्ताह अपने घरेलू मैदान - एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम - पर उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाए। गंभीर ने कहा, आखिरकार, हर किसी का मूल्यांकन किया जाता है। ईमानदारी से कहूं तो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में मूल्यांकन किया जाता है, क्योंकि आखिरकार हर किसी के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया जाएगा। मुझे लगता है कि वह वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी कर रहा है। जाहिर है, उसने कानपुर में मुश्किल विकेट पर अच्छी पारी खेली और योजना के अनुसार खेला। बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज से पहले, राहुल ने इंडिया ए के लिए दलीप ट्रॉफी में एकमात्र मैच खेला, जहां उन्होंने 111 गेंदों में 37 रन बनाए और महत्वपूर्ण क्षणों का फायदा उठाने में विफल रहने और आक्रामक शॉट खेलने में अनिच्छा दिखाने के लिए उनकी आलोचना की। हालांकि, दूसरी पारी में, उन्होंने 121 गेंदों में 57 रन की पारी खेली और बल्लेबाजी के पतन के बीच पारी को संभाला, भले ही उनकी टीम इंडिया बी से हार गई। दिसंबर 2014 में अपने डेब्यू के बाद से राहुल ने सिर्फ़ 53 टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 33.87 की औसत से 2981 रन बनाए हैं। अपने करियर में उन्होंने चार अलग-अलग पोजिशन पर बल्लेबाज़ी की है, लेकिन वे किसी तरह अपना दबदबा बनाए रखने में विफल रहे हैं। 75 पारियों में बतौर ओपनर राहुल ने 34.94 की औसत से 2551 रन बनाए हैं, जिसमें सात शतक और 12 अर्द्धशतक शामिल हैं। गंभीर ने कहा, मुझे यकीन है कि वह यह भी जानते होंगे कि वह बड़े रन बनाना चाहते हैं और उनमें रन बनाने की क्षमता है, और इसीलिए टीम प्रबंधन ने उनका समर्थन किया है। पिछले साल दिसंबर में, राहुल ने सेंचुरियन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहली पारी में 101 रन बनाए - वे इस मैदान पर दो शतक (पहला दिसंबर, 2021 में) बनाने वाले एकमात्र मेहमान बल्लेबाज बन गए, जिससे अतीत में विदेशी बल्लेबाजों को कोई मदद नहीं मिली है।

## जल्द ही शुरु होगी भारत की पहली शूटिंग लीग, एनआरएआई ने की घोषणा

**नई दिल्ली।** भारत को अपनी पहली शूटिंग फ्रैंचाइज़ी लीग जल्द ही शुरु होने जा रही है, जिसे फिलहाल शूटिंग लीग ऑफ इंडिया (एसएलआई) नाम दिया गया है। इसकी घोषणा भारत में ओलंपिक खेल की शासी संस्था, भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने की है। एनआरएआई के अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव द्वारा प्रस्तावित इस योजना को संघ की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था, गवर्निंग बॉडी से मंजूरी मिल गई है।पहले संस्करण का आयोजन मार्च 2025 में, अंतरराष्ट्रीय शूटिंग खेल महासंघ (आईएसएसएफ) से स्वीकृति प्राप्त करने के बाद किया जाएगा और इसके लिए एक समय सीमा निर्धारित की जा रही है। लीग को लेकर सिंह देव ने कहा, हाल ही में हुए पेरिस ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन के बाद शूटिंग की लोकप्रियता को एक बड़ा प्रोत्साहन मिला है, और हमें लगा कि यह लीग शुरू करने का सही समय है।

# क्या आप जानते हैं डायनिंग टेबल मैनर्स





अक्सर बहुत से लोगों के एक साथ लंच या डिनर पर जाने के मौके आते रहते हैं। कई लोग ऐसे होते हैं जिन्हें महीने के बहुत से दिन इस तरह के सामुहिक लंच और डिनर पर जाना होता है। खाना बेहतरीन स्वाद का हो तो क्या कहने। लंच और डिनर को बहुत सी चीजें खास बनाती हैं जिनमें जगह, वातावरण, आसपास के लोग और सबसे अधिक महत्वपूर्ण टेबल मैनर्स शामिल हैं। हम सभी खाना सलीके से खाते हैं परंतु क्या आप जानते हैं कि डायनिंग टेबल के कुछ खास मैनर्स होते हैं। जिनके विषय में आप शायद अभी भी अनजान है। हो सकता है खाते वक्त आप कुछ ऐसी गलतियां करते हैं जिन पर आपका ध्यान नहीं जाता परंतु आप की पीठ पीछे उन गलतियों को लेकर आपका मजाक बनाया जाता रहा है। आज हम आपको बताते हैं डायनिंग टेबल मैनर्स में शामिल ऐसी खास बातें जिन्हें अपनाकर आप सभी की प्रशंसा के पात्र बन सकते हैं। डायनिंग टेबल मैनर्स की शुरूआत टेबल पर पहुंचने के पहले से ही हो जाती है। आप सोचेंगे यह कैसे संभव है। जवाब यह है कि जब तक आपके होस्ट इशारा न करें आप बैठे नहीं। बहुत बड़ी संभावना है कि आपके होस्ट ने उनकी सुविधा के हिसाब से सभी के बैठने के लिए एक नियत स्थान तय किया हो और आपके द्वारा अपने हिसाब से बैठ जाने से उनकी बैठक व्यवस्था गड़बड़ा सकती है। ज्यादातर औपचारिक (formal) लंच या डिनर में टेबल पर सभी मेहमानों के नाम लिखे कार्ड रखे जाते हैं। बेहतर होगा कि आप अपने मेजबान को या तो आपके बैठने की जगह बताने दें अथवा यह साफ हो जाने दें कि सभी मेहमान अपनी इच्छानुसार जगह ग्रहण कर सकते हैं। आपको यह ध्यान रखना जरूरी है कि शिष्टता बहुत पसंद की जाती है जिसमें महिलाओं के बाद बैठना भी शामिल है।

**कटलरी का इस्तेमाल -**

डायनिंग टेबल पर सजा हुआ खाना आंखों को अलग ही आनंद देता है। इसके लिए खास बर्तन इस्तेमाल किए जाते हैं। ऐसे ही मेहमानों को भी शानदार बर्तनों में भोजन परोसा जाता है। यहां मेजबान को पूरे नंबर मिल चुके हैं और अगला नंबर आपका है कि आप यह साबित कर दें कि आप भी उतने ही अच्छे मेहमान हैं।



हम अधिकतर अपने घर में खाते समय छुरी और कांटे का इस्तेमाल नहीं करते हैं। परंतु कहीं बाहर खाते समय आपको छुरी कांटे का इस्तेमाल करना पड़ सकता है। आपकी पहली समस्या हो सकती है कि आपको यह न पता हो कि छुरी और कांटे के इस्तेमाल के लिए किस हाथ का इस्तेमाल किया जाए परंतु दोनों ही चीजों को पकड़ने के हाथ तय हैं। अमेरिकन स्टाइल में आपको दाएं हाथ में छुरी और बाएं हाथ में कांटा पकड़ना होता है। दूसरा मुद्दा सामने आता है जब आप पाते हैं कि आपके मेजबान ने छुरी और कांटे की एक बड़ी श्रृंखला आपके लिए रख दें आप उलझकर रह जाएं कि कौन सा वाला किस चीज के काम आता है। इसका आसान तरीका है एक किनारे से शुरूआत करें। आपकी तरफ का पहला छुरी और कांटा आपके पहले कोर्स के लिए उपयुक्त है। अगले व्यजंन भी इसी क्रम में छुरी और कांटे के उपयोग के साथ खाए जाने हैं। एक खास टिप यह है कि आपके लिए जितने छुरी और कांटे रखे गए हैं वह व्यजंन की संख्या भी बताते हैं। यह खासतौर पर उनके लिए लाभदायक है जो आखिरी में सर्व किए जाने वाले मीठे व्यजंन के लिए जगह बचाकर रखना चाहते हैं।

1. स्वीट डिश के लिए चम्मच और कांटा एकदूसरे के समानांतर प्लेट के उपरी हिस्से पर रखे जाते हैं। 2. साइड प्लेट, जिसे ब्रेड और बटर प्लेट भी कहा जाता है, आपके बाएं तरफ होती है। इसके साथ ही सलाद प्लेट रखी जाती है। 3. तरल चीजें जैसे पानी, वाइन, चाय या कॉफी आपकी दाएं तरफ रखी जाती हैं।

4. डायनिंग टेबल मैनर्स (शिष्टाचार) के अनुसार आप मेजबान द्वारा की गई सेटिंग को पहले जैसा ही बनाए रखें। अगर आप पानी या वाइन ग्लास उठाते हैं उसे उसके नियत स्थान पर वापिस ही रखिए। 5. युरोपियन स्टाइल में कांटा दाएं हाथ में और छुरी बाएं हाथ में पकड़ी जाती है। जिसमें छुरी की धार वाला हिस्सा आपकी प्लेट की तरफ होता है।

6. भोजन से एक बाइट काटने के लिए कांटे से सामान को दबा कर रखिए और छुरी से उतना हिस्सा काटिए जितनी बड़ी बाइट आप लेना चाहते हैं। 7.अमेरिकन भोजन को काटने में कांटे और छुरी का उपयोग करते हैं। छुरी के उपयोग के बाद इसे अपनी प्लेट में रखिए और कांटे से बाइट मुंह में डालिए। 8. आपकी तर्जनी उंगली से डाला गया दबाव ही बाइट काटने के लिए काफी होता है। 9. आपकी छुरी को खाने पर आगे पीछे करने का मतलब है आपने खाने पर सही दबाव नहीं डाला है। 10. भोजन की बाइट को छोटा रखने की कोशिश कीजिए। आप मुंह में ज्यादा ठूंस कर खुद को शर्मिंदा नही करना चाहेंगे। 11. खाना खाते वक्त जब आप एक छोटा ब्रेक लेते है आप प्लेट में कांटे को अपने बाएं तरफ तथा छुरी को दांए तरफ रखिए जिससे ये दोनों एकदूसरे को प्लेट में क्रोस करें। 12. अगर आप दूसरी सर्विंग के लिए प्लेट आगे करना चाहते हैं तो कांटे और छुरी को एकदूसरे के साथ समानांतर रखकर प्लेट में और खाने के लिए जगह बनाएं। 13. खाने की समाप्ति पर आप छुरी और कांटे को एकदूसरे के समानांतर प्लेट में तिरछा रखें। दोनों के नीचले हिस्से आपकी तरफ होना चाहिए।

1. नैपकिन इस्तेमाल का सही तरीका है जैसे ही आप डायनिंग टेबल पर अपनी जगह पर बैठें अपनी गोद में नैपकिन रख लें। अपने मेजबान के बाद बैठना और नेपकिन रखना सबसे सही तरीका होगा। 2. अगर आपको दिया गया नैपकिन आकार में छोटा है तो आप इसे पूरी तरह से फैला कर गोद में रखें। नैपकिन का आकार बड़ा होने पर इसे आधा करके रखिए।

dining hall decoration

3. नैपकिन का इस्तेमाल आराम से अपने होंठ को साफ करने में कीजिए। याद रखिए यह तौलिया नहीं हैं जिससे आप अपना चेहरा पोंछ ले या नाक साफ करें। 4. अगर आप भोजन के बीच में किसी जरूरी काम से उठ रहे हैं अपनी कुर्सी पर नैपकिन रख कर जाएं। यह दिखाता है आप जल्दी ही वापस आएंगे। 5. खाने के अंत में नैपकिन को टेबल में अपनी दांए तरफ रख दीजिए। नैपकिन को पहाड़ जैसे आकार का बनाकर मत छोड़िए।

1. मुंह में खाना होते हुए कभी बात मत कीजिए। 2. अगर आप कांटे से चावल नही खा पा रहे हैं चम्मच मांगने में मत झिझकिए। 3. डायनिंग टेबल पर धूम्रपान की इजाजत मत मांगिए। बल्कि धूम्रपान बिल्कुल भी मत कीजिए। सिर्फ एक स्थिति में धूम्रपान किया जा सकता है जब यह मेजबान खुद यह शुरू करे।

4. डायनिंग टेबल पर मोबाइल का किसी भी रूप में उपयोग शिष्टाचार नियमों के विरूद्ध माना जाता है। संदेश भेजना, कॉल रिसीव करना या गाने बजना सभी वर्जित हैं जब तक आवश्यकता बहुत गहरी हो। 5. अगर गलती से आप कांटा, चम्मच या छुरी गिर जाती है उसे उठाने के लिए तुरंत मत झुकिए बल्कि दूसरे चम्मच की मांग कीजिए। 6. अपनी कोहनियों को खाना खाते वक्त टेबल पर मत रखिए। जब आप कटलरी का इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं अपने हाथ अपनी गोद में रखिए। 7. ऐसा खाने से बचिए जिसमें आपकी उंगलियां गंदी होती हैं। अथवा कांटे का उपयोग कीजिए जिससे उंगलियां साफ रहें। 8. तरफ डिश खाते समय मुंह से आवाज मत निकालिए। अगर कोई डिश अधिक गर्म है उसके ठंडे होने का इंतजार कीजिए। खुद फूंक मारकर उसे ठंडा मत कीजिए। 9. अगर आप मक्खन ब्रेड खाना चाहते हैं तो ब्रेड को उठाकर अपनी साइड प्लेट में रखिए। छुरी की सहायता से इस पर मक्खन फैला लीजिए और फिर इसे कांटे की सहायता से उठाइए। ब्रेड को हाथ में पकड़े हुए मक्खन नहीं लगाना चाहिए। 10. अगर कोई चीज आप से दूर रखी है जिस तक पहुंचना मुश्किल है तो दूसरों की प्लेट पर झुककर इसे उठाने के बदले किसी अन्य से इसे आप को देने का आग्रह करें। आपकी डायनिंग मैनर्स की ट्रेनिंग यहां पूरी हो चुकी है। हमें यकीन है अब आप अगले डिनर के साथ भरपूर प्रशंसा बटोरेंगे। भले ही लोग आपके सामने आपसे कुछ न कहें पर हकीकत यह है कि आपकी तारीफ जरूर की जाएगी।

# झलके खूबसूरती

अगर आप भी अपने बाथरूम को लग्जरी टच देना चाहते हैं तो इन दिनों बाजार में ऐसी एक्सेसरीज की कोई कमी नहीं। बेहतरीन कलर कॉम्बिनेशन और बाथ टब के अलावा खूबसूरत लाइटिंग के जरिये बाथरूम की रंगत निखारी जा सकती है और इसे मॉडर्न लुक दिया जा सकता है.. वक्त के साथ जहां घर के लिविंग रूम और डाइनिंग स्पेस का इंटीरियर बदला है तो वहीं किचन और बाथरूम जैसे हिस्सों में भी कई नए प्रयोग देखने को मिले हैं। किचन अब जहां मॉड्यूलर रूप अख्तियार कर चुका है तो वहीं बाथरूम भी थीम डिजाइनिंग के साथ नए रूप में उभर रहा है। यही नहीं बाजार में वेरायटी भरे प्रोडक्ट्स भी दिखने लगे हैं। आइये डालते हैं एक नजर

**इस्तेमाल ग्लास का**

लग्जरी बाथरूम के लिए ग्लास एक परफेक्ट थीम हो सकता है। यह न सिर्फ आपके व्यू को ब्लॉक होने से बचाता है बल्कि छ्ज़ेट बाथरूम को स्पेशियस भी तिदखाता है। इसके लिए ग्लास मेटीरियल में ही बेसिन, कुसी और शॉवर स्टॉल या पार्टीशन को बाथरूम में जगह देनी चाहिए। खिड़कियों और काउंटरटॉप्स के लिए फ्रॉस्टेड ग्लास का विकल्प बढ़िया है। ग्लास थीम हो तो टिंटेड ग्लास का इस्तेमाल भी किया जा सकता है। इसमें ज्यादा से ज्यादा एक से दो रंगों का इस्तेमाल एक समय पर संभव है।

**क्लासिक वुड**

बाथरूम को रिच लुक देने के लिए वुडेन डेकोर काफी पॉपुलर है। वुडन शेल्फ रिलेक्सिंग स्टूल के जरिये इसकी खूबसूरती और बढ़ाई जा सकती है। साथ ही वुडन फिनिश का बाथटब और शॉबर पैनल इसके लुक को और बेहतर बना देंगे।

**कलर थीम हो ऐसी**

सिंपल लिविंग ऐंड हाई थिंकिंग में विश्वास रखते हैं तो आप अपने बाथरूम फिकसचर्स को एक रंग में रखते हुए दीवारों को रॉयल रंगों में पेंट करा सकते हैँ। इसे लग्जरी लुक देने के लिए आप इसमें कैंडल्स, फवर्स और इंडोर प्लांट्स का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। एक बात का ख्याल रखें कि कलर थीम में ज्यादा एक्सपेरिमेंट न करें। थीम से आगे बढ़ते हुए लग्जरी प्रोडक्ट्स कील बात कर हैं। बाजार में कंटेम्परेरी स्टाइल लिए कई प्रोक्ट मौजूद हैं। इनकी रेंज टेंपरेचर मेंटने करने वाले क्यूबिक शॉवर सिस्टम से लेकर बाथ टब और एक्सेसरीज में लेदर प्रोडक्ट्स से लेकर ग्लास के टंबलर और सोप सिस्पेंसर तक फैली हुई है।

**स्टीम रूम**

लाइट म्यूजिक के साथ डिम लाइट में शावर और दिनभर की थकान दूर करने के लिए स्टीम बाथ के लिए स्टीम कम शावर रूम का ऑप्शन बढ़िया है। बाथरूम में यह काफी कम जगह में फिट हो जाता है। टू इन वन का काम करने वाले इस रूम में शावर पैनल की सुविधा होती है, जिसमें आप हेड शावर से लेकर बॉडी स्प्रे का मजा ले सकते हैं। साथ ही इसमें स्टीम बाथ के लिए परफेक्ट बॉडी टेम्परेचर और अरोमा थेरपी की सुविधा भी शामिल है। बेसिक सुविधाओं के अलावा इसकी हाईएंड रेंज में टेलीफोन व रेडियो-सीडी इनपुट सिस्टम की सुविधा भी शामिल की गई है।

**बाथ टब**

आज बाजर में बॉडी की मसाज करने वाले जकूजी आसानी से उपलब्ध हैं। यही नहीं दो से तीन लोगों के लिए जकूजी आराम से मिल जाता हैं। इसके अलावा फ्री स्टेंडिंग और स्पा स्पेशल बाथ टब्स भी उपलब्ध हैं। अगर आप अपने बाथ्रूम को वुडन थीम देने जा रहे हैं तो उसके साथ फ्री स्टेंडिंग बाथ टब बढ़िया रहेगा।



**एक्सेसरीज**

फिक्सचर्स के बाद अगर बाथरूम को सबसे ज्यादा कोई चीज लग्जरी टच दे सकती है तो वह है एक्सेसरी। अपनी स्पेस और पसंद के मुताबिक आप ग्लास लेदर या फिर फाइबर बेस्ड मेटीरयिल एक्सेसरीज को बाथरूम में सजा सकते हैँ। बाथरूम को मेटैलिक लुक देने के लिए लेदन में बांज, ब्राउन में सिल्वर मल्टी यूटिलिटी बॉक्सेस का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। बॉथरूम को नया रूप रंग देने के लिए मौजूदा समय में एक्सेसरीज और प्रोडक्ट्स की कोई कमी नहीं है। जरूरत बस इतनी है कि आप क्या पसंद करते हैं और आपकी जरूरत क्या है।

# बेडरूम में इन बातों का रखें ध्यान

बेडरूम घर का ऐसा हिस्सा है, जिसका नाम लेते ही जेहन में आराम की इच्छा और एक सुखद नींद की परिकल्पना उभरती है। प्राइवेसी से भरे-पूरे इस हिस्से में आपको पूरा आराम मिल सके इसके लिए कुछ बातों पर विचार किया जा सकता है-

- बेडरूम में कोशिश यही करनी चाहिए कि आपके बेड का मुंह उलर-पूर्व दिशा की ओर हों।
- बेडरूम में अलमारी, सोफा आदि को दक्षिण-पश्चिम दिशा की दीवार की तरफ रखा जा सकता है। जबकि ड्रेसिग टेबल के लिए उलर या फिर पूर्व की दिशा बेहतर मानी जाती है।
- वैसे यह भी माना जाता है कि ड्रेसिंग टेलब या फिर आलमारी यदि शीशा लगा हो तो इन्हें कुछ इस तरह रखा जाए कि बेड पर सोने वालों का प्रतिबिंब इनमें न दिखाई दे। ऐसा होने से दांपत्य जीवन में कठिनाइयां आती हैं।
- अगर आप नया घर बनवा रहे हों और चाहते हैं कि बेडरूम के साथ अटैच्ड बॉथरूम की भी व्यवस्था हो तो इसे कमरे की उलर-पश्चिमी दिशा की ओर बनवा सकते हैं।
- बेडरूम में मद्धिम रोशनी की व्यवस्था जरूर रखनी चाहिए। यदि आपको नींद न आ रही हो या फिर कुछ देर जगने का इरादा हो तो नाइट लैंप इस लिहाज से अच्छा विकल्प माना जा सकता है।
- बेडरूम में टेलीविजन का साथ नींद में खलल डाल सकता है। ऐसे में इसे लिविंग रूम में ही रखना बेहतर रहेगा।
- बेडरूम की खूबसूरती बढ़ाने के लिए ताजे फूलों का गुलदस्ता रखा जा सकता है। इसके अलावा बेड की साइड टेबल्स पर नाइट लैंप की व्यवस्था भी कर सकते हैं।

